

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,मंगलवार 4 जून 2024 ■ ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष-12 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-067 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 5 जून 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112

# एनडीए आगे,इंडी अनुमानों से आगे

## रुझानों में एनडीए और इंडिया गठबंधन के बीच कांटे की टक्कर

## अबकी बार बस नैया पार...सहयोगियों के भरोसे रहेगी भाजपा सरकार

## केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मेनका गांधी और अजय कुमार टेनी सहित भाजपा के कुछ बड़े नाम पीछे चल रहे



**नई दिल्ली,4 जून। इस बार लोकसभा चुनाव के नतीजों ने तमाम अनुमानों-अटकलों को ध्वस्त कर दिया है। जिस तरह के रुझान आ रहे हैं इससे किसी भी नतीजे पर पहुंचना आसान नजर नहीं आ रहा है। मतगणना के अंतिम नतीजे के बाद ही असली तस्वीर सामने आयेगी। हकीकत तो यह है कि एनडीए और इंडी में कांटे की टक्कर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जादू चल नहीं पाया है। अलबत्ता मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,ओडिशा, आंध्रप्रदेश, हिमाचल प्रदेश,बिहार सहित कुछ छोटे राज्यों में भाजपा की इज्जत बची है। वहीं राजस्थान, उत्तरप्रदेश, पंजाब, हरियाणा जैसे राज्यों में बड़ा झटका लगा है। ठीक इसके विपरीत कांग्रेस के पक्ष में उम्मीद से बेहतर परिणाम सामने आये हैं। मतों की गिनती में भाजपा व कांग्रेस में पूरे समय आगे-पीछे की दौड़ चलती रही। भाजपा के चार सौ पार नारा हकीकत नहीं बन सका इन पंक्तियों के लिखे जाने तक पार्टी को 300 का आंकड़ा छूने के लाले पड़ गये थे।**

### बृजमोहन रिकार्ड मतों से आगे



रायपुर लोकसभा क्षेत्र ऐसा है, जहां भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल छठवें राउंड की गिनती तक ढाई लाख 50 हजार मतों की बढ़त बनाकर तयशुदा जीत हासिल करते नजर आ रहे हैं.वर्तमान में बृजमोहन शिक्षा मंत्री हैं तथा पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस के विकास उपाध्याय काफी पीछे चल रहे हैं।

### राजनांदगांव सीट से भूपेश पीछे



राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में ताल ठोक रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूसरी बार भी लोकसभा जाने की इच्छा भी अधूरी रहने के आसार हैं. सीट से भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय 10वें राउंड की गणना तक 32 हजार से अधिक मतों के अंतर से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आगे चल रहे हैं.

### महेश कश्यप चल रहे आगे



बस्तर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने जबरदस्त बढ़त बनाई है. महेश कश्यप 32 हजार से अधिक मतों से आगे चल रहे हैं. इस सीट पर भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप का सीधा मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा से है.

### चिंतामणी महाराज को निर्णायक बढ़त



छत्तीसगढ़ की 11 सीटों पर वोटों की गिनती जारी है. सरगुजा लोकसभा में 24 राउंड में वोटों की गिनती होनी है. 14 राउंड की गिनती के बाद बीजेपी प्रत्याशी चिंतामणि महाराज को निर्णायक बढ़त मिली है. 80958 वोट से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह पीछे चल रही.

### राठिया को बड़ी लीड



रायगढ़ में भाजपा से राधेश्याम राठिया और कांग्रेस से डॉ. मेनका सिंह मैदान पर हैं. अब तक की गिनती के बाद भाजपा प्रत्याशी राठिया को सबसे बड़ी बढ़त मिली है. वे 2 लाख 94 वोटों से आगे हैं.

### कमलेश जांगड़े आगे



छत्तीसगढ़ की एक मात्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जांजगीर लोकसभा की सीट पर 6 राउंड की गिनती पूरी हो चुकी है. अब तक की गिनती के बाद जांजगीर चांपा से भाजपा प्रत्याशी कमलेश जांगड़े 47,954 वोट से आगे चल रही. कांग्रेस प्रत्याशी शिव कुमार डहरिया को 353,672 वोट मिले हैं.

### ज्योत्सना महंत आगे



छत्तीसगढ़ की कोरबा लोकसभा सीट प्रदेश के 11 लोकसभा सीटों में से एक है. अब तक 11 राउंड की गिनती पूरी हो चुकी है, जिसमें कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत 17607 वोटों से आगे चल रहीं. ज्योत्सना महंत को 361422 और भाजपा प्रत्याशी सरोज पांडेय को 343815 वोट मिले हैं.

### रूपकुमारी चौधरी को जबरदस्त बढ़त



महासमुंद लोकसभा सीट में भाजपा लीड कर रही है. भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी 31087 वोटों से आगे चल रहीं हैं. इस सीट में भाजपा प्रत्याशी रूप कुमारी चौधरी का सीधा मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रधवज साहू से है. महासमुंद लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी को 2,67,786 वोट और कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू को 2,36,699 वोट मिले हैं. रूपकुमारी चौधरी 31087 मतों से आगे चल रहीं हैं.

### विजय बघेल आगे



दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए चल रही मतगणना में भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल अब निर्णायक बढ़त बनाते नजर आ रहे हैं. तीसरे राउंड को गिनती के बाद विजय बघेल 59204 वोट से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस के राजेंद्र साहू से आगे चल रहे हैं. उन्हें तीसरे राउंड को मिलाकर 119297 वोट मिल चुके हैं.



**कांकेर लोकसभा में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग आगे चल रहे हैं**



**बिलासपुर में भाजपा उम्मीदवार तोखन साहू बढ़त बनाए हुए हैं।**

लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए बहुमत की ओर बढ़ रही है, लेकिन 2019 के मुकाबले उसकी ताकत कम है, क्योंकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने मजबूत प्रदर्शन किया है, जिसमें उसके घटक दलों की बढ़त शामिल है और कांग्रेस भी महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई में मजबूती दिखा रही है। लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए बहुमत की ओर बढ़ रही है, लेकिन 2019 के मुकाबले उसकी ताकत कम है, क्योंकि विपक्षी इंडिया गठबंधन ने मजबूत प्रदर्शन किया है, जिसमें उसके घटक दलों की बढ़त शामिल है और कांग्रेस भी महत्वपूर्ण चुनावी लड़ाई में मजबूती दिखा रही है। चुनाव आयोग के रुझानों के अनुसार, भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए 295 सीटों पर आगे चल रहा है, इंडिया ब्लॉक 231 सीटों पर और अन्य 17 सीटों पर आगे हैं।भाजपा को हिंदी भाषी राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा में उसे नुकसान उठाना पड़ा है।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, मेनका गांधी और अजय कुमार टेनी सहित भाजपा के कुछ बड़े नाम पीछे चल रहे हैं। महाराष्ट्र में, भारत गठबंधन दलों ने सत्तारूढ़ गठबंधन को झटका दिया है जिसमें भाजपा शामिल है। भारत गठबंधन दल 30 सीटों पर आगे चल रहे हैं - कांग्रेस 12, शिवसेना (यूबीटी) 11 और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) 7. भाजपा 11 सीटों पर आगे चल रही है और उसके सहयोगी - शिवसेना पांच सीटों और एनसीपी एक सीट पर आगे चल रही है।हरियाणा में भी भाजपा ने पिछले दो लोकसभा चुनावों का अपना प्रभुत्व खो दिया और पांच सीटों पर आगे चल रही है। राज्य की अन्य पांच सीटों पर कांग्रेस भी आगे चल रही है। पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा को कड़ी टक्कर दी है और 31 सीटों पर आगे चल रही है। 2019 में 18 सीटें जीतने वाली भाजपा 10 सीटों पर और कांग्रेस एक सीट पर आगे चल रही है।

कांग्रेस पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के गृह राज्य गुजरात में भाजपा के वर्चस्व को कम करने में कामयाब रही। भाजपा जहां 23 सीटों पर आगे चल रही है, वहीं कांग्रेस दो सीटों पर आगे चल रही है। पार्टी शासित तेलंगाना और कर्नाटक में कांग्रेस ने अपनी उम्मीदों के मुताबिक प्रदर्शन नहीं किया। पंजाब में कांग्रेस सात, आप तीन, शिरोमणि अकाली दल एक और दो सीटों पर निर्दलीय आगे चल रहे हैं।

| भाजपा को राहत |
|---|
| मध्यप्रदेश |
| छत्तीसगढ़ |
| ओडिशा |
| आंध्रप्रदेश |
| बिहार |
| नई दिल्ली |
| **झटका** |
| राजस्थान |
| उत्तरप्रदेश |
| महाराष्ट्र |
| पश्चिम बंगाल |

### कांग्रेस ने मांगा मोदी से इस्तीफा

नई दिल्ली,4 जून। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से नैतिक जिम्मेदारी लेने और इस्तीफा देने का आग्रह किया क्योंकि लोकसभा चुनाव 2024 में 370 से ज्यादा सीटें जीतने का दावा करने वाली पार्टी बहुमत के आंकड़े 272 सीटों से भी पीछे है। भाजपा के नेतृत्व वाला एनडीए गठबंधन लगभग 298 सीटों पर आगे चल रहा है, जबकि 4 जून को 542 सीटों पर मतगणना जारी है, जबकि सभी एग्जिट पोल की भविष्यवाणियों को धता बताते हुए इंडिया ब्लॉक की बढ़त 227 सीटों को पार कर गई है। जयराम रमेश ने एक्स पोस्ट में लिखा कि वह दिखावा करता था कि वह असाधारण है। अब ये साबित हो गया है कि निवर्तमान प्रधानमंत्री पूर्व बनने जा रहे हैं। नैतिक जिम्मेदारी लें और इस्तीफ दें।

### राजनीतिक गुणा-भाग

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह से टेलीफोन पर चंद्रबाबू नायडू ने की चर्चा।**
- **कांग्रेस ने नीतीश कुमार व चंद्रबाबू नायडू की ओर फेंका पासा।नीतीश कुमार को उपप्रधानमंत्री बनाने का ऑफर जबकि नायडू से किया गया आंध्रप्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा।**
- **श्रीमती सोनिया गांधी गई प्रियंका गांधी के घर।**
- **पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने आज शाम कोलकाता में बुलाई बैठक।**
- **शरद पवार ने नीतीश कुमार व चंद्रबाबू से की चर्चा।**
- **स्टालिन चंद्रबाबू के संपर्क में।**
- **चंद्रबाबू बन सकते हैं एनडीए के संयोजक।**

### कांग्रेस के लिए ट्रंप कार्ड साबित हुए किशोरी लाल शर्मा

कांग्रेस के किशोरी लाल शर्मा फिलहाल अमेठी से आगे चल रहे हैं। बीजेपी की स्मृति ईरानी दूसरे स्थान पर हैं। ईरानी 2024 के लोकसभा चुनावों की सबसे प्रतिष्ठित लड़ाई में से एक में गांधी परिवार के भरोसेमंद लेफ्टिनेंट किशोरी लाल शर्मा के साथ कड़ी लड़ाई में सीट बरकरार रखने की कोशिश कर रही हैं। किशोरी लाल शर्मा के आगे चलने की वजह से अब अमेठी की खूब चर्चा हो रही है। इन सब के बीच प्रियंका गांधी का भी एक ट्वीट आया है। **प्रियंका गांधी ने एक्स पर लिखा कि किशोरी भैया, मुझे कभी कोई शक नहीं था, मुझे शुरू से यक़ीन था कि आप जीतोगे। आपको और अमेठी के मेरे प्यारे भाइयों और बहनों को हार्दिक बधाई!**

## बदल गई कश्मीर की हवा,हार की ओर उमर और महबूबा

जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद हुए पहले संसदीय चुनावों में राज्य की सियासी हवा बदलती नजर आ रही है। सात चरणों में हुए लोकसभा चुनावों की आज हो रही मतगणना में राज्य के दो पूर्व मुख्यमंत्री हार की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीट पर नेशनल कांफ्रेंस के मियां अल्ताफ पीडीपी की अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती से एक लाख 74 हजार 664 वोटों से आगे हैं। महबूबा के लिए यह बड़ा अंतर है।

दूसरी तरफनेशनल कांफ्रेंस के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी बारामूला सीट पर पिछड़ते दिख रहे हैं। इस सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार अब्दुल रशीद शेख उर्फइंजीनियर रशीद उनसे करीब 89000 वोटों से आगे चल रहे हैं। बहरहाल, घाटी की एक और सीट श्रीनगर से नेशनल कांफ्रेंस के उम्मीदवार आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी पीडीपी के वाहिद उर रहमान पारा से एक लाख 20 हजार वोटों से आगे चल रहे हैं। निर्वाचन आयोग के रुझानों के अनुसार, जम्मू संभाग के उधमपुर सीट से भाजपा उम्मीदवार और केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह करीब 59000 मतों से आगे चल रहे हैं जबकि जम्मू से मौजूदा सांसद जुगल किशोर शर्मा 103,136 मतों से बढ़त बनाये हुए हैं। कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों पर 50 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था। मतदान ने 1989 में आतंकवाद के सिर उठाने के बाद का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कश्मीर की तीन लोकसभा सीटों के लिए वोटों की गिनती मंगलवार सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। श्रीनगर, बारामूला और अनंतनाग-राजौरी के तीन निर्वाचन क्षेत्रों के लिए स्थापित चार मतगणना केंद्रों पर सुबह आठ बजे मतगणना शुरू हुई थी।

## मोदी के ये 6 मंत्री अपने ही गढ़ में हो रहे धराशायी

लोकसभा चुनाव परिणाम 2024 के लिए वोटों की गिनती शुरू हो गई है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, 528 सीटों पर आए रुझानों में भाजपा और कांग्रेस के बीच कांटे की टक्कर चल रही है। भाजपा नेतृत्व वाला एनडीए 270 सीटों पर आगे चल रहा है और बहुमत का पार कर गया है। जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाला इंडी गठबंधन 250 सीटों पर आगे चल रहा है। लोकसभा चुनाव परिमाण में इंडी गठबंधन एग्जिट पोल में लगाए गए अनुमान से कहीं बेहतर प्रदर्शन कर रहा है। आइए जानते हैं उत्तर प्रदेश और बिहार में कौन सी हैं वो 6 सीटें जिनपर मोदी के मंत्री अपने ही गढ़ में धराशायी होते दिख रहे हैं। भारतीय चुनाव आयोग द्वारा जारी रुझानों के अनुसार, एनडीए गठबंधन, जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) और जनता दल (यूनाइटेड) शामिल हैं, बिहार में आगे चल रहे हैं। भारत के चुनाव आयोग के अनुसार, बिहार में जनता दल (यूनाइटेड) 14 सीटों पर आगे है, जबकि भारतीय जनता पार्टी 11 सीटों पर आगे चल रही है। 2019 के चुनावों में, एनडीए को 353 सीटें मिलीं, जिनमें से अकेले भाजपा ने 303 सीटें जीतीं। विपक्षी यूपीए को केवल 93 सीटें मिलीं, जिनमें से कांग्रेस को 52 सीटें मिलीं थीं। बिहार की आरा लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आर के सिंह 18213 वोटों से पीछे चल रहे हैं, जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी सुदामा प्रसाद 71784 वोटों से अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। बिहार की उजियारपुर लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी नित्यानंद राय 2011 वोटों से पीछे चल रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता 123926 वोटों से अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। बिहार की बेगूसराय लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी गिरिराज सिंह 38 वोटों से पीछे चल रहे हैं, जबकि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अबोध कुमार रॉय 197185 वोटों से अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति ईरानी 50758 वोटों से पीछे चल रही हैं, जबकि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी किशोरी लाल 169827 वोटों से अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। उत्तर प्रदेश की लखीमपुर खीरी लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के अजय कुमार -3175 वोटों से पीछे चल रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उत्कर्ष वर्मा 271638 वोटों से अपनी बढ़त बनाए हुए हैं। उत्तर प्रदेश की चंदौली लोकसभा सीट पर भारतीय जनता पार्टी के डॉ महेंद्र नाथ पांडेय 9830 वोटों से पीछे चल रहे हैं, जबकि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी बीरेंद्र सिंह 311665 वोटों से अपनी बढ़त बनाए हुए हैं।

### अमित शाह, राजनाथ किरेण रिजिजू, अनुराग ठाकुर, कंगना समेत 53 कैंडिडेट ने जीत हासिल की

लोकसभा की 543 में से 542 सीटों पर काउंटिंग जारी है। इस बीच अब रिजल्ट आने का दौर शुरू हो गया है। शुरुआती रिजल्ट में 53 उम्मीदवारों ने जीत हासिल कर ली है। इसमें गृह मंत्री अमित शाह , अनुराग ठाकुर, किरेण रिजिजू, विप्लव देव समेत 9 उम्मीदवार हैं। जिसमें वाले उम्मीदवारों में से 38 बीजेपी, 11 इंडिया गठबंधन और 4 अन्य कैंडिडेट हैं। गृह मंत्री अमित शाह ने गांधी नगर सीट से रिकॉर्ड 5.50 लाख से ज्यादा मतों से जीत हासिल की है। वहीं किरेण रिजिजू ने अरुणाचल पश्चिम सीट से जीत हासिल की है। वहीं बीजेपी उम्मीदवार अनुराग ठाकुर ने हमीरपुर सीट से जीत हासिल कर ली है। इसके अलावे बीकानेर लोकसभा सीट से अर्जुन मेघवाल, तुरा लोकसभा सीट से कांग्रेस के सालेंग ए संगमा जीत गए हैं। मंजू शर्मा जयपुर बीजेपी,चरणजीत सिंह चन्नी जालंधर कांग्रेस,अर्जुन मेघवाल बीकानेर बीजेपी,शंकर लालवानी इंदौर बीजेपी, सालेंग ए संगमा तुरा कांग्रेस,कंगना रनौत मंडी बीजेपी।

## उठ गई नीतीश कुमार को पीएम बनाने की मांग

लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर सामने आए रुझानों के मुताबिक भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करती हुई नहीं दिखाई दे रही है। हालांकि, भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिला है। एनडीए में इस बार नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू की भूमिका काफी अहम रहने वाली है। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू इस वक्त एनडीए को सरकार बनाने के लिए काफी अहम होंगे। दावा किया जा रहा है कि इंडिया गठबंधन की ओर से भी इनसे संपर्क करने की कोशिश हो रही है। इन सब के बीच जदयू की ओर से नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री बनाने की मांग कर दी गई है। बिहार में अब तक नीतीश कुमार की पार्टी जदयू 16 में से 14 सीटों पर आगे चल रही है। जदयू का परफॉर्मेंस इस बार बढ़िया है। जेडीयू एमएलसी डॉ खालिद अनवर ने कहा कि नीतीश कुमार से



बेहतर पीएम कौन हो सकता है?...नीतीश कुमार एक अनुभवी राजनेता हैं जो समाज और देश को समझते हैं। और वह सभी लोकतांत्रिक संस्थाओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि हम अभी तो एनडीए गठबंधन का हिस्सा हैं, लेकिन पहले और आज भी लोग चाहते थे कि नीतीश कुमार पीएम बनें, आज के नतीजे के बाद लोगों की उम्मीदें बढ़ गई हैं। चूंकि इंडिया ब्लॉक और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सीटों की संख्या के बीच का अंतर उम्मीद से कम था, कांग्रेस ने चतुराई से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित सत्तारूढ़ गठबंधन के नेताओं को प्रस्ताव भेजा। नीतीश कुमार की जेडीयू बिहार में जिन 16 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ी उनमें से 14 पर आगे थी। उम्मीद थी कि चंद्रबाबू नायडू की टीडीपी भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी। दोनों के पास कुल मिलाकर लगभग 28 लोकसभा सीटें होंगी, जो लौकिक किंगमेकर बनने के लिए पर्याप्त हैं। जब वफादारी बदलने की बात आती है तो नीतीश कुमार का अतीत परेशानी भरा रहा है। कुछ ही महीने पहले, वह इंडिया ब्लॉक से भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले एनडीए में शामिल हो गए। विडंबना यह है कि यह कुमार ही थे जिन्होंने आंतरिक विरोधाभासों से भरे असंभावित गठबंधन को बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना 2568 वोटों से पीछे

झारखंड में लोकसभा चुनाव के नतीजों के साथ ही गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए मतगणना भी जारी है. फिलहाल सामने आए रुझान में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन 2568 वोटों से पीछे हो गई हैं. वहीं भाजपा के दिलीप वर्मा को बढ़त मिली है. वहीं निर्दलीय प्रत्याशी अर्जुन बैठा भी चुनावी मैदान में हैं। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद उनकी पत्नी कल्पना सोरेन ने राजनीति में प्रवेश किया है. इस चुनाव में उनकी जीत और हार से ही उनके राजनीतिक करियर का फैसला तय होगा. गांडेय लोकसभा सीट में कुल 3,16,214 मतदाता में से केवल 2 लाख 17 हजार 948 लोगों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। यानि 68.92 फीसदी वोटरों ने वोट दिया है, जिसमें 68.55 फीसदी पुरुष और 74.73 फीसदी महिलाओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। दक्षिण राजस्थान की यह हॉट सीट बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट से भारतीय आदिवासी पार्टी प्रत्याशी राजकुमार रोत 1,14,808 मतों से आगे चल रहे हैं. तो वहीं, भारतीय जनता पार्टी के महेन्द्रजीत सिंह मालवीया दूसरे नंबर पर चल रहे हैं. बता दें कि इस सीट पर 26 अप्रैल को दूसरे चरण के तहत मतदान हुआ है। बता दें कि 72.77 फीसदी मतदान हुआ था यहां, राजस्थान में दूसरा सबसे ज्यादा है।

## एक नजर

### फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी की अभिनव पहल



**भिलाई,4 जून।** दुर्ग जिले के खेलगांव पुरई की पहचान बन चुकी फ्लोटिंग विंग्स स्विमिंग एकेडमी स्विमिंग मे राष्ट्रीय पहचान बनाने के बाद पर्यावरण संरक्षण ,स्वच्छता अभियान के साथ अब इस भीषण गर्मी में परिंदों को पानी मिले इसलिए एक अभिनव कार्यक्रम शुरू किया है । फ्लोटिंग विंग्स के राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कोच ओम कुमार ओझा ने बताया कि परिंदों को इस भीषण गर्मी चिलचिलाती धूप में पीने के लिए पानी मिले इसलिए हर घर एक सकोरा परिंदों के लिए अभियान चला रहे हैं। इसके लिए प्लास्टिक के सुंदर सकोरे खरीदकर घरों में लगाने की पहल कर रहे हैं, जिससे इस भीषण गर्मी में परिंदों को दाना पानी देकर उनके जीवन बचा सकें। ओम कुमार ओझा ने कहा कि हर व्यक्ति इस अभियान से जुड़े तथा परिंदों को बचाने आगे आएं। फ्लोटिंग विंग्स के सभी सदस्य इस अभियान से जुड़कर अपने अपने घरों में सकोरे लगा रहे हैं परिंदों को दाना पानी उपलब्ध करा रहे हैं । एक सकोरा मात्र 49 रुपए में उपलब्ध हो रहा है । कृपया इस अभियान से जुड़े तथा सकोरा अपने घर पर लगाएं ।ये बेजुबान पक्षी दाना पानी ग्रहण कर अपनी भूख प्यास बुझाकर आपको आशीर्वाद देंगे ।फ्लोटिंग विंग्स के इस अभियान से जुड़े पर्यावरण संरक्षक एवम पक्षी प्रेमी डॉ विश्वनाथ पाणिग्राही ने कहा कि परिंदों का हमारे पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान है। फलों को खाकर उसके बीजों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाकर गिराते हैं। पानी गिरने पर वह बीज पौधा फिर वृक्ष ब नकर हमें भोजन ,प्राणवायु , दवाई ,छाया प्राणवायु ऑक्सीजन देता है। आइए हम इन्हें बचाएं। एक सकोरा घर ले जाएं परिंदों को दाना पानी दें।

### पत्नी ने आत्महत्या की, पति गिरफ्तार

**भिलाई,4 जून।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र दहेज के नाम पर प्रताड़ित होती पत्नी ने आत्महत्या कर लिया था मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है उसके खिलाफ पुलिस ने धारा 304 बी के तहत जुर्म दर्ज किया है स्मृति नगर चौकी प्रभारी पुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि 29 मई को पूनम घर पर अकेली थी पति अरूण प्रताप सिंह काम से बाहर गया था आरोपी पति रात को आकर देखा तो मकान का जाली दरवाजा भीतर से बंद था पूनम को आवाज लगाने पर भी दरवाजा नहीं खोल रही थी पति अरूण प्रताप सिंह ने दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश किया तो पत्नी फांसी पर लटकी मिली। पति ने उसे शंकराचार्य अस्पताल लेकर गया जहां अस्पताल के मेमो के आधार पर पुलिस में मर्ग कायम कर जांच में लिया मृतिका नवविवाहिता होने से मृतिका के शव का पंचनामा कार्रवाई कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से कराया गया डॉक्टरो के टीम से पीएम कराया और परिजनो का बयान भी लिया गया पुलिस ने जांच में पाया कि मृतिका का विवाह पति अरूण प्रताप सिंह से साल भर पहले हुआ था दहेज के रूप में कार नहीं लाने को लेकर पूनम को लगातार पति प्रताड़ित करता था पति से प्रताड़ित होने के बाद परेशान होकर पूनम ने फांसी लगा।

### महिला से दुष्कर्म,युवक गिरफ्तार

**भिलाई,4 जून।** भिलाई शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल दाखिला किया गया है आरोपी के खिलाफ पीड़िता ने मोहन नगर थाना में शिकायत दर्ज कराई थी शिकायत मिलते ही पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 376, 294, 506 के तहत अपराध दर्ज आरोपी की तलाश प्रारंभ कर दी थी कुछ ही घंटे के भीतर मोहन नगर प्रशिक्षु डीएसपी आकांक्षा पांडेय ने बताया कि पीड़िता का आरोपी ने शादी का प्रलोभन देते हुए शारीरिक शोषण किया था जब पीड़िता आरोपी पर शादी के लिए दबाव देने लगी तो आरोपी शादी से इनकार करते हुए गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगा पीड़िता ने आरोपी शिवपाल सिंह रायपुर निवासी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी आरोपी महिला को बहला फुसला कर दुष्कर्म गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दिया करता था महिला ने मोहन नगर में शिकायत की थी।

### 207 पौवा सहित दो गिरफ्तार



**भिलाई,4 जून।** भिलाई छावनी पुलिस ने अवैध रुप से बेचते 207 पौवा बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत 22 हजार से ज्यादा है छावनी टीआई चेतन चन्द्राकर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर बैकुण्ठधाम मैदान केम्प 2 में मो आजाद और के अंजली से एक हरे रंग के प्लास्टिक के बोरी में से 63 पौवा रोमियो देशी मदिरा मसाला एवं शराब बिक्री का रकम 700 रूपये भी बरामद किया गया। दोनों ने पूछताछ करने पर बताया कि बुज्जी उर्फ अब्बाती चन्द्रकला देवी ने इन्हें अपनी एक नीले रंग की स्कूटी और 25000 रूपये एवं 200-200 रूपये देकर शराब खरीद कर लाने कहा था। जो दोनों उसके नीले रंग की स्कूटी से 04 बोरी शराब लाए। बुज्जी ने 03 बोरी शराब को ज्ञानोदय स्कूल के अंदर सीढ़ी के नीचे छिपाकर रखना बताया और 01 बोरी शराब इन दोनों को बेचने के लिए दी थी। दोनों आरोपी को शराब के साथ बैकुण्ठधाम मैदान में छोड़कर अपनी स्कूटी लेकर चली गई। ज्ञानोदय स्कुल के अंदर सीढ़ी के नीचे जाकर देखे तो वहां 03 बोरियों में भारी मात्रा में शराब मिली जिसमें 01 प्लास्टिक की सफेद बोरी जिसमें 50 पौवा रोमियो देशी मदिरा मसाला, दूसरे हरे रंग की बोरी जिसमें 53 पौवा रोमियो देशी मदिरा मशाला, तीसरे प्लास्टिक की बोरी जिसमें 41 पौवा रोमियो देशी मदिरा मसाला बरामद किया गया दोनों आरोपियों से कुल 207 पौवा जब्त किया है प्रकरण की एक अन्य आरोपी बुज्जी उर्फ अब्बाती चन्द्रकला देवी फरार है जिसकी तलाश जा रही है।

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 4 जून।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई में बोर्ड परीक्षाओं कक्षा 10वीं एवं 12वीं में विद्यालय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक नोडल आर के बारले शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उतई तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्यालय के होनहार भूतपूर्व छात्र आशीष चंद्राकर असिस्टेंट मैनेजर कुसमुंडा ,कोरबा उपस्थित थे ।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां शारदा की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सभी अतिथियों ,गुरुजनों ,अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का पुष्प गुच्छ एवं तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया । मुख्य अतिथि बारले जी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें और आगे बढ़ाने की शुभाशीष प्रदान किए।सत्र 2015 कक्षा 12वीं बैच के होनहार विद्यालय एवं अंचल में टॉपर रहे आशीष चंद्राकर आज जिस मुकाम पर पहुंचे हैं उनके लिए विद्यालय परिवार का आभार मानते हुए बहुत-बहुत गौरवान्वित महसूस करते हुए अपने अनुजों को और मेहनत करते हुए अपने सपनों को पूरा करने का आशीर्वाद एवं स्नेह प्रदान किए ।प्रबंधन समिति के सचिव डी एल सिन्हा ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा कि यह अंतिम इम्तिहान नहीं है अभी जीवन में बहुत सारे ऐसे अवसर आएंगे जिममें और उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं अपने अभिभावकों का नाम रोशन करना है। विद्यालय



के प्राचार्य के आर सिन्हा ने सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि अगर काम में जुनून हो तो दिमाग भी अपनी पूरी क्षमता से काम करता है । अतः हम सब पूरी लगन एवं जुनून के साथ कार्य करें एवं और बेहतर से बेहतर करके दिखाएं।कार्यक्रम में समिति के संरक्षक श्रीमती चंदा देवी सिन्हा पालक शिक्षक समिति के सदस्य दामेश्वर प्रसाद साहू, श्रीमती टोमिन साहू पूर्व सदस्य छत्रपाल राजपूत अभिभावक देव कुमार साहू विसहत साहू, प्रदीप कुमार बारले धर्मेंद्र देवांगन श्रीमती डिलेश्वरी परीक्षा प्रभारी एन के चंद्राकर उप प्राचार्य शांत सोनवानी ,अनीता अहीर प्रधान पाठक शरणजीत कौर एस आर सेन एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित होकर सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# स्व सहायता समूह की महिलाओं को घरों से कचरा एकत्र कर बेचने से हो रही है बड़ी आमदनी

**भिलाई, 4 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत एल.एल.आर.एम. सेंटर पर प्रतिदिन घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे का एकत्रीकरण कार्य किया जा रहा है। उन कचरों को परिष्कृत कर अलग-अलग रूप में बांटा जाता है। स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निकलने वाले कचरे को बेच दिया जाता है जिससे उनकी आय होती है। इसी के आमदनी से उनका घर चलता है। यही कचरा रीसायकल के द्वारा पुनः वस्तु के रूप में हमारे सामने आ जाता है जिसे हम लोग पुनः उपयोग करते हैं। हमारे इतने प्रयास से शहर साफ-सुथरा एवं स्वच्छ-सुन्दर बन जाएगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र में घरों से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे को निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर यानी सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट में एकत्रीकरण करने के निर्देश दिये हैं। निगम क्षेत्र में 9 एल.एल.आर.एम. सेंटर बनाये गये हैं जिसमे जोन-01 क्षेत्र के नेहरू नगर रैश्ने आवास, राधिका नगर, 11वीं बटालियन के पास, पीली मिट्टी चैंक, नेहरू नगर पूर्व



में स्थापित है इसी प्रकार जोन-2 के ट्रेंचिंग ग्राउण्ड के पास, जोन-03 के मदर टेरेसा नगर संतोषी पारा, जोन-4 के आई.टी.आई. के पीछे कचरा एकत्रीकरण का कार्य जारी है। कचरे का संग्रहण कर मशीन के माध्यम से खाद बनाने का कार्य भी निगम द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई ने शहर में निवासरत नागरिकों से अपील किया है की अपने घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे को अलग-अलग डिब्बे में डालकर निगम की कचरा एकत्र करने वाली टीम को दें। एक साथ सब प्रकार का कचरा डाल देने से बदबू फैलता है जिस शहर में प्रदूषण बढ़ता है। हमारी माताएं बहने जब व्यापारी वर्ग बस इतना करें कि अपने घरों में दुकान दुकानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डब्बे में डालकर सफाई कर्मचारी को दिया करें, जिससे कचरे का संग्रहण करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।



## विश्व पर्यावरण दिवस पर केंद्रित ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

**भिलाई, 4 जून ।** भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग द्वारा भिलाई निवास में पर्यावरण जागरूकता हेतु ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में प्राइमरी, मिडिल एवं हायर सेकेंडरी / सीनियर सेकेंडरी श्रेणियों में, विभिन्न बीएसपी विद्यालयों से लगभग 170 प्रतिभागियों ने भाग लिया। 5 जून को आयोजित विश्व पर्यावरण दिवस समारोह में प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं 3 सांत्वना पुरस्कारों से सम्मानित किया जायेगा। इस प्रतियोगिता में महाप्रबंधक (शिक्षा-टीएसडी) श्रीमती शिखा दुबे ने उपस्थित होकर सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।



## गंदगी फैला रहे भैंस खटालों पर की गई कार्रवाई

**भिलाई, 4 जून।** निगम भिलाई क्षेत्र के वार्ड 27 शास्त्री नगर में नाली में गंदगी फैला रहे तीन भैंस खटाल मालिकों पर कार्रवाई की गई। उनसे 4500 रुपया का चालानी कार्रवाई भी किया गया है। सनद रहे कि भैंस खटाल संचालक बार-बार मना करने के बाद भी नहीं मानते हैं। नाली में गोबर फेंकते हैं, नाली जाम कर देते हैं, कचरा सड़क पर कचरा फैला देते हैं। नगर निगम भिलाई द्वारा कई बार कार्रवाई की गई। इस बार 3 दिन का समय उनके द्वारा मांगा गया है। 3 दिन के बाद अगर भैंस खटाल नहीं हटेगा तो उन्हें विशेष कार्रवाई करते हुए उन्हें हटा दिया जाएगा। गाय भैंस भी की भी जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। गंदगी फैलाने वाले पंकज यादव, मनोज यादव, अजय यादव, इंदिरा यादव, लखन लाल यादव सभी ने अपने भैंस खटाल हटाने के लिए 3 दिन का समय मांगा है जो उन्हें दिया गया है। इस कार्रवाई के दौरान ज़ोन 2 कमिश्नर येशा लहरे, ज़ोन 2 स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा, सुपरवाइजर अंजनी सिंह के द्वारा कार्रवाई की गई है। नगर निगम भिलाई एक तरफ सफाई अभियान चला रहा है दूसरे तरफ खटाल मलिक गंदगी फैला रहे है।

## लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन के लिए फाइनेंशियल परफॉर्मेंस पर संवाद कार्यक्रम आयोजित



भिलाई, 4 जून। सेल- भिलाई इस्पात संयंत्र के बिजनेस एक्सीलेंस विभाग द्वारा, लार्ज ग्रुप इंटरेक्शन हेतु फाइनेंशियल परफॉर्मेंस पर संवाद कार्यक्रम का आयोजन सोमवार को सिविक सेंटर स्थित महात्मा गांधी कला मंदिर में किया गया। यह आयोजन संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर संयंत्र के कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय, कार्यपालक निदेशक अजय कुमार चक्रवर्ती, कार्यपालक निदेशक ए के पंडा, कार्यपालक निदेशक समीर स्वरूप, कार्यपालक निदेशक पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक के रामाकृष्णा एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ एम रविन्द्रनाथ मंचासीन थे। सभा को संबोधित करते हुए, संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने कहा कि भिलाई की टीम जो ठान ले, उसे हासिल कर लेती है। उन्होंने कहा कि आपको सीएसआर गतिविधियों में शामिल होकर समाज से प्राप्त महत्वपूर्ण आवश्यकताओं के लिए समाज को कुछ वापस देने में भी अपना योगदान देना चाहिए। हमने लाभ कमाने के बारे में बात की ताकि हम सभी सामूहिक रूप से विकसित हों। संयंत्र के निदेशक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता एवं उपस्थित सभी कार्यपालक निदेशकों ने संवाद सत्र में अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिए। धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक मनोज कुमार दुबे द्वारा दिया गया एवं कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक सुश्री सुष्मिता पाटला द्वारा किया गया।

## छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसो. ने शुरू की शीतल जल और शरबत सेवा



**भिलाई, 4 जून।** छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन ने भीषण गर्मी में लोगों को राहत प्रदान करने व लू से बचाने के लिए सभी ट्रक ड्राइवर और ट्रांसपोर्ट सुपरवाइजर और यहां से आने जाने वाले आम नागरिकों के लिए प्रदेश की सभी सीमेंट प्लांट में शीतल जल और शरबत सेवा प्रारंभ की गई है। एसोसिएशन के संरक्षक इन्द्रजीत सिंह छोटू ने इस सेवा के लिए पदाधिकारियों एवं सदस्यों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। इस सेवा के लिए छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष अंजय शुक्ला द्वारा प्लांट वार सदस्यों को जिम्मेदारी दी गई है। जहाँ जे के लक्ष्मी सीमेंट प्लांट के लिए मलकीत सिंह लल्लू को इसकी जिम्मेदारी दीगई है वहीं सीमेंट में सनोज सिंह, हिरमी आकाश गिलानी, रावन रितेश जैन, बैकुंठ महेंद्र सेठिया, रिसदा नुवोको गणेश जायसवाल, एसीसी में संदीप सिंह, विनोद सिंह, अम्बुजा में विजय शर्मा, कुकुर्दी जगदीश सिंघानिया, अरसमेता नुवोको, अरुण तुलस्यान को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। उक्त सेवा सुचारू रूप से चालू रहे इस हेतु अध्यक्ष अंजय शुक्ला सहित अशोक जैन, सुधीर अग्रवाल, इंद्रजीत सिंह, अमित सूरी, अनुराग जैन ,सुमित अग्रवाल सहित छत्तीसगढ़ सीमेंट ट्रांसपोर्ट वेलफेयर एसोसिएशन के समस्त सदस्य प्रयासरत हैं।

## पीसीबी प्लांट में सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



**भिलाई, 4 जून ।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा, अपने अत्याधुनिक पॉली क्लोरो बाई फिनाइल (पीसीबी) डिस्ट्रक्शन प्लांट में व्यापक सुरक्षा जागरूकता अभियान संपन्न हुआ। यह पहल बीएसपी में एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य वातावरण को बनाए रखने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। मुख्य महाप्रबंधक एवं कारखाना प्रबंधक दिव्येंदु लाल मोइत्रा ने कहा हमारे कर्मचारी हमारी सबसे मूल्यवान संपत्ति हैं, और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि यह अभियान एक सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जहां हर कोई सुरक्षित महसूस करता है और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए सशक्त होता है। हमें विश्वास है कि कर्मचारियों की सहभागिता के माध्यम से हम कार्यस्थल पर शून्य दुर्घटनाओं के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। महाप्रबंधक एवं विभागीय सुरक्षा अधिकारी श्री के प्रवीन द्वारा यह प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया।

# गरीबों के लिए बहुत बड़ा सहारा है प्रधानमंत्री आवास योजना

**भिलाई, 4 जून।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान का निर्माण हो रहा है जिसमें ऐसे हितग्राही जिनके पास मकान नहीं है बरसो से किराये के मकान में रहते है ऐसे समस्त हितग्राहियो को पात्रता एवं नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान आवंटित नगर निगम भिलाई क्षेत्र में पूरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। अभी तक नगर निगम भिलाई में अब तक कुल 1741 मकानो का आबंटन हितग्राहियो को किया जा चुका है वर्तमान में 3709 आवासों का आबंटन करने का लक्ष्य है जो प्रक्रिया में है। यह एक महत्वाकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना में खम्हरिया के आबंटिती 55 वर्षीय कौशल्या साहू ने बताया कि सपने में भी हमने नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा मकान मिलेगा जिसमे रहने का कमरा, शौचालय, नहाने का बाथरूम, रसोई का कमरा अलग-अलग होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक भिलाई निगम क्षेत्र के जुनवानी, खम्हरिया, कुरूद, आम्रपाली के पीछे शांतिनगर में मकानों का निर्माण किया जा चुका है। इन मकानो में आवासीय उपयोग की समस्त सुविधाएं पानी, बिजली, शौचालय आदि उपलब्ध हैं। ऐसे मकान जो प्राइवेट कालोनीयो में महंगे दर पे मिलते हैं वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मात्र 3.25 लाख रु में उपलब्ध हैं। आवश्यकतानुसार बैंकों के माध्यम से लोन की भी सुविधा उपलब्ध है। ग्राम खम्हरिया निवासी संतोषी बाई ताम्रकार ने बताया जब मैं घरो मे काम करने जाती थी तब सोचती थी मेरे भी भाग्य में भी ऐसा मकान होगा क्या। मैं खुश हूँ कि भले ही मेरा मकान साहब लोगों से छोटा है। नीचे गाड़ी रखने एवं बालकनी की सुविधाएं भी इसमे है जो उनके घरो में है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रधानमंत्री



आवास योजना का स्वतः संज्ञान लेते हुए औचक रूप से निर्माणाधीन स्थल पर पहुंच जाते हैं गुणवत्ता हो रहे काम आदि का निरीक्षण करते हैं सभी को यह भी दिशा निर्देश देते हैं कि मकान समय अवधि में पूर्ण हो जिससे हितग्राहियों को समय अवधि में मकान उपलब्ध हो सके। प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन का सभी हितग्राहियों से अपील है कि आपको जो लॉटरी द्वारा आवास आबंटन हुआ है उसका शेष बकाया राशि निगम कोष में शीघ्र जमा करें ताकि आपको जल्द से जल्द आवंटित आवास का चाबी दिया जा सके और आप किराये से निजात पा सकें।

## पर्यावरण दिवस पर ईश्वरीय विश्वविद्यालय ने किया पौधरोपण



**भिलाई, 4 जून।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा रिसाली मैत्री कुंज स्थित प्रभु प्राप्ति भवन में वृक्षारोपण कर विश्व पर्यावरण मनाया गया। सीनियर एनवायरमेंट साइंटिस्ट डॉक्टर अनीता सांवत ने वृक्षारोपण करने के बाद कहा कि दुनिया भर के वैज्ञानिकों के अनुसार धरती पर अब ग्लोबल वार्मिंग समाप्त होकर ग्लोबल बॉयलिंग की शुरुआत हो चुकी है इसके प्रभाव से बचने के लिए हर एक व्यक्ति को एक पौधा लगाकर उसे वृक्ष बनने तक सुरक्षित करना होगा। तब ही हम आने वाली जनरेशन को बेहतर जीवन प्रदान कर सकेंगे। भिलाई सेवा केंद्रों की निदेशिका ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने वृक्षारोपण के पश्चात कहा कि जून जुलाई का समय वृक्षारोपण के लिए सही समय है, थोड़ी सी सुरक्षा से बारिश और ठंड में फरवरी मार्च तक हमारा लगाया गया पौधा वृक्ष का स्वरूप ले लेता है। जिस प्रकार प्रकृति हमारी बच्चे के रूप में पालना करती है, हमें भी उसका रिटर्न एक पौधा लगाकर उसे बड़ा करना है, ये समय की मांग है, प्रकृति का विकराल रूप का असर विश्व के पर्यावरण में दिख रहा है। प्रकृति को भी राजयोग द्वारा प्रेम शांति को देना है।

### निःशुल्क स्टील बैंक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में देगा अहम योगदानः नरेन्द्र देवांगन

**कोरबा, 4 जून ।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र के गेवरा बस्ती में सुनीता मिरी निशुल्क स्टील बैंक का शुभारंभ कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा की सरकारी स्तर पर लंबे समय से 'सिंगल यूज प्लास्टिक' और थर्मोकोल के उपयोग पर रोक लगाने की बात कही जाती है, लेकिन अब तक इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं लग सका है। इस कारण इनका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। दूसरी बात यह भी है कि लोगों के पास प्लास्टिक का कोई सरल और सस्ता विकल्प भी नहीं है।

एक नजर

## कचना बीएसयूपी कॉलोनी में रात्रि में नाले में गिरे बैल को सुरक्षित बाहर निकाला



**रायपुर 4 जून।** विगत रात्रि नगर पालिक निगम जोन नम्बर 9 के तहत कचना बीएसयूपी कॉलोनी आवासीय क्षेत्र के रहवासियों ने नाला में एक बैल के अचानक गिर जाने की जानकारी नगर पालिक निगम रायपुर को दी. इस जानकारी को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर श्री संतोष पाण्डेय के निर्देश पर नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम काऊ कैचर वाहन लेकर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री आत्मानंद साहू, स्वच्छता निरीक्षक श्री महेंद्र कलिहारी, स्वच्छता पर्यवेक्षक श्री भोला तिवारी की उपस्थिति में तत्काल सम्बंधित नाला के स्थल पहुंची एवं अग्निशमन विभाग की टीम के साथ मिलकर कचना बीएसयूपी नाला में अचानक गिरे बैल को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। कचना बीएसयूपी कॉलोनी आवासीय क्षेत्र के रहवासियों द्वारा नाला में अचानक गिरे बैल को बाहर सुरक्षित निकाले जाने के इस कार्य को लेकर नगर निगम जोन क्रमांक 9 के स्वास्थ्य विभाग की काऊ कैचर टीम सहित अग्निशमन विभाग की टीम की सराहना की गयी।

## निगम ने पासपोर्ट ऑफिस के पास सफाई करवाकर जनशिकायत का निदान किया



**रायपुर 4 जून।** आज नगर पालिक निगम रायपुर में प्राप्त सफाई से सम्बंधित जनशिकायत को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर पालिक निगम के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा दिये गए आदेशानुसार नगर निगम जोन 5 जोन कमिश्नर श्री विमल शर्मा के निर्देश पर जोन स्वास्थ्य अधिकारी श्री संदीप वर्मा ने तत्काल 6 सफाई कामगारों का गैंग भेजकर डीडी नगर क्षेत्र में पासपोर्ट ऑफिस के पास विशेष सफाई अभियान चलाकर कचरा उठवाकर स्वच्छता कायम करते हुए प्राप्त जनशिकायत का त्वरित निदान किया।

## गरीबनवाज स्कूल में समर कैंप आयोजित



**रायपुर 4 जून।** इस भी गरीब नवाज एजेकेशन सोसाइटभ्‍ बैजनाथपारा द्वारा निशुल्क समर क्लस का अयोजन गरीब नवाज हाई स्कूल बैजनाथपारा में किया गया। जिसमें शहर के सभी स्कूलों से करीब 120 बच्चों ने भाग लिया। इस समर कैंप में बच्चों को कैलोग्राफी, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, उर्दू स्पोकन इंग्लिश जैसे विषय पढ़ाये गए साथ ही बच्चों को अन्य एक्टिविटी भी कराई गई। कैंप के समापन में बच्चों को सर्टिफिकेट और इनाम से नवाजा गया। इस मौके पर स्कूज के चेयरमैन डॉ मुजाहिद अली फारूकी, प्रिसिपल मोहम्मद शमशुद्दीन, इरशाद खान मोहम्मद अजहर, शमीमा परवीन मौजूद थे।

## जल स्त्रोतों का किया जाए क्लोरिनेशन

**रायपुर, 4 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने वर्षाजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने मानसून के दौरान संभावित बीमारियों की रोकथाम के लिए अधिकारियों को राजधानी से लेकर ग्राम पंचायत तक लगातार सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी आवश्यक जीवन रक्षक दवाईयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने हैंडपंप, नलकूप, एवं जल स्त्रोतों की मरम्मत, साफ-सफाई और क्लोरिनेशन कराने के भी निर्देश दिए हैं। ब्लीचिंग पाउडर और क्लोरिन टैबलेट की पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हों। मुख्यमंत्री ने वर्षाजन्य बीमारियों एवं अन्य समस्याओं से निपटने के लिए प्रशासनिक अमले के साथ लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी, नगरीय निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के अमले को अलर्ट रहने को कहा है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि बरसात के मौसम में उल्टी-दस्त, मलेरिया आदि मौसमी बीमारियों के होने की ज्यादा आशंका रहती है। पेयजल स्त्रोतों की सफाई जैसे छोटे-छोटे उपायों से इन बीमारियों के प्रकोप से बचा जा सकता है। राज्य में संक्रामक बीमारियों की दृष्टि से संवेदनशील गांवों और इलाकों में स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा लगातार निगरानी रखी जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि जशपुर अंचल सहित ऐसे क्षेत्र जहा सर्पदंश के मामले ज्यादा आते हैं उन इलाकों में बचाव के लिए लोगों को जागरूक किया जाए।

# हैवी ट्रैफिक ने ली मासूम की जान

### शहर के बाईपास का मुद्दा फाइलों में ही

- ब्लाइंड स्पॉट टीम ने भी शहर के 6 स्थान को यातायात के लिए बताया जा चुका है खतरनाक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 4 जून।** रविवार देर रात कचहरी मोड़ पर अपनें ननिहाल आई घुमका पटेवा निवासी तीन वर्षीय मासूम बच्ची का ट्रक के पिछले चक्के में आ जाने से दर्दनाक मौत हो गई । इस घटना के बाद आसपास के लोगों के द्वारा मुख्य मार्गो को कई घंटे तक जाम कर दिया गया था। प्रशासनिक हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। घटना में रूपेंद्र साहू की बेटी निधि साहू जो 3 वर्ष की थी। जिसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। जो अपने ननिहाल आई हुई थी। उसके मामा अपने दो बच्चों के साथ उसे भी शहर में घुमाने निकले थे जब यह घटना हों गई । इस घटना के बाद शहर के इस मुख्य सड़क में एक से डेढ़ घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही । प्रशासनिक अधिकारियों ने मौके की नजाकत को देखते हुए स्थानीय लोगों को हर संभव समझने का प्रयास किया। जिसके बाद डेढ़ घंटे का जाम को धीरे-धीरे सामान्य किया गया। वही इस घटना के बाद भाजपा शहर अध्यक्ष अमित जैन भी प्रशासन पर अपनी नाराजगी जताई। उन्होंने गर्मजोशी के साथ प्रशासन को नसीहत दी की। यहां के लोगों ने मुख्य मार्ग में काफी आगे तक अतिक्रमण कर लिया है। जिससे इस मोड़ में आने जाने वाले राहगीरों को दूसरी ओर का रास्ता नहीं दिखता । प्रशासन को चाहिए कि इस प्रमुख मार्ग में अवैध कब्जे को हटाया जाए। जिससे आने वाले समय में फिर ऐसी कोई दुर्घटना ना हो। स्थानियों के माने तो आज से दो माह पूर्व भी ऐसी ही दुर्घटना देर शाम नया बस स्टैंड के सामने भी हुई थी। जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई।

**टोल बचाने के लिए बड़े वाहन करते हैं इस मार्ग का उपयोग:** कोरोना कल के बाद से इस मार्ग में बड़े वाहनों की लगातार इजाफा हो रहा है। जिस मार्ग में कभी लग्जरी बसें नहीं चलती थी. उस मार्ग में 15 से 20 लग्जरी बसें फर्राटेदार दौड़ रही है। शोरूम से निकले बड़े वाहन टोल बचाने के चक्कर में इस मार्ग का उपयोग कर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को बिगाड़ रहे हैं । जिस पर प्रशासनिक हस्तक्षेप कहीं भी नहीं दिखता । महाराष्ट्र बॉर्डर से लगा हुआ यह शहर तीन अलग-अलग राज्य जाने के लिए यात्रियों का सुगम मार्ग बन गया है।

**शहर का बाईपास का मुद्दा फिर कहीं फाइलों में खो गया:** बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए बाईपास का मुद्दा फिर से शहर वासियों के बीच उठने लगा है। जनप्रतिनिधियों की माने तो 2 वर्ष पूर्व बाईपास बनानें का प्रपोजल शासन को जा चुका है, लेकिन इस सरकार में यह फाइल दफ्तरों में धूल खा रही है। पूर्वोत्तर सरकार में जब प्रपोजल बनाया जा रहा था तो उसे दौरान ऐसी चर्चा जनमानस में थी कि शहर से 5 किलोमीटर दूर से ही भारी वाहनों को डायवर्ट करते हुए सीधा बनारा कला तक यह बाईपास बनेगा । परंतु यह प्रपोजल सर्वे के बाद से ठंडा बसते में चला गया है ।

# दूरदर्शन टी-20 विश्व कप मैचों का प्रसारण करेगा

**रायपुर 4 जून।** प्रसार भारती ने आज घोषणा की है कि वह वेस्टइंडीज और अमेरिका में आयोजित होने वाले टी-20 विश्व कप का प्रसारण 2 जून से डीडी फ्री डिश प्लेटफॉर्म पर करेगा। दूरदर्शन टी-20 विश्व कप के उच्च स्तरीय कवरेज के बाद कई प्रमुख वैश्विक अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों का प्रसारण करेगा। इसमें पेरिस ओलंपिक खेल 2024 (26 जुलाई- 11 अगस्त 2024), पेरिस पैरालंपिक खेल (28 अगस्त- 8 सितंबर 2024), भारत बनाम जिम्बाब्वे (6 जुलाई -14 जुलाई 2024) और भारत बनाम श्रीलंका (27 जुलाई -7 अगस्त 2024) के बीच अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट श्रृंखला और फ्रेंच ओपन 2024 (8 और 9 जून 2024) और विंबलडन 2024 (13 और 14 जुलाई 2024) के महिला और पुरुष फाइनल का लाइव/ स्थगित लाइव और मुख्य आकर्षण शामिल हैं। यह घोषणा प्रसार भारती के सीईओ श्री गौरव द्विवेदी ने आज नई दिल्ली में मीडिया के साथ एक बातचीत के दौरान की। इस बातचीत के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय में सचिव श्री संजय जाजू ने प्रसार भारती के चेयरमैन श्री नवनीत कुमार सहगल, प्रसार भारती के सीईओ श्री गौरव द्विवेदी और दूरदर्शन की महानिदेशक सुश्री कंचन प्रसाद के साथ मिलकर टी-20 विश्व कप के लिए श्री सुखविंदर सिंह द्वारा गाया गया विशेष गीत 'जज्बा' लॉन्च किया। सचिव ने प्रसिद्ध स्टोरी टेलर श्री नीलेश मिश्रा की आवाज में कहे गए भव्य टी-20 इवेंट का प्रोमो भी लॉन्च किया। उल्लेखनीय है कि दूरदर्शन ने डीडी स्पोर्ट्स पर अपना कंटेंट दिखाने के लिए एनबीए और पीजीटीए जैसी अग्रणी वैश्विक खेल संस्थाओं के साथ समझौता किया है। एनबीए की लोकप्रिय ई-स्पोर्ट्स प्रॉपर्टी एनबीए 2के लीग के मैच डीडी स्पोर्ट्स चैनल पर प्रसारित किए जाते हैं। प्रसार भारती अपने स्पोर्ट्स चैनल पर विभिन्न खेल लीग और स्पर्धाओं को दिखाने के लिए विभिन्न खेल संस्थाओं और एजेंसियों के साथ बातचीत के अग्रिम चरणों में है। जैसे ही हम इन साझेदारियों को पक्का करेंगे, हम मीडिया को इस बारे में जानकारी देंगे। श्री गौरव द्विवेदी ने उपस्थित लोगों को मंगलवार को मतगणना प्रक्रिया के लिए दूरदर्शन और आकाशवाणी द्वारा किए गए व्यापक प्रबंधों के बारे में भी जानकारी दी। पिछले वर्ष के दौरान, डीडी स्पोर्ट्स ने देश भर में आयोजित कई खेल आयोजनों को प्रसारित किया। इसमें अष्टलक्ष्मी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (पूर्वोत्तर के आठ राज्य), तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स, गोवा में राष्ट्रीय खेल, नई दिल्ली में खेलो इंडिया पैरा गेम्स और गुलमर्ग एवं लेह में खेलो इंडिया विंटर गेम्स के उद्घाटन संस्करण शामिल थे। डीडी स्पोर्ट्स पर इनके प्रसारण के अलावा, इन खेलों की फीड देश के प्रमुख निजी चैनलों जैसे स्टार स्पोर्ट्स, जियो सिनेमा और सोनी नेटवर्क के साथ साझा की गई थी। दूरदर्शन के दल ने चीन में हांग्जो एशियाई खेलों के क्रिकेट मैचों- पुरुष और महिला दोनों क्रिकेट मैचों का विश्व फीड तैयार किया। डीडी टीम द्वारा ग्राउंड जीरो से तैयार की गई विश्व फीड का प्रसारण एशिया के कई देशों में किया गया। अगस्त, 2023 में भारतीय क्रिकेट टीम के वेस्टइंडीज दौरे के लिए दूरदर्शन के पास सभी प्लेटफार्मों के टेलीविजन प्रसारण अधिकार थे।

# मुख्य मार्ग पर एक और हादसे में पुलिस आरक्षक की मौत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगांव 4 जून।** डोंगरगांव-चौकी मोहला मानपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम खुर्सीटिकुल के पास रविवार रात्रि लगभग 8 बजे मोहला लाइन मे पदस्थ आरक्षक महेंद्र चेरामे की सड़क दुर्घटना मे मौत हो गयी। घटना किस प्रकार हुई ये अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी अनुसार डोंगरगांव से कुछ दुरी पर चौकी मोहला मानपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम खुर्सीटिकुल के पास मोहला लाइन मे पदस्थ आरक्षक महेंद्र चेरामे पिता दया राम उम्र 36 वर्ष मोहला लाइन से अपनी ड्यूटी ख़त्म कर अपनी मोटरसाइकिल से राजनांदगाव स्थित अपने घर जा रहा था तभी अचानक ग्राम खुर्सीटिकुल के पास सड़क हादसे का शिकार हो गया , हादसे मे घायल सड़क किनारे पड़े युवक पर ग्रामीणों की नज़र पड़ी जिसके सर से बहुत ज्यादा ही खून बह गया था तथा घायल युवक बेहोश था जिसके बाद ग्रामीणों ने ही पुलिस और 108 एम्बुलेंस को काल किया तब घायल को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र डोंगरगांव लाया गया जँहा प्राथमिक इलाज़ मे पता चला की हादसे मे युवक के सर, एवं पैर मे गंभीर चोटे आयी है प्राथमिक इलाज़ के बाद उसे राजनांदगाव रेफेर कर दिया गया मगर राजनांदगाव ले जाते हुए रास्ते मे ही युवक की मृत्यु हो गयी। हादसा कैसे हुए ये अभी तक पता नहीं चल सका है। हादसे मे मृत आरक्षक की 1 पुत्री 7 वर्ष एवं 1 पुत्र 9 वर्ष है पुलिस के अनुसार, दुर्घटना कैसे हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। मृतक ने हेलमेट नहीं पहना था जिस कारण सर मे गंभीर चोट आयी। शव को पीएम के लिए भेजने के साथ मृतक के स्वजन को दुर्घटना के विषय में जानकारी दे दी गई है।



## कालोनियों में सफाई एवं निर्माण कार्य देख आयुक्त ने बरसात के पूर्व नाली नालो की सफाई के दिये निर्देश

**राजनांदगांव 4 जून।** प्रातः कालीन सफाई एवं निर्माण कार्य निरीक्षण की कडी में नगर निगम आयुक्त श्री अभिषेक गुप्ता आज प्रातः अधिकारियों के साथ भरकापारा, पुराना बस स्टैण्ड, कैलाश नगर, मठपारा,शिवनाथ कालोनी, गुजराती कालोनी, कंचनबाग क्षेत्र में सफाई व्यवस्था एवं निर्माण कार्य का जायजा लेकर निर्माण कार्य समय में पूर्ण कर, कालोनियों में सफाई व्यवस्था दुरूस्त कर बारिश के पूर्व बड़े नाली नालो की सफाई करने के निर्देश दिये। सफाई निरीक्षण में आयुक्त श्री गुप्ता भरकापारा एसएलआरएम सेन्टर पहुच सेन्टर प्रभारी से जानकारी लेकर हाजरी रजिस्टर की जॉच करते हुये कहा कि सेन्टर में एकत्रित अनुपयोगी समान का जल्द निपटन करे, लोगों को स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे और नियमित रूप से यूजर चार्ज वसूली करे। इंदिरा सरोवर के चारों ओर साफ सफाई रखने कटीली झाडिया काटने के निर्देश दिये, तालाब में गंदगी नहीं फैलाने लोगों को समझाईस देवे, सरोवर के पास स्थित मंदिरों के आस पास साफ सफाई रखे, सरोवर के पास के नाला तथा कैलाश नगर यूनाईटेड हास्पिटल के पीछे का नाला के अलावा अन्य नालो की अच्छे से सफाई की जावे, ताकि बरसात में पानी भरान की स्थिति निर्मित न हो। साथ ही कालोनियों में नियमित साफ सफाई कर लागो को भी कालोनी में साफ सुथरा रखने, स्वच्छता अपनाने समझाईस देवे। आयुक्त श्री गुप्ता निर्माण कार्य निरीक्षण के दौरान कैलाश नगर में सीमेंट कांक्रिटिंग रोड निर्माण, परशुराम भवन में सामुदायिक भवन निर्माण, शिवनाथ कालोनी में उद्यान, गुजराती कालोनी में जलाराम मंगल भवन व उद्यान निर्माण तथा कंचनबाग में महिला मण्डल भवन निर्माण कार्य देख निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखे।

# डोंगरगांव शराब दुकान में पहले मैनेजर और अब गार्ड की पिटाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगांव 4 जून।** नगर में स्थित शासकीय मदिरा दुकान में रविवार की सुबह जमकर मारपीट हुई है, जिसमे शराब दुकान के गार्ड झंकार पटेल को कुछ अज्ञात लोगों ने जमकर मारपीट की जिससे गार्ड के शरीर में चोट आई है तथा उसका एक हाथ फेक्चर हो गया है द्य डोंगरगांव शराब दुकान में मारपीट का यह पहला मामला नहीं है इससे पहले भी यहां काम करने वाले कर्मचारियों से कई बार मारपीट हुई है द्य इसको लेकर किसी भी आबकारी अधिकारी व पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं कि है द्य

डोंगरगांव शराब दुकान में कुछ दिन पहले ही देशी शराब दुकान के मैनेजर कैलाश देवांगन को कुछ लोगों ने जमकर पिटाई की जिससे उसे भी काफी चोट आई थी। डोंगरगांव शराब दुकान में एक के बाद एक मारपीट की घटना सामने आ रही है द्य जिससे वहां के कर्मचारियों में दहशत का माहौल है द्य कर्मचारियों का कहना है कि यहां काम करने में डर लगता है कि कब कौन आ के किस कर्मचारी को मार के चला जाये तब भी कोई कुछ नहीं कर सकता द्य किसी पर कोई कार्यवाही नहीं होती उल्टा हमे यह समझया जाता है कि किसी से मत उलझो शांति से दुकान चलाना है द्य आबकारी अधिकारी यदुनंदन राठौर से बात करने पर बताया कि उन्हें इस मामले में कोई जानकारी है। आबकारी अधिकारी कुसुमलता झोले ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है गार्ड को एफआईआर दर्ज करने के लिए बोल दिया गया है।

# आयुक्त ने रायपुर निगम क्षेत्र बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया

**रायपुर 4 जून।** नगर निगम रायपुर के आयुक्त श्री अबिनाश मिश्रा द्वारा नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु मानसून के दौरान अतिवृष्टि होने एवं निगम क्षेत्र में बाढ़ प्रभावित होने पर जल निकासी व बचाव कार्य की व्यवस्था करने हेतु बाढ नियंत्रण प्रकोष्ठ का गठन किया गया है । प्रकोष्ठ मुख्यालय टिकरापारा पुलिस थाना के पास स्थित मोटर कर्मशाला कार्यालय बनाया गया है। दूरभाष नंबर 0771- 2272101, 2274101 में नागरिक बाढ संबंधी सूचनाएं दे सकते है। इसमें कार्यपालन अभियंता श्री प्रदीप यादव प्रभारी अधिकारी मोबाईल नंबर 9301953219 के तौर पर बाढ़ नियंत्रण से संबंधित सूचनाएं संबंधित निगम अधिकारियों व कर्मचारियों को तत्काल देने हेतु जवाबदेह रहेंगे। आयुक्त ने नगर निगम रायपुर क्षेत्र हेतु बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ का कार्य दिनांक 20 जून 2024 से प्रभावशील करने का आदेश दिया है।

ज्ञात हो कि नगर निगम आयुक्त ने आदेश जारी कर प्रकोष्ठ मे 8-8 घंटे की 3 शिफ्ट में अधिकारियों, अभियंताओं, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई है। सम्पूर्ण कार्य के लिये निगम प्रभारी अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय मो.नं. 9424264100 को प्रभारी अधिकारी एवं उनका लिंक अधिकारी निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही मो. नं. 9691285715 को बनाया गया है। अतिवृष्टि ञ्च आपात की स्थिति में पूर्ण नियंत्रण की जवाबदेही संबंधित जोन के जोन कमिश्नर की रहेगी ।सभी जोन कमिश्नर प्रकोष्ठ जोन प्रभारी के तौर पर बाढ़ नियंत्रण कार्य करेंगे । अतिवृष्टि के दौरान प्रत्येक वर्षा काल एवं जोन के अंतर्गत आने वाले वार्डो का भ्रमण कर वे प्रथम सूचना प्राप्त कर जल निकास करके तत्काल बाढ़ प्रभावित परिवारों का आवश्यक व्यवस्थापन करके अनिवार्य व्यवस्था उपलब्ध करायेंगे। जोन स्वास्थ्य अधिकारी प्रतिदिन जोन कमिश्नर से समन्वय रखकर कार्यो की रोजाना प्रगति से उन्हें अवगत करायेंगे। समस्त जोन कमिश्नर नगर के जर्जर भवनों की सूची तत्काल तैयार कर जर्जर भवन मालिकों को निगम अधिनियम के तहत नोटिस देने की नियमानुकुल कार्यवाही करेंगे। प्रत्येक जोन कमिश्नर यह प्रमाणित करेंगे कि उनके जोन क्षेत्र में सभी जर्जर भवनों के विरूद्ध कार्यवाही की जा चुकी है अन्य कोई जर्जर भवन शेष नहीं है। आयुक्त ने सभी जोन कमिश्नरों को निर्देशित किया कि बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ कार्यालय एवं प्रत्येक जोन कार्यालय में बाढ़ से संबंधित शिकायतों के लिये पृथक से शिकायत पंजी प्रविष्ठि कर संधारित की जाये ।आयुक्त ने नगर के ऐसे आवासीय व्यवसायिक परिसरों, जिसमें अतिवृष्टि के समय बेसमेंट में पानी भर जाता है, उसे निकालने पंप फायर फाईटिंग उपकरण विद्युत के अवरोध से बचाव व बेसमेंट में पानी में करंट न हो ऐसे बचाव के उपाय हेतु तत्काल संबंधित भवन मालिकों को समय रहते अवगत करा कर सम्पूर्ण बचाव सुरक्षा व्यवस्था जनहित में जनजीवन सुरक्षा हेतु मानसून के दौरान पूर्व निश्चित करवाने निर्देश दिये है। उन्होने सभी जोन कमिश्नरों को प्रत्येक जोन में 100-100 बोरी रेत की व्यवस्था उनका तालाबों, नालों, नहरों के कटाव को रोकने के लिए सदूपयोग करने रखवाने के निर्देश दिये है। बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय में तत्काल 200 बोरी रेत रखवाना सुनिश्चित करने प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्री अतुल चोपड़ा मो.नं. 7694930615 को दायित्व दिया है। प्रत्येक जोन एवं बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ में बाढ राहत सामग्री मोटर पंप, रस्सी, ट्यूब, टार्च, बाल्टियां, धमेला, सब्बल, कुदाल आदि की व्यवस्था जोन के द्वारा की जाये एवं बाढ़ नियंत्रण राहत शिविर भवनों, शाला भवनों में पेयजल प्रबंध व निचली बस्तियों के जल भराव वाले स्थानों में नागरिकों हेतु पानी पाउच की व्यवस्था करने का कार्य जोन कमिश्नर करें। आयुक्त ने बाढ़ प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन की व्यवस्था का दायित्व सभी जोन कमिश्नरों को दिया है एवं भोजन की व्यवस्था भी जोन कमिश्नरो के दायित्व में दी गई है। बाढ़ से प्रभावित परिवारों के व्यवस्थापन के लिये शाला भवनों का उपयोग किया जायेगा। सहायक अभियंता श्री पी.डी. घृतलहरे मो. नं. 7489051529 प्रतिदिन 8 बजे एवं संध्या 6 बजे बाढ़ नियंत्रण प्रकोष्ठ मुख्यालय में उपस्थित होकर वहां की जानकारी लेंगे एवं शिविर में रहने वाले नागरिकों की सूची तैयार करके जिनके मकान क्षतिग्रस्त हो गये है उन्हें बाढ़ प्रभावित शिविरों में रखने की व्यवस्था करायेंगे ।

समाचार संक्षेप

## समाज को शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय के साथ उद्योग में आगे आने की जरूरतः भोला राम साहू



**छूरिया 4 जून।** छत्तीसगढ़ झाडे गड़ेरिया समाज द्वारा ग्राम आतरगाँव मे अहिल्या बाई जयंती के पावन उपलक्ष्य मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम मे मुख्यअतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू थे। आयोजक जनो के अतिथियो का स्वागत सम्मान किया। खुज्जी विधायक भोला राम साहू ने दसवीं व बारहवीं मे प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावन छात्र छात्राओ को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही बुजुर्ग एवं महिलाओ को भी समाज मे उत्कृष्ट कार्य करने पर पुरुस्कृत किया गया। विधायक भोलाराम साहू ने कार्यक्रम सभा को संबोधित करते हुए कहा की समाज को शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय के साथ उद्योग में आगे आने की जरूरत है।इस कार्यक्रम मे मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमरदा अध्यक्ष गिरधारी लाल साहू, भाल साहू, समाज प्रमुख व ग्राम प्रमुख क्षेत्रवासी व ग्रामीण जन बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।

## डोंगरगढ़ पुलिस ने गुमशुदा लड़की को बरामद कर मिलाया अपनों से



**डोंगरगढ 4 जून।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय श्री राहुल देव शुक्ला एवं एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ श्री आशिष कुंजाम के दिशा-निर्देश पर थाना डोंगरगढ़ में लंबित अपराध, मर्ग, गुम इंसान प्रकरण के निकाल हेतु थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक सी0आर0 चन्द्रा द्वारा अभियान चलाकर लगातार गुम इंसानों का पता तलाश कर दस्तयाब किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत गुम इंसान क्र0- 63/2024 के गुमशुदा लड़की उम्र- 20 वर्ष जो दिनांक- 26.05.2024 को घर से बिना किसी को बताये कहीं चली गई थी जिसकी डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा गुम दर्ज दिनांक से गुमशुदा का सिलसिले वार जांच कर गुमशुदा को दिनांक- 03.062024 को दुर्ग से बरामद कर दस्तयाब किया गया। बाद गुमशुदा लड़की को थाना लाकर पुछताछ करने पर अपने साथ किसी प्रकार का अपराध घटित होना नहीं बताने पर गुमशुदा को उनके परिजनों को सुपूर्दनामे में दिया गया। जिससे परिजन खुशी जाहिर करते हुये डोंगरगढ़ पुलिस को धन्यवाद ज्ञापित किये है।

## कांग्रेस प्रत्याशी ने चुनाव आयोग से शिकायत की

**राजनांदगांव 4 जून।** इंडियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी द्वारा लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र 6 राजनांदगांव में मतदान के बाद फार्म 17 सी में दी गई जानकारी के अनुसार बहुत सी मशीनों के नंबर बदले जाने की शिकायत करते हुये चुनाव आयोग से जवाब मांगा है कि किन परिस्थितियों में मशीनें बदली गई है और चुनाव परिणाम पर होने वाले असर के लिए कौन जिम्मेदार होगा। लोकसभा निर्वाचन 2024 की घोषणा के बाद ईव्हीएम मशीनों का प्रथम रेण्डमाईजेशन भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा प्रदत्त सॉफ्टवेयर से करते हुए मशीनों को विधानसभावार आंबटित करते हुए मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को इसकी सूची प्रदान किया गया। निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों के समक्ष द्वितीय रेण्डमाईजेशन कर उन्हें हस्ताक्षरित सूची प्रदाय किया गया है। मशीनों की कमीशनिंग के दौरान खराब मशीनों के स्थान पर रिजर्व से मशीनों कमीशनिंग कर खराब एवं उसके स्थान पर लगाई गई मशीन की सूची प्रदाय कर पावती लिया गया है। मॉक पोल के दौरान एवं वास्तविक मतदान के दौरान खराब होने वाली मशीनों को रिजर्व की मशीनों से अंतरित कर इसकी सूची भी सभी प्रत्याशियों को दिया गया है। मतदान केन्द्रों पर अभ्यर्थियों के मतदान अभिकर्ताओं की उपस्थित में मशीन के नंबर एड्रेस टैग, मतपत्र लेखा 17 सी भाग 1, पीठासीन की डायरी, मॉक पोल सर्टिफिकेट इत्यादि कई दस्तावेजों में अंकित किये जाते हैं, जिनसे मतगणना के दौरान मिलान किया जा सकता है। पीठासीन अधिकारी से लिपकीय त्रुटि हो सकती है। मतदान के दौरान उनही मशीनों का उपयोग किया गया जिसकी सूची समय-समय पर अभ्यर्थियों को प्रदाय किया गया है। उक्त संपूर्ण प्रकिया पूर्णतः पारदर्शी है तथा प्रत्येक स्तर पर अभ्यर्थी के अभिकर्ता एवं प्रतिनिधि उपस्थित होकर अवलोकन करते है।

## संपादकीय

# हार का ठीकरा चुनाव आयोग के सिर फोड़ा जाएगा

लोकतंत्र में तय समय पर चुनाव होते रहते हैं। राजनीतिक दलों की हार-जीत होती रहती है।स्वस्थ लोकतंत्र में चुनाव जिस तरह स्वाभाविक है, वैसे ही राजनीतिक दलों की हार-जीत भी स्वाभाविक है। उसे दलों को स्वाभाविक रूप से लेना चाहिए। मान लेना चाहिए कि उनमें कोई कमी रही जिसके कारण वह चुनाव में हार गए और जीता वही है जिसे जनता ने योग्य माना है। स्वस्थ लोकतंत्र में जनादेश सर्वोपरि है, उसे सबको खुल दिल से सम्मानपूर्वक स्वीकार करना चाहिए। पर अक्सर ऐसा होता नहीं है, राजनीतिक दल यह मानते ही नहीं है कि वह अपनी गलती, कमजोरा के कारण हारे है, समय पर तैयारी नहीं करने के कारण हारे हैं। मजबूत संगठन नहीं होने के कारण हारे है, सही चुनावी रणनीति नहीं बनाने के कारण हारे हैं, समय पर प्रत्याशियों का चयन नहीं करने के कारण हारे हैं। भाजपा व मोदी के खिलाफ मजबूत गठबंधनन नहीं बनाने के कारण हारे हैं। पीएम मोदी का अपमान करने के कारण हारे हैं। मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण हारे हैं। राममंदिर का विरोध करने के कारण हारे हैं। हवा हवाई घोषणापत्र बनाने के कारण हारे हैं। इस तरह देखा जाए तो चुनाव में कांग्रेस सहित विपक्ष के दलों के हारने के सौ कारण गिनाए जा सकते हैं लेकिन इससे भाजपा की श्रेष्ठता साबित होती है और विपक्षी दलों की कमजोरी सामने आती है, इसलिए विपक्ष हर चुनाव में यह साबित करने का प्रयास करता है कि वह चुनाव हार नहीं सकता था, उसे चुनाव ईवीएम में गड़बड़ी कर हराया गया है। लेकिन विपक्ष की बात पर कोई यकीन नहीं करता है क्योंकि यह बात तो वह हर चुनाव में कहता है, उसके पास अपनी बात को सही साबित करने के लिए कोई सबूत भी तो नहीं होता है, उसके पास हराए जाने का कोई सबूत होता तो चुनाव आयोग को देता, अदालत में जाता लेकिन वह आजतक एक भी ऐसा नहीं किया है इसलिए जनता विपक्ष के चुनाव में गड़बड़ी के आरोपों को गंभीरता से लेती नहीं है। जनता तो मान चुकी है कि यह तो विपक्ष की आदत हो चुकी है कि अपनी गलती को वह कभी मानता नहीं है। अपनी कमजोरी को कभी स्वीकारता नहीं है, इसलिए वह ज्यादातर चुनाव हार जाता है। कोई दल अपनी कमजोरी को जानेगा तो नहीं तो वह उसे दूर कैसे करेगा। कोई अपनी बार बार की जाने वाली गलती को गलती ही नहीं मानेगा तो वह गलती को सुधारगे कैसे। इस बार भी विपक्ष को अपनी हार का एहसास हो गया है इसलिए उसने पहले से तय कर रखा है कि उसे अपनी हार के लिए क्या कहना है, किसे दोषी ठहराना है। कांग्रेस व विपक्ष के लिए अपनी हार के लिए सबसे आसान होता है चुनाव आयोग तो दोषी ठहराना । चुनाव आयोग से जानबुझकर ज्यादा शिकायते करना ताकि आरोप लगाया जा सके कि चुनाव आयोग उनकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं करता है। देश में हर चुनाव के पहले और चुनाव के दौरान ईवीएम को लेकर लोगों को गुमराह करना कि ईवीएम में गड़बड़ी हो सकती है। चुनाव आयोग ने कई बार विपक्ष से कहा है कि वह चुनाव आयोग के सामने आकर बताए कैसे गड़बड़ी की जा सकती है तो विपक्ष एक बार गड़बड़ी करके दिखा नहीं सका है। चुनाव आयोग जो कुछ करता है चाहे स्ट्रांग रूप से ईवीएम निकालना है या मतगणना के बाद उसे स्ट्रांग रूम में रखना हो हर समय राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजीद रहते हैं और उसने कोई गड़बड़ी नहीं हुई है इसके लिए सभी से हस्ताक्षर लिए जाते हैं। सारे राजनीतिक दलों के प्रतिर्निधि जब चुनाव आयोग को कागज पर हस्ताक्षर कर कह देते हैं कि सब ठीक है, कोई गड़बड़ी नहीं हुई है तो राजनीतिक दलों को मान लेना चाहिए। उनके प्रतिर्निधि ने कोई शिकायत नहीं की है तो कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। चाहे मतदान हो या मतगणना हो सभा राजनीतिक दलों के प्रतिर्निधि मोजूद रहते हैं, इसलिए इस दौरान तो कोई गड़बड़ी हो नहीं सकती। मतगणना के बाद कितना प्रतिशत मतदान हुआ है चुनाव आयोग को सही आंकड़ा बताने में वक्त लगता है तो इसमें भी कोई गड़बड़ी नहीं हो सकती। क्योंकि किस बूथ में कितने वोटर थे और कितने ने वोट डाले, इसकी जानकीरी सभी राजनीतिक दलों के प्रतिर्निधियों को दी जाती है और उनके हस्ताक्ष कराए जाते हैं। इन तमाम आंकड़ों की जानकारी इस बार चुनाव आयोग ने मतदान के छठे चरण के बाद सार्वजनिक कर दिया है कि विपक्ष रिजल्ट आने के बाद किसी तरह का आ्रोप न लगा सके। भारत का चुनाव आयोग विश्व का सबसे बड़ा चुनाव कराता है, बहुत ही पारदर्शी तरकी से कराता है, इसलिए उनसकी तो तारीफ होनी चाहिए लेकिन विपक्ष उसकी तारीफ कभी नहीं करता है।

राजनीति

कमलेश पांडे

# एग्जिट पोल के संदेश: जनता ने सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष के लिए 'जनादेश' दिया है!



कोई भी एग्जिट पोल चुनाव परिणाम तो नहीं होता, लेकिन बातों ही बातों में चुनाव परिणामों की ओर इशारे कर जाता है, जो अक्सर समय की कसौटी पर सही साबित होते आये हैं, कुछ प्रायोजित अपवादों को छोड़कर। इसलिए इसके मायने को गम्भीरता पूर्वक समझने की जरूरत होती है। जहां तक आम चुनाव 2024 के एग्जिट पोल के नतीजे की बात है तो ये शनिवार 1 जून को देर शाम तक सामने आ गए। जबकि वास्तविक नतीजे मंगलवार 4 जून को देर शाम तक प्राप्त हो पाएंगे। यदि औसत की भी बात करें तो भाजपा नीत एनडीए गठबंधन को 350 से अधिक और कांग्रेस नीत इंडिया गठबंधन को 150 के कम सीटें प्राप्त होने का अनुमान लगाया गया है। वहीं, अन्य दल बमुश्किल 36 सीटें ही जीत पाएंगे। ये एग्जिट पोल भाजपा और कांग्रेस के बीच जनाधार के जबर्दस्त फासले के भी संकेत दे रहे हैं। क्योंकि जहां सिर्फ भाजपा को 300 से अधिक सीटें मिलने का अनुमान है, वहीं कांग्रेस एक बार फिर दो अंकों यानी लगभग 60 सीटों पर ही सिमटती नजर आ रही है। इस प्रकार प्रथमदृष्टया एग्जिट पोल के नतीजे जाहिर कर चुके हैं कि जनता ने सत्ता परिवर्तन के लिए नहीं, बल्कि मजबूत विपक्ष के लिए जनादेश दिया है, जो एक नई बात है। क्योंकि चाहे 2014 का जनादेश हो या 2019 का, लोगों ने मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस को लोकसभा की कुल सीटों में से 10 प्रतिशत सीटों का भी जनादेश नहीं दिया था, जिससे दोनों लोकसभा में उसका कोई वैधानिक नेता प्रतिपक्ष तक नहीं बन पाया। क्योंकि नेता प्रतिपक्ष बनने के लिए लोकसभा की कुल सीटों में से 10 प्रतिशत सीटें जीतना अनिवार्य होता है। हालांकि, इस बार प्रतीत हो रहा है कि जनता विपक्ष पर भी मेहरबान है और उसे मजबूत बनाने के संकेत दे दिए हैं, ताकि वह मजबूती पूर्वक सरकार की पहरेदारी कर सके।

ऐसे में चर्चा आम है कि लोगों को मोदी सरकार की संतुष्टिकरण वाली नीतियां तो पसंद हैं, लेकिन कतिपय राजनीतिक व प्रशासनिक मामलों में उनकी मनमानी नापसंद भी है। इसलिए उन्हें थोड़ा कमजोर करते हुए उनके सामने एक मजबूत विपक्ष देने की कोशिश की है, ताकि दूरगामी व्यापक जनहित की रक्षा की जा सके। साफ शब्दों में कहें तो जनता को यह कतई पसंद नहीं है कि उनके वोट से बनने वाली सरकार पूंजीवादी ताकतों के हाथ में खेले और जनविरोधी कानून संसद में बनाये। जैसा कि पिछले 10 वर्षों में और बाजपेयी सरकार के 6 वर्षों में महसूस किया जा चुका है।

एग्जिट पोल के नतीजे कांग्रेस और भाजपा दोनों को यह स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि भारतीय राजनीति में उन्हें यदि प्रासंगिक बने रहना है तो अपनी नीति रीति में व्यापक बदलाव करने होंगे, अन्यथा लोग क्षेत्रीय दलों को आगे बढ़ाएंगे जो कि उनके अरमानों के सच्चे और अच्छे प्रतिबिंब होते हैं। यही वजह है कि पिछले दो लोकसभा चुनावों में मृतप्राय हो चले क्षेत्रीय दल इस बार के लोकसभा चुनाव में पूरी मजबूती के साथ उभरे हैं और जहां-जहां पर वो कांग्रेस या भाजपा के साथ रहे, वहां पर उन्होंने उन्हें लाभांवित भी किया है। यह बात एनडीए से ज्यादा इंडिया गठबंधन पर लागू होती है।

**एग्जिट पोल के नतीजों से साफ है कि भाजपा जहां**- दिल्ली, गुजरात, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ और पूर्वोत्तर राज्यों में अपनी यथास्थिति बनाये रखने में सफल हुई है, वहीं दक्षिण भारत में कमल खिलाने के उसके मंसूबे भी पूरे होने वाले हैं। इसके अलावा, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, झारखंड, हरियाणा में भाजपा को उतनी क्षति नहीं हो रही है, जितना कि चुनाव पूर्व अनुमान लगाया गया। वहीं, दक्षिण भारत में कांग्रेस की स्थिति और मजबूत हुई है, जबकि हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उत्तरप्रदेश, बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, गुजरात, उड़ीसा आदि राज्यों में कांग्रेस की स्थिति मजबूत हुई है। बिहार में राजद, उत्तरप्रदेश में समाजवादी पार्टी, पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस, झारखंड में झामुमो, दिल्ली-पंजाब में आप, महाराष्ट्र में शिवसेना उद्धव और एनसीपी शरद पवार आदि के मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। वहीं, नरेंद्र मोदी की सरकार के लगातार तीसरी बार सत्तारूढ़ होते ही वो देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के लगातार तीसरी बार सरकार बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी करके इतिहास रच देंगे। कांग्रेस के बाद भाजपा के लिए भी यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी। लिहाजा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ठीक ही कहा है कि वह विश्वास के साथ कह सकते हैं कि लोगों ने राजग सरकार को फिर से चुनने के लिए रिकॉर्ड संख्या में मतदान किया है। क्योंकि लोगों ने हमारी सरकार का ट्रैक रिकॉर्ड देखा है। हमारी सरकार के कायर्काल में गरीबों, हाशिए पर पड़े लोगों और दलितों के जीवन में गुणात्मक सुधार आया है। लोगों ने यह भी देखा है कि किस प्रकार भारत में सुधारों ने देश को पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बना दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए यहां तक कह दिया कि अवसरवादी इंडिया गठबंधन मतदाताओं के दिलों को छूने में विफल रहा। मतदाताओं ने विपक्ष की पुराने दिनों में चले जाने की राजनीति को खारिज कर दिया।

## आज का राशिफल

मेष राशिः आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। सही दिशा में मेहनत करेंगे जिससे ज्यादा काम निपटा लेंगे। आज आपको किसी संस्था द्वारा सम्मानित किया जा सकता है। नौकरीपेशा वालों का आज प्रमोशन हो सकता है। सामाजिक कार्यों के लिए पड़ोसी आपकी तारीफ कर सकते है। आपके मन में बिजनेस को लेकर नएनए विचार आएंगे।

वृष राशिः आज अचानक धन लाभ हो सकता है। जिससे आर्थिक स्थिति में काफी सुधार आएगा। अगर आप कोई नया वाहन खरीदने की सोच रहें है, तो राहुकाल देखकर ही खरीदें। घर में खुशियों का आगमन होगा। आज आपकी व्यावहारिक प्रवृति को देखकर लोग आपकी प्रशंसा करेंगे। संगीत क्षेत्र में रुझान वालों को आज फिल्म इंडस्ट्री से ऑफर आ सकता है। भाईयों के साथ कहीं घूमने जाने का प्लान बन सकता है। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। बड़ों के प्रति आपका व्यवहार अच्छा बना रहेगा।

मिथुन राशिः आज किस्मत आपके साथ रहेगी। कारोबार में आ रही दिक्कतें आज समाप्त हो जायेगी। धनलाभ के नये रास्ते नजर आयेंगे। अगर आज घर में किसी पार्टी का आयोजन कर रहे हैं तो सभी को दावत दें। आज किसी ऐसे व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी, जो आपको बिजनेस में काफी फायदा कराएगा। आज दूसरों से बात करते समय मीठी भाषा का प्रयोग करें, लोग आपसे काफी प्रभावित होंगे। जिससे आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। आज आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहने वाला है। बच्चे खेल कूद में व्यस्त रहेंगे।

कर्क राशिः आज का दिन फायदेमंद रहेगा। बिजनेस को लेकर आपको कोई अच्छी डील मिलेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसीमजाक होगा साथ ही कहीं पार्टी करने जाएंगे। इंजीनियरिंग करने वाले स्टूडेंट्स को आज किसी मल्टीनेशनल कंपनी से ईमेल आएगा। छात्र अपने करियर को लेकर सोच विचार करेंगे, किसी अनुभवी की सलाह भी लेंगे। आज आपका स्वास्थ्य् पहले से बेहतर रहेगा। नया घर लेने के लिए आज आप किसी प्रॉपर्टी डीलर से बात फाइनल करेंगे। अविवाहित जातकों के लिए विवाह के अच्छे रिश्ते आयेंगे।

सिंह राशिः आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज कोई व्यक्ति आपके करियर के लिए खास हो सकता है। इस राशि के नवविवाहित आज समारोह में जाएंगे। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा। किसी नये व्यापार में मातापिता की राय कारगर साबित होने वाली है। स्टूडेंट्स का पढ़ाई में मन लगेगा। हालात के उजले पहलू की ओर देखें और आप पाएंगे कि चीज़ें सुधर रही हैं। आज आपको कुछ अप्रत्याशित धन प्राप्त होने वाला है, जिसका इंतजार आप लम्बे समय से कर रहे थे।

कन्या राशिः आज का दिन अनुकूल रहेगा। आज आपकी क्रिएटिविटी से लोग प्रभावित होंगे। आपका मानसम्मान लोगों में पहले से ज्यादा बढ़ेगा। आज जॉब में प्रमोशन के चांस बन रहे है। ऑफिस में आज सहकर्मियों के साथ अंडर स्टेंडिंग बढ़ेगी। आज किसी बिजनेस डील के लिए बाहर जाना पड़ सकता है। धन लाभ के आसार बन रहे हैं। नवविवाहितों के लिए आज का दिन खुशियों से भरा रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ डिनर पर जा सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

तुला राशिः आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप अपनी प्रतिभा को सही ढ़ग से निखार पाएंगे। आज राजनीति शास्त्र के विद्यार्थियों के लिए दिन अच्छे परिणाम लेकर आने वाला रहेगा। आज आप बड़ी से बड़ी समस्या का हल आसानी से निकाल लेंगे। आज अपने स्वास्थ्य का सही ढंग से ध्यान रखें। किसी डाक्टर की सलाह से ही आगे बढ़े। आज कोई सरकारी अधिकारी आपके जमीन से जुड़े मसलों को हल करने में आपकी मदद करेगा। कानूनी मसलों को हल करने के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है।

वृश्चिक राशिः आज का दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी होगी। दूसरे शहर रहकर शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों को आज कोई बड़ी सफलता मिलने के आसार नजर आ रहे है। आज किसी अपरिचित व्यक्ति से बिना वजह ना उलझे। आज प्रियजनों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे, किसी समस्या का समाधान मिलेगा। सबको साथ लेकर चलने की कोशिश करें। आज किसी दोस्त के साथ पार्टी में जाएंगे। घर में नन्हें मेहमान के आने से उत्सव जैसा माहौल बना रहेगा।

धनु राशिः आज का दिन खुशियों भरा रहेगा। छोटे बच्चों को आज पिता से कोई गिफ्ट मिल सकता है। आज घरवालों के साथ कहीं घूमने भी जा सकते हैं। आज बिजनेस में बढ़ोत्तरी के चांस हैं। परिवार के साथ बाहर घूमने का प्लान बना सकते है। शाम को दोस्तों के साथ पार्टी करने जा सकते हो। आपके व्यापार में दो गुना वृद्दि हो सकती है। दांपत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। महिलाएं आज ऑनलाइन कोई डिस बनाना सीखेंगी। वकालत की पढ़ाई कर रहे छात्रों को आज किसी बड़े वकील से सलाह मिलेगी।

मकर राशिः आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। किसी शुभ समाचार के मिलने का योग नजर आ रहा है। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज ऑफिस के कार्यों में आपका मन लगेगा। अगर आज किसी जरूरी काम को पूरा करने की सोच रहे हैं तो वह आज समय से पहले पूरा कर लेंगे, लेकिन पहले से योजना बनाकर चलने की जरूरत है। किसी नये कोर्स को ज्वाइन करने के लिए आज का दिन शुभ है। लवमेट के लिए आज रिश्ते में मिठास भरने का दिन है।

कुंभ राशिः आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं। आज आपको कई दिनों से रूके हुए काम में सफलता मिल सकती है। ऑफिस में किसी काम को लेकर जल्दबाजी करने से आपको बचना चाहिए, धैर्य के साथ काम करें। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। स्वास्थ्य आज पहले से ज्यादा फिट रहेगा। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है। लवमेट आज कहीं घूमने जाएंगे।

मीन राशिः आज का दिन बेहतरीन रहेगा। किसी नयी जमीन से संबंधित कोई लेनदेन करने जा रहे हैं तो पहले उसकी अच्छे से जांचपड़ताल जरूर कर लें। आज किसी भी अनजान व्यक्ति से बात करते समय मधुर भाषा का प्रयोग करें। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन अच्छा है। जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। दोनों के बीच में सामंजस्य बना रहेगा। नियमित योग करने से आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा । विद्यार्थियों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा।

## व्यंग्य

# गाँव का कुत्ता

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

मैं अपने गाँव का कुत्ता हूँ। बस्ती वालों पर आपदा बाद में आती है, उससे पहले मैं भौंक देता हूँ। मेरे इस भौंकने और कुत्तागिरी के बारे में आए दिन समाचार पत्र वाले छापते भी हैं। ऐसा नहीं है कि वे हमें शौक से छापते हैं, बल्कि उन समाचार पत्रों के संवाददाताओं-संपादकों से हमारा उठना-बैठना नियमित रूप से चलता है। वे जो चाहते हैं हम वह देते हैं। इस हाथ दे उस हाथ ले पॉलिसी का ईमानदारी से पालन करना मेरे खून में रचा-बसा है। इधर कुछ दिन पहले प्रधानी के चुनाव के बारे में समाचार पत्रों में खबर छपी। मैं इस खबर से बड़ा खुश था। सोचा हमारी कुत्तागिरी और चाटुकारिता को कोई न कोई पार्टी अवश्य रेखांकित करेगी और हमें टिकट देगा। इसी प्रतीक्षा में कुछ दिन बीत गए। फिर मैं सोचने लगा यह तो पार्टी का टिकट है न कि कोई बीमारी का, जो खुद ब खुद चल कर मेरे पास आएगी। सो मैंने निर्णय किया कि मैं ही चलकर फलाना-फलाना पार्टी कार्यालय से टिकट ले लेता हूँ। टिकट बांटने वाले माहौल में एक बार के लिए भगवान के दर्शन हो सकते हैं लेकिन पार्टी अध्यक्ष के नहीं। कई नई चप्पलों को घिसवाकर, या यूं कहें कि शहीद करवाकर, पार्टी अध्यक्ष से भेंट की। पार्टी अध्यक्ष ने मुझे फट से पहचान लिया और कई सारे उम्मीदवारी के इच्छाथियों के साथ-साथ मुझे भी एक आवेदन पत्र दे दिया। आवेदन पत्र में नाम, पता, पढ़ाई, अनुभव तथा संपर्क के बारे में पूछा गया था। मैंने बिना देरी किए आवेदन पत्र भरकर पार्टी अध्यक्ष को दे दिया। उनसे पूछा कि मुझे कैसे पता चलेगा कि मेरी उम्मीदवारी पक्की हुई या नहीं। अध्यक्ष ने धूर्त मुस्कान पेंकते हुए कहा - तुम्हें छोड़कर कोई दूसरे उम्मीदवार का नाम सुनाई देने लगे तो समझ जाना कि तुम्हारा आवेदन पत्र कूड़ेदान में फेंक दिया गया है। मेरा आवेदन पत्र कूड़ेदान की बाहों में सजा दिया गया। मुझसे रहा नहीं गया। मैं दौड़े-दौड़े पार्टी कार्यालय पहुंचा। वहां अध्यक्ष से मिलने की लाख कोशिश की, लेकिन परिणाम जीरो बटा लूल था। मेरी छटपटाहट को देख वहां का चपरासी मुझसे कहने लगा, ₹आपका आवेदन तो पहले ही दिन कूड़े की भेंट चढ़ चुका था। भला कोई आवेदन में बेफिजूल की योग्यताएं लिखता है? आपका आवेदन आपकी विशेष योग्यताओं की वजह से तिरस्कृत हुआ है। उम्मीदवारी के लिए कई सारे पुलिस केस जैसे बलात्कार, हत्या, चोरी-फिरौती आदि दर्ज होने चाहिए थे, जो कि आपके पास बिल्कुल नहीं है। जेल जाने का अनुभव तो छोड़ो जेल के बारे में आपने सुना तक नहीं है। ऊपर से सेवा करने का भूत अलग से। कोई नेता भला जनता की सेवा करता है? उसने कहा। और यह जो चौबीसों घंटों जनता के बीच रहने की खुजली है, यह किसी दिन आपको ले डूबेगी। जनता शिकायत करे उससे पहले आप उसकी चौखट पर पहुँच जाते हैं। हमें समस्या का निवारण करने वाले नहीं समस्या खड़ी करने वाले उम्मीदवार की जरूरत है। सौ बात की एक बात, हमें सीधे नहीं टेढ़ों की जरूरत थी। जो कि आप इस मामले में सबसे फिसड्डी साबित हुए हैं। इसलिए महाशय, बाहर का रास्ता नापिए और टिकट का ख्याल छोड़ दीजिए।₹ उसने तीखे अंदाज में कहा। मैं सोचता रह गया कि क्या वाकई में राजनीति के गलियारे में जगह पाने के लिए ऐसी योग्यताएँ जरूरी हैं। मैंने अपने आदर्शों और उसूलों के खिलाफ जाकर कुछ हासिल करने की कोशिश की थी, लेकिन शायद ईमानदारी और सच्चाई की कीमत किसी कूड़ेदान में ही होती है।

जयंती

**प्रो.संजय द्विवेदी**

# भारतीय परिवारों की आत्मीय कथाकार

ख्यातिनाम कथाकार ,उपन्यासकार श्रीमती मालती जोशी के निधन की सूचना ने साहित्य जगत में जो शून्य रचा है, उसकी भरपाई संभव नहीं है।गत 15 मई, 2024 को उन्होंने अपनी नश्वर देह त्याग दी। अपनी रचनाओं के माध्यम से भारतीय परिवारों के रिश्तों, संवेदनाओं, परंपराओं, मूल्यों की कथा कहने वाली मालती जोशी अपने तरह की विलक्षण कथाकार हैं। उनकी परंपरा में हिंदी साहित्य में कथाकार शिवानी के अलावा दूसरा नाम भी नहीं मिलता। पद्मश्री से अलंकृत मालती जोशी को पढ़ना विरल सुख देता रहा है। सरलता,सहजता से कथा बुनती ताई अपने कथारस में बहा ले जाती थीं और रोप जाती थीं संस्कारों और मूल्यों की वह थाती जो कहीं बिसराई जा रही है। नारेबाजियों से अलग ताकतवर स्त्रियों पात्रों के माध्यम से पारिवारिक मूल्यों की स्थापना उनके जीवन का ध्येय रहा है।

लीक तोड़कर लिखने और अपार लोकप्रियता अर्जित करने के बाद भी मालती जोशी हिंदी साहित्य आलोचना में हाशिए पर हैं। इसका कारण बहुत स्पष्ट है। उनकी रचनाएं भारतीय विचार और भारतीय परिवार के मूल्यों को केंद्र में रखती हैं। वे साहित्य सर्जना में चल रही खेमेबाजी, गुटबाजी से अलग अपनी राह चलती रही हैं। साहित्य क्षेत्र में चल रहे वाम विचारी संगठनों और उनकी अतिवादी राजनीति से उन्होंने अपनी दूरी बनाए रखी। इसके चलते उनके विपुल लेखन और अवदान पर साहित्य के मठाधीशों की नजर नहीं जाती। अपने रचे मानकों और तंग दायरों की आलोचना द्वारा मालती जी की उपेक्षा साधारण नहीं है। यह भारतीय मन और विचार के प्रति मालती जी प्रतिबद्धता के कारण ही है। अपनी लेखन शैली से उन्होंने भारतीय जनमन को प्रभावित किया है,यही उनकी उपलब्धि है। क्या हुआ जो आलोचना के मठाधीशों द्वारा वे अलक्षित की गयीं। सही मायनों में रचना और उसका ठहराव ही किसी लेखक का सबसे बड़ा सम्मान है। परंपरा, भारतीय परिवार, संवेदना और मानवीय मूल्यों की कथाएं कहती हुई मालती जोशी अपने समय के कथाकारों बहुत आगे नजर आती हैं। उनकी अपार लोकप्रियता यह प्रमाण है कि सादगी से बड़ी बात कही जा सकती है। इसके लिए मायावी दुनिया रचने और बहुत वाचाल होने की जरूरत नहीं है। अपनी जमीन की सोंधी मिट्टी से उन्होंने कथा का जो परिवेश रचा वह लंबे समय तक याद किया जाएगा।

**अप्रतिम लोकप्रियता**-हिंदी वर्तमान परिदृश्य पर बहुत कम कथाकार हैं, जिन्हें पाठकों की ऐसी स्वीकार्यता मिली हो। औरंगाबाद(महाराष्ट्र) के मराठी परिवार 4 जून 1934 को जन्मीं मालती जोशी के न्यायाधीश पिता मध्यप्रदेश में कार्यरत थे, इससे उन्हें इस प्रांत के कई जिलों में रहने और लोकजीवन के करीब से देखने का अवसर मिला। 1956 में उन्होंने इंदौर के होलकर कालेज से हिंदी साहित्य में स्नातकोत्तर की उपाधि प्राप्त की। किशारावस्था में ही लेखन का शुरूआत कर मालती जी जीवन के अंतिम समय तक लेखन को समर्पित रहीं। उनका प्रारंभिक लेखन तो गीत के माध्यम से हुआ, बाद में वे बाल साहित्य भी लिखती रहीं फिर कहानी विधा को समर्पित हो गईं। उनके कथा लेखन को राष्ट्रीय पहचान 'धर्मयुग' पत्रिका से मिली और भारतीय परिवारों की चर्चित लेखिका बन गयीं। 'धर्मयुग' में आपकी पहली कहानी 'टूटने से जुड़ने तक' 1971 में छपी और तब से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। देश की चर्चित पत्रिकाओं कादम्बिनी,साप्ताहिक हिंदुस्तान, नवनीत, सारिका, मनोरमा के माध्यम से वे पाठकों की बड़ी दुनिया में अपनी जगह बना चुकी थीं। 60 से अधिक कृतियों की रचना कर मालती जी ने भारतीय साहित्य को समृध्द किया है। उनकी सतत रचनाशीलता ने उन्हें भारतीय साहित्य का अनिवार्य नाम बना दिया है।

परिवार और संवेदना के ताने बाने-

मालती जोशी मूलतः रिश्तों की कथाकार हैं। निजी जीवन में भी उनकी सरलता, सहजता और विनम्रता की यादें सबकी स्मृति में हैं। पारिवारिक, सामाजिक, घरेलू दायित्वों को निभाती हुई एक सरल स्त्री किंतु ताकतवर स्त्री उनकी निजी पहचान है। जिसने साहित्य सृजन के लिए कोई अतिरिक्त मांग नहीं की। किंतु जो किया वह विलक्षण है। परिवार और बच्चों के दायित्वों को देखते हुए अपने लेखन के लिए समय निकालना, उनकी जिजीविषा थी। आखिरी सांस तक वे परिवार की डोर को थामें लिखती रहीं। लिखना उनका पहला प्यारथ था । इंदौर, भोपाल, दिल्ली, मुंबई उनके ठिकाने जरूर रहे किंतु वे रिश्तों,संवेदनाओं और भारतीय परिवारों की संस्कारशाला की कथाएं कहती रहीं। 90 साल की उनकी जिंदगी में बहुत गहरे सामाजिक सरोकार हैं। उनके पति श्री सोमनाथ जोशी , अभियंता और समाजसेवी के रूप में भोपाल के समाज जीवन में ख्यात रहे। सन् 1981 से वे ज्यादातर समय भोपाल में रहकर निरंतर पारिवारिक दायित्वों और लेखन,सृजन में समर्पित रहीं। 2001 में पति के निधन के बाद उन्होंने खुद को और परिवार को संभाला। उनके सुपुत्र डा.सच्चिदानंद जोशी संप्रति अपनी मां की विरासत का विस्तार कर रहे हैं। वे न सिर्फ एक अच्छे कथाकार और कवि हैं, बल्कि उन्होंने संस्कृति और रंगमंच के कलाक्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। उनकी पुत्रवधू श्रीमती मालविका जोशी भी कथाकार और रंगमंच की सिद्ध कलाकार हैं। मध्यवर्गीय भारतीय परिवार उनकी कथाओं में प्रायः दिखते हैं। संस्कारों से रसपगी भारतीय स्त्री के सौंदर्य,साहस और संवेदना की कथाएं कहती हुए मालती जोशी बड़ी लकीर खींचती हैं। वर्गसंघर्ष की एक जैसी और एकरस कथाएं कहते कथाकारों के बीच मालती जोशी भारतीय परिवारों और उनके सुंदर मन की आत्मीय कथाएं लेकर आती हैं। अपनी सहज,सरल भाषा से वे पाठकों के मनों और दिलों में जगह बनाती हैं। उनको पढ़ने का सुख अलग है। उनकी कहानियां बेहद साधारण परिवेश से निकली असाधारण नायकों की कहानियां हैं। जो जूझते हैं, जिंदगी जीते हैं किंतु कड़वाहटें नहीं धोलते। बहुत सरल, आत्मीय और हम-आपके जैसे पात्र हमारे आसपास से ही लिए गए हैं। कथा में जीवन की सरलता-सहजता की वे वाहक हैं। मालती जी के पात्र बगावत नहीं करते, झंडे नहीं उठाते, नारे नहीं लगाते। वे जिंदगी से जूझते हैं, संवेदना के धागों से जुड़कर आत्मीय,सरल परिवेश रचते हैं। मालती जी की कथाओं यही ताकतवर स्त्रियां हैं, जो परिवार और समाज के लिए आदर्श हो सकती हैं। जो सिर्फ जी नहीं रहीं हैं, बल्कि भारतीय परिवारों की धुरी हैं।

**स्त्री के मन में झांकती कहानियां**-मालती जोशी ने अपनी कहानियों में स्त्री के मन की थाह ली है। वे मध्यवर्गीय परिवारों की कथा कहते हुए स्त्री के मन, उसके आत्मसंर्घष, उसकी जिजीविषा और उसकी शक्ति सबसे परिचित कराती हैं। संवेदना के ताने-बाने में रची उनकी रचनाएं पाठकों के दिलों में उतरती चली जाती हैं। पाठक पात्रों से जुड़ जाता है। उनके रचे कथारस में बह जाता है। अनेक भारतीय भाषाओं में उनकी कृतियों के अनुवाद इसलिए हुए क्योंकि वे दरअसल भारतीय परिवारों की कथाएं कह रही थीं। उनके परिवार और उनकी महिलाएं भारत के मन और संस्कारों की भी बानगी पेश करती हैं। भारतीय परिवार व्यवस्था वैसे भी दुनिया के लिए चिंतन और अनुकरण का विषय है। जिसमें स्त्री की भूमिका को वे बार-बार पारिभाषित करती हैं। उसके आत्मीय चित्रण ने मालती जोशी को लोकप्रियता प्रदान की है। उनकी कहानियां आम आदमी, आम परिवारों की असाधारण कहानियां हैं। औरत का एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक विषय दोनों है। इस अर्थ में मालती जी विलक्षण मनोवैज्ञानिक कथाकार भी हैं। उनके पात्र समाज के सामने समाधानों के साथ आते हैं। सिर्फ संकट नहीं फैलाते। उनकी भाषा में जहां प्रसाद और माधुर्य के गुण हैं वहीं वे आवेग और आवेश की धारा से जुड़ जाती हैं। संकेतों में वे जो भाव व्यक्त कर देती हैं वह सामान्य लेखकों के लिए विस्तार की मांग करता है।

**मालवा की मीरा और कथाकथन की शैली**- मालती जोशी के प्रमुख कहानी संग्रहों में पाषाण युग, मध्यांतर, समर्पण का सुख, मन न हुए दस बीस, मालती जोशी की कहानियां, एक घर हो सपनों का, विश्वास गाथा, आखिरी शर्त, मोरी रंग दी चुनरिया, अंतिम संक्षेप, एक सार्थक दिन, शापित शैशव, महकते रिश्ते, पिया पीर न जानी, बाबुल का घर, औरत एक रात है, मिलियन डालर नोट आदि शामिल हैं। मालती जोशी ने केवल कविताएं या कहानियां ही नहीं बल्कि उपन्यास और आत्म संस्मरण भी लिखे हैं। उपन्यासों में पटाक्षेप, सहचारिणी, शोभा यात्रा, राग विराग आदि प्रमुख हैं। वहीं उन्होंने एक गीत संग्रह भी लिखा, जिसका नाम है, 'मेरा छोटा सा अपनापन'। उन्होंने 'इस प्यार को क्या नाम दूं? नाम से एक संस्मरणात्मक आत्मकथ्य भी लिखा। उनकी एक और खूबी रही कि उन्होंने कभी भी अपनी कहानियों का पाठ कागज देखकर नहीं किया, क्योंकि उन्हें अपनी कहानियां, कविताएं जबानी याद रहतीं थीं। मराठी में 'कथाकथन' की परंपरा को वे हिंदी में लेकर आईं। उनके कथापाठ में उपस्थित रहकर लोग कथा को सुनने का आनंद लेते थे। इन पंक्तियों के लेखक को भी उनके कथाकथन की शैली के जीवंत दर्शन हुए थे। बिना एक कागज हाथ में लिए वे जिस तरह से कथाएं सुनातीं थी वह विलक्षण था। दूरदर्शन उनकी सात पर कहानियों पर श्रीमती जया बच्चन ने 'सात फेरे' बनाया। इसके अलावा गुलजार निर्मित 'किरदार' में भी उनकी दो कहानियां थीं। आकाशवाणी पर उनकी अनेक कहानियों के प्रसारण हुए। जिसने कथाकथन की उनकी शैली को व्यापक लोकप्रियता दिलाई। इसके साथ ही मालती जोशी ने कई बालकथा संग्रह भी लिखे हैं, इनमें, दादी की घड़ी, जीने की राह, परीक्षा और पुरस्कार, स्नेह के स्वर, सच्चा सिंगार आदि शामिल हैं। उनके निधन पर मध्यप्रदेश के अखबारों ने उन्हें 'मालवा की मीरा' कहकर प्रकाशित संबोधित किया। इसका कारण यह है कि लेखन के शुरुआती दौर में मालती जोशी कविताएं लिखा करती थीं। उनकी कविताओं से प्रभावित होकर उन्हें मालवा की मीरा नाम से भी संबोधित किया जाता था। उन्हें इंदौर से खास लगाव था। वे अक्सर कहा करती थीं कि इंदौर जाकर मुझे सुकून मिलता है, क्योंकि वहां मेरा बचपन बीता, लेखन की शुरुआत वहीं से हुई और रिश्तेदारों के साथ ही उनके सहपाठी भी वहीं हैं। यह शहर उनकी रग-रग में बसा था। खुद अपनी आत्म कथा में मालती जोशी ने उन दिनों को याद करते हुए लिखा है, 'मुझमें तब कविता के अंकुर फूटने लगे थे, कॉलेज के जमाने में इतने गीत लिखे कि लोगों ने मुझे 'मालव की मीरा' की उपाधि दे डाली।' कथाकथन के तहत उनकी अनेक कहानियां यूट्यूब पर उपलब्ध हैं। इसकी सीडी भी उपलब्ध है।

# भीषण गर्मी के बीच छत्तीसगढ़ में बदला मौसम, कई जिलों में हुई बारिश

**मौसम विभाग ने 30 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया**

**रायपुर, 4 जून।** छत्तीसगढ़ में झुलसा देने वाली गर्मी के बीच अचानक मौसम बदल गया है। प्रदेश के कई जिलों में शनिवार की रात हल्की बूंदाबांदी देखने को मिली। वहीं, रविवार दोपहर से कुछ जिलों में आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई है। राजधानी रायपुर में सुबह से ही तेज गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा था। इसी बीच अचानक दोपहर 1 बजे से आंधी तूफान चलने लगी, जिससे मौसम में बदलाव देखने को मिला।

बताया जा रहा है कि जगदलपुर में झमाझम झमाझम बारिश और रायगढ़ में शनिवार कि रात बारिश हुई है। मौसम विज्ञानिकों का कहना है कि बंगाल की खाड़ी से उठी पुरवाई की वजह से तीन जून तक इसी तरह मौसम रह सकता है। रायपुर मौसम विभाग ने 30 जिलों के येलो अलर्ट जारी किया है। आज और कल छिटपुट बादल छाए रहेंगे। साथ ही 2 जून से 4 जून तक गरज चमक के साथ बूंदाबांदी से लेकर हल्की बारिश हो सकती है। येलो अलर्ट जारी मौसम विभाग ने जिन जिलों के लिए येलो अर्लअ जारी किया है उनमें सुकमा, बीजापुर, दंतेवाड़ा, बस्तर, कोंडागांव, नाराणपुर, कांकेर, धमतरी, गरियाबंद, कांकेर, बालोद, दुर्ग, रायपुर, महासमुंद, बलोदाबाजार, बिलासपुर, कोरबा, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, जांजगीर-चांपा, रायगढ़, सरगुजा, जषपुर, बलरामपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान इन जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हो सकती है। वहीं, मुंगेली, राजनांदगांव, कबीरधाम के लिए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान इन तीन जिलों में गर्मी चरम पर रहेगी। और रात में भी मौसम का तापमान गर्म ही रहेगा।

अंबिकापुर, 42.2, बीजापुर, दंतेवाड़ा 37.8, दुर्ग 45.6, जगदलपुर 39. कांकेर 41.1, कोरिया 41.1, लखनपुर 42.2, पेंड्रा 43.7, रायपुर लालपुर 45.7, रायपुर माना 45.2, राजनांदगांव 44.1 है। इन राज्यों के लिए अलर्ट मौसम एजेंसी स्काई मेट वेदर के मुताबिक, अगले 24 घंटे के दौरान, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, सिक्किम, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, असम और मेघालय में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश संभव है। केरल, लक्षद्वीप, पूर्वोत्तर भारत, ओडिशा, झारखंड, विदर्भ, मराठवाड़ा, दक्षिण कोंकण और पूर्वी बिहार में हल्की से मध्यम बारिश संभव है।

## भीषण गर्मी से अब तक 12 की मौत

**जांजगीर-चाम्पा-रायपुर, 4 जून।** जांजगीर-चाम्पा जिले में लू से मौत का आंकड़ा बढ़ते जा रहा है। जिले में लू से फिर 2 लोगों की मौत हुई है। जांजगीर के वार्ड 14 में युवक राजेश यादव तो सिवनी गांव के सेलून संचालक देवकुमार श्रीवास की लू से मौत हुई है। आपको बता दें कि इससे पहले जिले में 10 लोगों की मौत हुई थी। जिले में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है, जब नवतपा की भीषण गर्मी में इतनी बड़ी संख्या में लोगों की जान गई है। जिस तरह से ग्रामीण इलाके से जानकारी आ रही है, उससे लू से मौत का आंकड़ा और बढ़ सकता है। नवतपा में इस बार भीषण गर्मी पड़ी, जो लोगों की जान पर मुसीबत बन गई है। जिले में तापमान 48 तक पहुंचा था और मानव जीवन के साथ ही पशु-पक्षियों के लिए इस बार की गर्मी परेशानी का सबब रही। पिछले 5 दिनों से लोगों की मौत की जानकारी सामने आ रही है। पहली मौत, जांजगीर के स्टेशन के पास एक बुजुर्ग की हुई, फिर शिवरीनारायण में ड्राइवर की मौत हुई थी। फिर चाम्पा में ड्राइवर और हेल्पर की लू से मौत हुई थी। इसके बाद नवागढ़ में 6 लोगों की मौत हुई। इसके बाद आज जानकारी सामने आई कि लू से जांजगीर के वार्ड 14 के युवक और सिवनी गांव में सेलून संचालक की मौत हो गई। अभी जिस तरह की जानकारी आ रही है।

## एक नजर

### गोस्टी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर अमलान भोई लापता



**सुकमा 4 जून।** जिले के मलकानगिरी सीमा से लगे कालीमेटा थाना क्षेत्र अंर्तगत गोस्टी स्वास्थ्य केंद्र ओडिशा में पदस्थ डॉ. अमलान भोई गायब हो गया। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने इसकी जानकारी कालीमेटा पुलिस थाने में जाकर दी। इसकी सूचना पर पुलिस की टीम ने डॉक्टर के सरकारी चर्टर में जाकर जांच भी की, जहां उन्होंने जांच के दौरान उन्हें एक पुराना फोन के साथ ही एक भाकपा (सीपीआई) माओवादी का एक पोस्टर जब्त किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नक्सलियों ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें गोस्टी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर की कमी के साथ ही मरीजों की देखभाल में व्यवधान का जिक्र किया गया है। पुलिस सभी पहलूओं पर जांच कर रही है कि नक्सलियों ने डॉक्टर का अपहरण किया है या फिर डॉक्टर स्वयं ही लापता हो गया है। डॉक्टर के इस तरह से गायब होने से इलाके में दहशत देखी जा रही है।

### ग्राहकों में दीर्घकालिक निवेश की आदत डालने आईसीआईसीआई प्रु प्लैटिनम लॉन्च

**रायपुर 4 जून।** लाइफ इंश्योरेंस की बेहतर स्कीम्स को लेकर ग्राहक हमेशा ही असमंजस में रहते हैं। निवेश करने के बाद उम्मीद के अनुरूप रिटर्न मिलेगा या नहीं, यह एक बड़ा सवाल है, जो ग्राहकों के मन में हमेशा बना रहता है। कई बार ग्राहक निवेश करने की कुछ ही अवधि में इसे रोक देते हैं, कारण कि उन्हें उनकी उम्मीद के अनुरूप रिटर्न नहीं मिला। ऐसे में, ग्राहकों में दीर्घकालिक निवेश की आदत डालने और बिना किसी लागत और कर के एसेट क्लास के बीच असीमित मुफ्त स्विच की पेशकश करते हुए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस लेकर आया है अपना पहला यूनिट-लिंक्ड प्रोडक्ट आईसीआईसीआई प्रू प्लैटिनम। चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पाल्टा ने कहा, फंड वैल्यू-आधारित डिस्ट्रीब्यूटर पे-आउट के साथ यह प्रोडक्ट अपनी तरह का सबसे शानदार प्रोडक्ट है। जीवन बीमा में सबसे महत्वपूर्ण क्लैम है और एक ग्राहक अनुकूल ब्रांड के रूप में हमारा लक्ष्य सभी क्लैम का तेजी से निपटान करना है। विशेष रूप से, यह ग्राहकों को लंबी अवधि में धन बनाने के लिए लागत और कर-कुशल मार्ग प्रदान करता है। इसके तहत डिस्ट्रीब्यूटर कमीशन कंपनी के ग्राहकों के एसेट अंडर मैनेजमेंट से जुड़ा होता है। यह प्रोडक्ट ग्राहकों को पूरी पॉलिसी अवधि के पूरे होने तक इससे जुड़े रहने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस प्रोडक्ट के तहत ग्राहकों 21 फंडों का विकल्प मिलता है, जिसमें 13 इक्विटी और ऋण और संतुलित श्रेणियों में से प्रत्येक के अलावा चार पोर्टफोलियो स्ट्रेटेजी का विकल्प भी शामिल है।

### भाजपा नेता ने दम्पति को पीटा, घटना सीसीटीवी में कैद

**सूरजपुर, 4 जून।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले से भाजपा नेता और उसके भाई पर बुजुर्ग दंपति को पीटने का आरोप है। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पूरा मामला झिलमिली थानाक्षेत्र के भैयाथान का है। मिली जानकारी के अनुसार, सूरजपुर में भाजपा नेता और उसके भाई पर बुजुर्ग दंपति को पीटने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि, पैसों के लेन-देन को लेकर विवाद हुआ था जिसके बाद बीजेपी नेता और भाई ने बुजुर्ग दंपति को पीटा। मामले की शिकायत के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

### मंदिर में चोरी करते चोर हुआ सीसीटीवी में कैद

**बालोद-रायपुर,4 जून।** गुंडरदेही थाना क्षेत्र के ग्राम कमरौद में स्तिथ जिले के प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में बीती रात 9:30 बजे अज्ञात चोरों ने हनुमानजी के मुकुट की चोरी कर दी। पहली बार हुई मंदिर में इस प्रकार की चोरी से सभी सकते में रह गए। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में हुई कैद हो गयी। मंदिर के गर्भगृह में हनुमानजी स्थापित हैं जहां चोर ने खिड़की तोड़कर प्रवेश किया और चाँदी के मुकुट के साथ अन्य आभूषणों और पास में रखे नगदी को भी पार कर गया। सॉल ओढ़कर चोर ने घटना को अंजाम दिया है जिससे उसकी पहचान न हो सके। मंदिर समिति ने चोरी की रिपोर्ट गुंडरदेही थाने में कर दी है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और डॉग स्कवायड की मदद से चोर की खोजबीन शुरू कर दी गयी है।

# कार्यशाला में दूषित जल से होने वाली बीमारियों की जानकारी दी

**रायपुर 4 जून ।** सामुदायिक स्तर पर स्वच्छ जल की उपलब्धता एवं गुणवत्ता के संबंध में पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सामुदायिक चिकित्सा विभाग में संस्था एवं यूनिसेफ के सहयोग से गुरुवार को एक दिवसीय कार्यशाला जल मंथन 2.0 का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ शासन के विभिन्न विभाग जैसे लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा, नगरी प्रशासन, पंचायत इत्यादि के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यशाला में स्वच्छ पेय जल की गुणवत्ता, जैविक एवं रसायनिक शुद्धता, जल गुणवत्ता परीक्षण एवं दूषित पानी से होने वाले विभिन्न रोगों के संबंध में विस्तृत परिचर्चा की गई।

इस परिचर्चा में विभिन्न विभागों के प्रतिभागियों ने इससे संबंधित उनके विभाग में संचालित गतिविधियों एवं अनुभवों को साझा किया तथा भविष्य की कार्ययोजना तैयार कर विभिन्न विभागों में सामंजस्य स्थापित करने हेतु सहमति बनी। इस कार्यशाला के शुभारंभ समारोह में पं.ज.ने. स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) के प्रभारी अधिष्ठाता, पैथोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. अरविंद नेरल मुख्य अतिथि थे। मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में डॉ. नेरल ने कहा कि जनसमान्य लोगों में शुद्ध पेयजल की उपलब्धता मात्र से ही अनेक जल जनित रोगों में नियंत्रण किया जा सका है जो कि जल जीवन मिशन की बड़ी उपलब्धि है। फिर भी इस दिशा में और वैज्ञानिक एवं तकनीकी कार्य करने की आवश्यकता है जिससे जलजनित बीमारियों को पूर्णतः नियंत्रित किया जा सके।

जल जनित रोगों एवं उनके रोकथाम के संबंध में सामुदायिक चिकित्सा विभाग के विभागाध्यक्ष, डॉ. निर्मल वर्मा द्वारा विचार व्यक्त किये गये, जिसमें उन्होंने जल में पाए जाने वाले जीवाणुओं, उनके होने के संकेत पर प्रकाश डाला एवं रोकथाम के उपायों पर चर्चा की। आशा लता गुप्ता, राज्य नोडल अधिकारी जल गुणवत्ता ने जल जनित रोगों से होने वाले प्रभावों पर प्रकाश डाला। परिमल दत्ता, मुख्य रसायनज्ञ ने वर्तमान में की जा रही जांच एवं जल के गुणवत्ता के बारे में बताया। उमेश साहू एवं डॉ. चयनिका नाग ने भी अपने विचार कार्यशाला में रखे। पेयजल की जैविक गुणवत्ता के संबंध में चिकित्सा महाविद्यालय के माईक्रोबायोलॉजी विभाग की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. नेहा सिंह द्वारा वैज्ञानिक तथ्यों को रखा गया। कार्यशाला के अंत में छत्तीसगढ़ राज्य हेतु पेयजल की गुणवत्ता के सुचारू रूप से संचालन हेतु रोडमैप तैयार कर शासन के समक्ष प्रेषित करने के लिए अनुशंसा की गई है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से आशा लता गुप्ता, राज्य नोडल जल गुणवत्ता, जल जीवन मिशन, परिमल दत्ता, मुख्य रसायनज्ञ, उमेश साहू, यूनिसेफ देवी दास, समर्थन, बिरजा, यूनिसेफ डॉ. चयनिका, आई.डी.एस.पी. से सम्मिलित हुए।

### सिकंदराबाद रेल मण्डल में तीसरी रेलवे लाइन के कार्य से ट्रेनें प्रभावित

**बिलासपुर 4 जून।** दक्षिण मध्य रेलवे, सिकंदराबाद रेल मण्डल के काजीपेट जं-बल्हारशाह सेक्शन के आसिफाबाद रोड-रेचनी रोड रेलवे स्टेशनों के बीच तीसरी रेलवे लाइन का कार्य जाएगा। यह कार्य दिनांक 17 जून से 6 जुलाई तक विभिन्न तिथियों में किया जाएगा। यह नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के लिए कुछ गाडियों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

## रेलवे के 31 सदस्यों को सेवानिवृत्त पर दी गई भावभीनी विदाई

**रायपुर,4 जून।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, रायपुर मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत रेल परिवार के 31 सदस्य (23 सामान्य एवं 8 असामान्य) 31 मई को अपनी गौरवशाली रेल सेवा पूर्ण करने के पश्चात् सेवानिवृत हुए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। रेलवे विभाग से शनिवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार रेलवे इंस्टीट्यूट (खारुन रेल विहार) में 31 मई को आयोजित समारोह में समस्त सेवानिवृत्त कर्मियों को विदाई दी गई। समारोह में सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी सुशील कुमार लकड़ा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक विजय कुमार शर्मा, सेवानिवृत्त कर्मी एवं उनके परिजन, कल्याण निरीक्षक तथा बंदोबस्त अनुभाग के कर्मचारी उपस्थित थे। मंडल के सेवानिवृत्त होने वाले 31 रेलकर्मियों में यांत्रिकी विभाग से 04, विद्युत विभाग से 04, इंजीनियरिंग विभाग से 07, परिचालन विभाग से 08, चिकित्सा विभाग 01, संकेत एवं दूरसंचार विभाग 01, कार्मिक विभाग से 01, सुरक्षा विभाग 01 एवं वाणिज्य विभाग से 04 कर्मचारी शामिल है। इस अवसर पर सहायक मंडल वित्त प्रबंधक द्वारा सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति का समस्त भुगतान प्रमाण-पत्र दिया गया। ई-पेमेंट के माध्यम से सेवानिवृत्त कर्मचारियों की कुल राशि रुपये 12 करोड़ 44 लाख 69 हजार 260 रुपये का भुगतान किया गया। पेंशन भुगतान आदेश, सेवानिवृत्त कर्मचारी का पहचान पत्र एवं कर्मचारियों एवं आश्रितों का पास कार्ड, सेवा मेडल आदि प्रदान किया गया। सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी एवं सहायक मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी को संबोधित करते हुए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सेवा के दौरान अपने दायित्यो का निर्वहन अच्छे से करने पर बधाई दी तथा स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखते हुए सेवानिवृत्त जीवन को अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के साथ आनंदपूर्वक व्यतीत करने की बात कही, साथ ही सेवानिवृत्ति के दौरान मिली राशि को सही जगह निवेश करने की सलाह दी। अंत में उन्होंने सभी को सेवानिवृति के पश्चात् सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की शुभकामनायें दी।

## समाचार संक्षेप

### पोलमपल्ली में गाज गिरने से पेड़ के नीचे खड़े 26 मवेशियों की हुई मौत



**सुकमा 4 जून।** जिले के पोलमपल्ली में तेज हवा, बारिश से बचने के लिए मवेशियों का झुंड पेड़ के नीचे खड़ा था, इसी दौरान वहां गाज गिरने से सभी 26 मवेशियों की मौत हो गई। मवेशियों के मौत की जानकारी सोमवार की सुबह मवेशी मालिक को लगी जिसके बाद सुबह गांव वाले मौके पर पहुचकर अपने अपने मवेशियों के शवों को उठाने में जुट गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पोलमपल्ली गांव में रोजाना की तरह मवेशी मालिक अपने मवेशियों को चरने के लिए छोड़ देते है और शाम होते ही लेने के लिए जाते है, लेकिन रविवार की शाम को जब मवेशी मालिक अपने मवेशियों को लेने जाने वाले थे, उसी दौरान गरज चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। काफी देर बारिश होने के साथ ही अंधेरा हो गया, जिसके बाद मवेशी मालिक अपने मवेशियों को लेने नही जा पाये। सुबह जब मालिक अपने मवेशियों को खोजते हुए जंगल पहुंचे तो देखा कि एक पेड़ के नीचे सभी 26 मवेशियों के ऊपर गाज गिरने के कारण उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सरपंच से लेकर अन्य लोगों को बताई, जिसके बाद गांव वाले मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी आला अधिकारियों को दिया गया है।

### रियासतकालीन बस्तर गोंचा पर्व संचालन समिति के विवेक पांडे बने अध्यक्ष



**जगदलपुर 4 जून।** रियासत कालीन बस्तर गोंचा पर्व की तैयारी के संबंध में स्थानीय जगन्नाथ मंदिर में 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पदेन पाढ़ी एवं पानीग्राही उमाशंकर पाढ़ी, राधाकांत पानीग्राही की अगुवई में 100 ग्रामों के 14 क्षेत्रिय समिति के पदाधिकारियों की मौजूदगी में बस्तर गोंचा पर्व को भव्यता के साथ मनाए जाने का निर्णय लिया गया। 360 कर आरण्यक ब्राह्मण समाज के द्वारा शताब्दियों से अनवरत मनाये जा रहे इस वृहद आयोजन के रियासत कालीन परंपराओं के निर्वहन व संचालन के लिए बस्तर गोंचा पर्व 2024 के निर्विघ्नता पूर्वक संचालन हेतु बस्तर गोंचा पर्व समिति का गठन किया गया जिसमें विवेक पांडे को सर्वसम्मति से बस्तर गोंचा महापर्व 2024 का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। वहीं चिंतामणि पांडे को उपाध्यक्ष, बिंबाधर पाण्डे को कोषाध्यक्ष, चंद्रशेखर पाढ़ी को सचिव एवं ईश्वर पानीग्राही को सह सचिव मनोनीत किया गया है । नव निर्वाचित बस्तर गोंचा अध्यक्ष विवेक पांडे के नेतृत्व में समिति के कार्यकारिणी के गठन के साथ ही बस्तर गोंचा महापर्व की तैयारी शुरू हो गई है। 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि वर्ष 2024-25 के वार्षिक महासभा (साधारण सभा) का आयोजन चंदन जात्रा पूजा विधान के साथ 22 जून को किया जावेगा, जिसमें नवीन प्रबंधकारणी का गठन होगा । सदस्यता शुल्क के संबंध में प्रबंधकारणी के कोषाध्यक्ष अनंत प्रसाद पांडे द्वारा वर्ष 2019-20, 2020-21, 2021-22 एवं 2022-23 में प्राप्त वार्षिक सदस्यता शुल्क के संबंध में सभी क्षेत्रीय अध्यक्षों को क्षेत्रवार जानकारी दी गई तथा शेष राशि अविलंब जमा करने हेतु आग्रह किया गया। सामाजिक भवन निर्माण समिति के कोषाध्यक्ष बनमाली पानीग्राही द्वारा संकल्पित राशि एवं अब तक जमा की गई राशि तथा व्यय राशि की विस्तृत जानकारी के साथ संकल्पित राशि जमा करने का आग्रह भी किया गया है।

# खेत-खलियान के पैरा को आग नहीं लगाने पुलिस की जनता से अपील

तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**चारामा 4 जून।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कांकेर आई.के. ऐलिसेला (भा.पु.से.) के निर्देशन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मनीषा रावटे ठाकुर के मार्गदर्शन पर श्रीमान् मोहसिन खान एस.डी.ओ.पी. कांकेर के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी चारामा दिलेश्वर चन्द्रवंशी के नेतृत्व मे थाना क्षेत्र में ग्राम भ्रमण गस्त पेट्रोलिंग किया जा रहा है पेट्रोलिंग के दौरान ग्राम गिरहाला में कोई किसान अपने खेत में पडे पैरा को आग लगाकर साफ सफाई कर रहा था जिससे आग फैलकर रौद्र रूप लेकर आग फैल रहा है कि सूचना पर वहां पहूंचकर पानी एवं रेत डालकर बुझाया गया है और सुरक्षा संबंधी समझाईश दिया गया । प्रायः देखने में आ रहा है कि ग्रामीण एवं नगरी क्षेत्र में खेती बाड़ी करने का समय आने पर किसान अपने - अपने खेत खलियान की साफ सफाई के के चलते वहां पर पड़े पैरा को आग लगा रहे है जिसके कारण आग फैल कर आबादी क्षेत्र तक पहुचकर जन धन की हानि होने की सभावना बना रहता है। खेत खलियान में आग न एवं कंही पर आग लगने पर तत्काल चारामा पुलिस को मोबाईल नंबर 9479194110 व कंट्रोल रूम कांकेर 9479194199 तथा फायर स्टेशन प्रभारी मो0न0 8770512468, 07868-222127 को सूचित करें । चारामा पुलिस ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि खेत खलियान के पैंरा को आग न लगावें, पैरा की आवश्यकता न हो तो ग्राम पंचायतों में बने गौठान /गौशाला में दान करें, गांव बस्ती के नजदीक आग न लगावें, हरा भरा पेड़ के पास आग न लगावें, राह चलते समय बीड़ी सिंगरेट जलाकर कही पर भी न फेंके, बच्चों को माचिस, ज्वलनशील वस्तु न देवें, आग से निकलने वाले धुंआ से पर्यावरण को नुकसान होता है कही भी आग न लगाये। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक दिलेश्वर चंद्रवंशी सउनि समसुद्दीन खान, भकेश राम पटेल प्रधान आरक्षक, अजेन नरेटी महिला आरक्षक, विद्या मंडावी आरक्षक, विष्णु मंडावी का विशेष योगदान रहा।

# दालों की कीमतों में हुई जबरदस्त वृद्धि



**रायपुर, 4 जून।** आवक की तुलना में मजबूत बाजार मांग के कारण राहर दाल की कीमतों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। पिछले दो महीने में ही अरहर दाल की कीमत में 25 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है. थोक बाजार में यह 185 रुपये प्रति किलो और चिल्हर में 195 रुपये प्रति किलो बिक रहा है. व्यापारियों का कहना है कि खराब फसल से उनकी आय काफी कम हो गई है और बाजार में मांग बढ़ गई है, जिससे अरहर दाल की कीमत बढ़ गई है। राहर दाल के साथ-साथ चना दाल की कीमत में भी भारी बढ़ोतरी हुई है और चिल्हर में चना दाल 95 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है. व्यापारियों का कहना है कि जैसे-जैसे आय में सुधार होगा, कीमतें भी कम होंगी।

दालों के साथ-साथ मसालों की कीमतें भी इन दिनों तेजी से बढ़ रही हैं, खासकर हल्दी की कीमत 350 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। लंबे समय से गिर रही खाद्य तेल की कीमतें अब बढ़ने लगी हैं। हालांकि, फिलहाल सोया तेल 100 से 110 रुपये प्रति लीटर और फल्ली तेल 160 से 190 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है. लेकिन सरसों के तेल की कीमत में भारी वृद्धि हुई है और इन दिनों थोक में सरसों तेल की कीमत रु. 2250 प्रति टिन तक पहुंच गया है. एक माह पहले सरसों का तेल 2050 रुपये प्रति टिन बिक रहा था.

इन दिनों चीनी के दाम भी बढ़ रहे हैं और चीनी 3850 से 4200 रुपये प्रति क्विंटल बिक रही है, जबकि चिल्हर में चीनी 44 रुपये प्रति किलो बिक रही है. चीनी की मांग भी अधिक है, जिसके कारण कीमतें बढ़ रही हैं।

## नक्सलियों ने अपने संगठन को छोड़कर मुख्यधारा में जुडने की इच्छा जताई

# 17 लाख के ईनामी 5 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण



**जगदलपुर 4 जून।** 17 लाख के इनामी पांच नक्सलियों ने अपने संगठन को छोड़कर मुख्यधारा में जुडने की इच्छा जताते हुए हुए मंगलवार को आत्मसमर्पण किया, सभी नक्सली अलग - अलग घटनाओं में शामिल थे जिसमें टोण्डामरका मुठभेड़, सलातोंग मुठभेड़ और साकलेर मुठभेड़ प्रमुख रूप हैं। आत्मसमर्पित नक्सली नक्सली संगठन के पीएलजीए बटालियन नंबर 1 और दक्षिण बस्तर डिवीजन कमेटी में अलग-अलग पदों पर लंबे समय से काम कर रहे थे।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सलवाद से तंग आकर 8 लाख के इनामी पीएलजीए बटालियन नम्बर 01 का सप्लाई टीम डिप्टी कमाण्डर और पीपीसीएम मडक्रम पांडू, 5 लाख के इनामी पामेड़ एरिया कमेटी सदस्य व एरिया मेडिकल टीम प्रभारी एसीएम मडकम मासा, 2 लाख के इनामी प्लाटून नम्बर 10 बी सेक्शन कमाण्डर कोमरम दूला, एक लाख की ईनामी महिला पीएलजीए बटालियन सदस्या रव्वा भीमे और दक्षिण सब जोनल ब्यूरो प्रेस टीम सदस्य व पार्टी सदस्य शेखर उर्फ मुका सोड़ी ने पुलिस के समक्ष बिना हथियार के सरेंडर कर दिया है। इस दौरान आत्मसमर्पित नक्सलियों को पुलिस व सीआरपीएफ अधिकारियों ने प्रोत्साहन राशि भी दी गई है।

पुलिस के अनुसार मडक्रम पांडू पीएलजीए बटालियन नम्बर 1 का सप्लाई टीम डिप्टी कमाण्डर और पीपीसीएम के रूप में काम कर रहा था। दिसंबर 2011 से फरवरी 2012 तक ग्राम कन्हाईपाड़ मिलिशिया सदस्य के रूप में काम किया। उसके बाद मार्च 2012 मार्च से 2016 तक पीएलजीए बटालियन सप्लाई टीम पीएलजीए सदस्य रहा। साल 2017 से अप्रैल 2024 तक पीएलजीए बटालियन सप्लाई टीम डिप्टी कमाण्डर/पीपीसीएम की कमान सौंपी गई। मडक्रम पांडू टोण्डामरका मुठभेड़, दुरमा मुठभेड़, सलातोंग मुठभेड़ और साकलेर मुठभेड़ में शामिल रहा।

### सत्ता के अहंकार में चूर भाजपाई पत्रकारों और जनता को खुलेआम धमका रहे

**रायपुर 2 जून।** वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक रिकेश सेन के टिप्पणी को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सत्ता के अहंकार में भाजपा के नेता अपना लोकतांत्रिक धर्म भूल चुके हैं। निर्वाचित जनप्रतिनिधि, जनता के प्रति जवाबदेह हैं, लेकिन अपनी नाकामियों और अवैधानिक कृत्यों पर परदेदारी करने भाजपा नेता खुलेआम धमकाने लगे हैं। पत्रकारों को सार्वजनिक तौर पर ब्लैकमेलर और दलाल कहना सीधे तौर पर लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को अपमानित करना है। भाजपा विधायक रिकेश सेन के खिलाफ़ सैकड़ों लोगों ने पुलिस अधिकारियों को शिकायत का ज्ञापन सौंपा है। ऐसे व्यक्ति को आखिर किसका सरंक्षण है? क्या मजबूरी है? साय सरकार तत्काल एफआईआर दर्ज कर, ठोस कार्यवाही करे और पत्रकारों से निःशर्त माफ़ी मांगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया, अभिव्यक्ति की आजादी और असहमति का भी पूरा सम्मान किया। हर तरह से समीक्षा और विचारों को स्थान दिया गया लेकिन छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आते ही पत्रकारों को दमन पूर्वक नियंत्रित करने अनुचित दबाव बनाने का कुत्सित प्रयास शुरु हो गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि डबल इंजन की सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में माफिया राज शुरू हो गया है।

### अज्ञात हमलावरों ने प्रधान आरक्षक की धारदार हथियार से की हत्या

**सुकमा 4 जून।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के गादीरास थाना क्षेत्र अंर्तगत गादीरास अस्पताल के पीछे रविवार देर रात अज्ञात हमलावरों ने प्रधान आरक्षक सोढ़ी लक्ष्मण की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई है। प्रधान आरक्षक का शव गादीरास अस्पताल के पीछे मिला है। सुकमा पुलिस के अनुसार 2-3 जून की दरम्यानी रात हत्यारों ने वारदात को अंजाम दिया है। घटना स्थल का निरीक्षण कर पुलिस ने पंचनामे के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया है। नक्सल हत्या व पुरानी रंजिश के सभी पहलूओं पर पुलिस जांच कर रही है। फिलहाल किस वजह से और किन लोगों ने हत्या की है, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर स्थित गादीरास में पिछले दो दिनों से मेले का आयोजन चल रहा था। जहां आसपास के गांवो से ग्रामीण शामिल होने पहुंचे थे। वहीं डीआरजी का प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सोढ़ी की ड्यूटी मेले की सुरक्षा में लगी थी। दिन में ड्यूटी करने के बाद वह घर वापस लौटा गया था। रात में अज्ञात लोगो ने आरक्षक को बुलाया जहां आरक्षक आदिवासी वेषभूषा पहनकर घर से निकला था। रात में बारिश होने लगी बारिश बंद होने के बाद मेले में कुछ ही लोग बचे हुए थे। देर रात करीब 3 बजे के बाद अज्ञात हत्यारों ने धारदार हथियार से प्रधान आरक्षक लक्ष्मण सोढ़ी का गला रेत दिया। इस हमले में लक्ष्मण की मौके पर ही मौत हो गई। इस हत्या की वारदात को नक्सलियों के एक छोटे दल के द्वारा अंजाम दिए जाने की संभावना व्यक्त की जा रही है। गादीरास पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि जवान की हत्या नक्सलियों द्वारा अथवा आपसी रंजिश का नतीजा है, सभी पहलूओं पर जांच की जा रही है।

# भूपेन्द्र किशोर वैष्णव एवं यमराज साहू एक साल के लिए जिलाबदर

**रायगढ़, 4 जून।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने 3 जून 2024 को आदेश जारी कर भूपेन्द्र किशोर वैष्णव, पिता-डीडी वैष्णव, उम्र-38 वर्ष, निवासी-टाउनहाल के पास, खरसिया, थाना-खरसिया तहसील खरसिया, जिला-रायगढ़ तथा बबलू उर्फ यमराज साहू, पिता-संतराम साहू, निवासी-छातामुड़ा नाका, एफसीआई गोदाम के पास जूटमिल, रायगढ़ चौकी जूटमिल, रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 (क) एवं (ख)के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा भूपेन्द्र किशोर वैष्णव एवं बबलू उर्फ यमराज साहू को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। भूपेन्द्र किशोर वैष्णव एवं बबलू उर्फ यमराज साहू को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर भूपेन्द्र किशोर वैष्णव एवं बबलू उर्फ यमराज साहू के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर यह पाया गया कि भूपेन्द्र किशोर वैष्णव धोखाधड़ी, फर्जी पत्रकार बनकर रूपये की उगाही कर लोगों को ब्लैक मेलिंग करने, शासकीय कर्मचारियों पर हमला एवं अजजा/जजा के प्रकरण सामाजिक वैमन्यस्यता उन्माद बढ़ाने तथा मारपीट के प्रकरण पंजीबद्ध है। भूपेन्द्र किशोर वैष्णव वर्ष 2001 से लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहा है। उसके विरूद्ध कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत लगातार कार्यवाहियां भी की गई है, फिर भी उसके आचरण में कोई असर परिलक्षित नहीं हुआ है। जिससे जनसामान्य एवं समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है तथा कानून व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसके आपराधिक कृत्यों में विधिक तरीके से कार्यवाही किए जाने के बावजूद सुधार की कोई अन्य विकल्प नहीं होने से छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाया जाना नितांत आवश्यक हो गया है। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा भूपेन्द्र किशोर वैष्णव के विरूद्ध छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 (क)एवं (ख)के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। इसी तरह बबलू उर्फ यमराज साहू वर्ष 2017 से अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहकर धोखाधड़ी, आबकारी एवं एनडीपीएस एक्ट से संबंधित अपराध घटित करते आ रहा है। उसके विरूद्ध चौकी जूटमिल में विभिन्न आपराधिक प्रकरण दर्ज है। उक्त कार्यवाहियों के बावजूद बबलू उर्फ यमराज साहू के आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। उसके आपराधिक आचरण के कारण आम जनता में असुरक्षा एवं भय का माहौल बना हुआ है और जनसामान्य एवं समाज में तीव्र आक्रोश व्याप्त है तथा कानून व्यवस्था पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। इसके आपराधिक कृत्यों में विधिक तरीके से कार्यवाही किए जाने के बावजूद सुधार की कोई अन्य विकल्प नहीं होने से छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की अंतर्गत कार्यवाही अमल में लाया जाना नितांत आवश्यक हो गया है। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ द्वारा मुकेश अग्रवाल के विरूद्ध छ.ग.राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 धारा 3 एवं 5 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने हेतु प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। जिसके पश्चात कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी श्री गोयल ने आदेश पारित किया कि अनावेदक लगातार अपराधिक कृत्य में संलग्न होकर अपराधिकृत प्रवृत्ति का व्यक्ति है जिससे कानून व्यवस्था एवं लोक व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः राज्य सुरक्षा अधिनियम के उक्त प्रावधान के तहत उसे जिले से निष्कासित किए जाने का पर्याप्त कारण है। अतः राज्य की सुरक्षा व कानून व्यवस्था को बनाये रखने के लिए भूपेन्द्र किशोर वैष्णव एवं बबलू उर्फ यमराज साहू को इस जिला तथा समीपवर्ती जिलों से निष्कासित किया जाना अति आवश्यक हो गया है। अतएव भूपेन्द्र किशोर वैष्णव एवं बबलू उर्फ यमराज साहू को रायगढ़ जिले तथा समीपवर्ती जिले सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले की सीमाओं से एक वर्ष की अवधि के लिए निष्कासित किया जाता है। भूपेन्द्र किशोर वैष्णव एवं बबलू उर्फ यमराज साहू को आदेश पारित होने के 24 घंटे के भीतर उक्त जिलों की सीमा से बाहर जाना होगा।

## एक नजर

### सहकारी समितियों में धान बीज 24457 क्विंटल एवं उर्वरक 25171 मी.टन भंडारित

**महासमुंद 4 जून ।** कलेक्टर श्री प्रभात मलिक के निर्देशानुसार किसानों को बीज एवं उर्वरक का अग्रिम उठाव को प्रोत्साहित करने उप संचालक कृषि श्री एफ. आर. कश्यप के मार्गदर्शन में खरीफ 2024 में जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज एवं उर्वरक समय पर प्राप्त हो सके, इस उद्देश्य से जिले के 130 सेवा सहकारी समितियों में संबंधित ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिले में इस खरीफ वर्ष धान बीज का भण्डारण सहकारी समितियों में 24457 क्विंटल किया गया है, जिसमें 5517 क्विंटल वितरण किया गया है तथा 18940 क्विंटल शेष है। इसी प्रकार उर्वरक यूरिया 11671 मि.टन, सिंगल सुपर फास्फेट 3160 मि.टन, डी.ए.पी. 7680 मि.टन., एन.पी.के. 1281 मि.टन, पोटाश 1378 मि.टन इस तरह कुल 25171 मि.टन. सेवा सहकारी समितियों में भण्डारण किया गया है। कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के द्वारा लगातार किसानों को उर्वरक के अग्रिम उठाव हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। अब तक जिले में यूरिया 4388 मि.टन, सिंगल सुपर फास्फेट 986 मि.टन, डी.ए.पी. 2294 मि.टन., एन.पी.के. 135 मि.टन, पोटाश 332 मि.टन, कुल 8135 मि.टन. का किसानों द्वारा अग्रिम उठाव किया गया है। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के द्वारा किसानों को संतुलित उर्वरक का उपयोग करने एवं एन.पी.के. 12.32.16, एन.पी.के. 20.20.0.13 एवं एस.एस.पी., के महत्व को बताते हुए किसानों को अग्रिम उठाव हेतु प्रोत्साहित किया जा रहा है। कृषकों से अपील किया गया है कि अपनी लिमिट अनुसार बीज एवं उर्वरक का उठाव करे, चूंकि मानसून शीघ्र आने की संभावना है, जिससे आने वाले समय में समितियों में भीड़ बढ़ेगी। अतः परेशानी से बचने के लिए बीज एवं उर्वरक का अग्रिम उठाव कर लेवें।

### 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

रायगढ़, 4 जून। माननीय उच्चतम न्यायालय में 29 जुलाई से 03 अगस्त 2024 तक विशेष लोक अदालत आयोजित होना प्रस्तावित है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित ऐसे मामले जो माननीय उच्चतम न्यायालय के समक्ष लम्बित हैं, जिन्हें राजीनामा के माध्यम से विशेष लोक अदालत में निराकृत कराये जाने हेतु चिन्हांकित किया गया है। अरविन्द कुमार सिन्हा, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आयोजित उक्त विशेष लोक अदालत के संबंध में आम नागरिकों में जागरूकता लाने हेतु पैरालीगल वालिंटियर्स तथा थाना के सहयोग एवं समन्वय से सार्वजनिक स्थल में सहज दृश्य भाग पर पाम्प्लेट्स एवं बैनर लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में रायगढ़ जिलान्तर्गत चिन्हांकित 05 प्रकरणों में उभय पक्षकारों को संबंधित थाना एवं मचकुरी तथा पैरालीगल वालिंटियर्स के माध्यम से नोटिस की तामीली का प्रयास किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य से भिन्न राज्यों में निवासरत पक्षकारों को संबंधित राज्य के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से नोटिस तामिली कराई जा रही है, जिसमें पक्षकारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उनका विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, न्यायालय परिसर रायगढ में वर्चुअल/फिजिकल प्रीसिटिंग 1 जून को किया जाना निर्धारित किया गया है। प्रीसिटिंग किये जाने हेतु प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायगढ़ एवं वरिष्ठतम न्यायिक मजिस्ट्रेट/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रायगढ़ को नामित किया गया है।

### रेलवे स्टेशन अरण्ड के पास अज्ञात व्यक्ति का शव मिला

**महासमुंद 4 जून।** थाना खल्लारी अंतर्गत 29 मई 2024 को रात्रि 11:00 बजे अज्ञात पुरूष का 2ाव उम्र करीब 25-30 वर्ष रेलवे स्टेशन अरण्ड के गेट नम्बर 02 के पास 100 मीटर की दूरी पर पलास वृक्ष के नीचे मृत अवस्था में मिला है। थाना प्रभारी खल्लारी ने उनके हुलिया के संबंध में बताया कि सिर के बाल काले, चेहरे पर दाढ़ी, पतला-दुबला, ऑखे अर्द्धखुली, बंद नाक, कान साफ है। मुंछ, दाढ़ी, गला साफ, 2रीर पर कोई कपड़ा नहीं है। दाहिना हाथ उपर की ओर मुड़ी हुई और बायां हाथ कमर की ओर मुड़ी हुई। कमर पर गहरा नीला रंग का चड्डा पहना हुआ है। उन्होंने कहा कि जिन्हें भी इस संबंध में जानकारी हो तो कृपया पुलिस अधीक्षक महासमुंद फोन नम्बर 07723-223500, कंट्रोल रूम नम्बर 07723-223155 और जांच प्रभारी अधिकारी श्री भीखम साहू के मोबाईल नम्बर 99779-39729 पर सूचित कर सकते है।

### बिलासपुर में सवारी ले जा रही पिकअप को ट्रक ने मारी टक्कर, 25 घायल

**बिलासपुर, 4 जून ।** बिलासपुर जिले सवारियों से भरी पिकअप हादसे का शिकार हो गई। रविवार को तेज र तार ट्रक ने पिकअप को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में तीन ब'चो सहित कुल 25 लोग घायल हो गए। घायलों में 9 महिलाएं भी शामिल हैं। सभी घायलों को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है।बताया जा रहा है कि पिकअप में ×0 लोग सवार होकर मरही माता दर्शन करने जा रहे थे। रतनपुर थाना क्षेत्र के बेलगहना के बीच ग्राम रानी बछ्ली मोड़ के तरफसे आ रही ट्रक सीजी 15 ष्ठड्ड 8×12 से टक्कर हो गई। इस हादसे में करीब गाड़ी मे सवार सभी लोग घायल हो गये जिसे तत्कालिक इलाज के लिए रतनपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर जाया गया वहीं कुछ घायलों की स्थिति गंभीर होने के कारण कुछ लोगों को बिलासपुर के सि स अस्पताल रेफर कर दिया गया है। सभी घायल बिल्हा थाना क्षेत्र के ग्राम कया के रहने वाले बताया जा रहा हैं फिलहाल पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच कर कार्रवाई कर रही है।

### ट्रेलर चालक से लूट के चार आरोपी गिरफ्तार, तीन फरार

**कोरबा, 4 जून ।** कोयला खाली कर वापस लौट रहे ट्रेलर चालक से मारपीट कर ×1 हजार नकद, ड्राइविंग लाइसेंस व आधार कार्ड लूट लिए थे। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने चार आरोपित को गिर तार लूट की राशि बरामद की। मामले में शामि तीन आरोपित अभी भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है।

## यूथ एवं इको क्लब मास्टर ट्रेनर्स को दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़, 4 जून।** जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी बाखला के मार्गदर्शन में रायगढ़ जिला एवं सारंगढ़ जिले के चयनित 40-40 मास्टर ट्रेनर्स जो जिले में यूथ एवं इको क्लब से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का संचालन, निरीक्षण एवं विकासखंड स्तर पर प्रशिक्षण हेतु उत्तरदाई है का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रायगढ़ की शासकीय नटवर इंग्लिश स्कूल के सभा कक्ष में संपन्न हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए यूथ एवं क्लब के जिला नोडल अधिकारी एवं एपीसी श्री आलोक स्वर्णकार ने कहा कि आज के परिपेक्ष्य में यूथ एवं युवा क्लब विद्यालय की एक अनिवार्य गतिविधि हो गई है। उन्होंने कहा की वर्तमान में हम जिस भीषण गर्मी से गुजर रहे हैं उसके प्रति चिंतन करना चाहिए और समाज एवं देश के भविष्य छोटे बच्चों को प्रारंभ से ही पौधों एवं उनके रोपण तथा संरक्षण के प्रति जागरूक करते हुए उनके महत्व को बताना चाहिए। उन्होंने कहा सभी मास्टर ट्रेनर्स को अपने-अपने जिले के विभिन्न विकास खंडों में जाकर राज्य शासन के निर्देशिका के अनुसार उनके निर्देशों का पालन करते हुए पोषण वाटिका एवं जल संरक्षण के विभिन्न गतिविधियों को वर्षभर संचालित करने पर होगा। प्रथम सत्र में एस आर जी सुश्री गौरी पटेल एवं श्रीमती बेला चौहान द्वारा जल के महत्व एवं उनके संरक्षण से संबंधित विभिन्न गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए इनके संरक्षण में सामुदायिक सहभागिता को कैसे जोड़ा जा सकता है तथा उस पर कैसे कार्य करना है के संबंध में बताया गया। द्वितीय सत्र के प्रारंभ में जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी ने कहा कि यूथ एवं इको क्लब के विभिन्न गतिविधियों को विद्यार्थियों में बांटकर इसकी एक विस्तृत कार्य योजना बनाते हुए वर्ष भर इस पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। ए पी सी श्री भुवनेश्वर पटेल एवं एपीसी भूपेंद्र पटेल द्वारा यूथ एवं इको क्लब के महत्व एवं सतत इसका संरक्षण हम कैसे करें, इस पर बल दिया और कहा कि यह सिर्फ शासकीय आयोजन न रहकर मानव जीवन की रक्षा के लिए आवश्यक गतिविधि है अतः हमें पूरे निष्ठा एवं गंभीरता से वर्ष भर इस पर कार्य करना चाहिए तथा इसकी शुरुआत इसके संस्कार की शुरुआत बच्चों से ही करनी पड़ेगी। ताकि वे भविष्य में राष्ट्र के एक सफल एवं जिम्मेदार नागरिक बन सके तथा इस क्लब के महत्व को चरितार्थ कर सके। द्वितीय सत्र में एस आर जी खगेश साहू एवं नारायण साहू ने पोषण वाटिका को कैसे हम विकसित कर उनका संरक्षण कर सकते हैं तथा कम से कम जगह पर उन्नत पौधों को लगा सकते हैं तथा उसे पोषण एवं शुद्ध वायु कैसे प्राप्त कर सकते हैं इस विषय पर प्रकाश डाला तथा निर्देशिका के विभिन्न बिंदुओं को बड़े ही सरल शब्दों में प्रस्तुत किया। इस प्रशिक्षण में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले से आए हुए 40 मास्टर ट्रेनर तथा रायगढ़ जिले के 7 विकासखंड से आए हुए 40 मास्टर ट्रेनर्स ने पूरी गंभीरता के साथ इस प्रशिक्षण के मुख्य बिंदुओं को नोट किया तथा सभी ने यह शपथ ली कि वे अपने कार्य क्षेत्र में जाकर पूरे निष्ठा के साथ इस क्लब के उद्देश्यों को पूरा करेंगे। राज्य कार्यालय के निर्देशानुसार समाज में इस विषय पर जागरूकता लाने हेतु अलग-अलग साप्ताहिक गतिविधियों का पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ अपने पालन करने के निर्देश जिला मिशन समन्वयक ने दिया तथा इसके उद्देश्य की पूर्ति के लिए विद्यालय स्तर पर क्लब के गठन के महत्व को समझाते हुए बच्चों को भी जागरूक करने को कहा। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रथम फाउंडेशन से आए हुए प्रतिनिधि ने भी बदलते हुए पर्यावरण एवं उसके दुष्प्रभाव विषय पर विस्तृत चर्चा की तथा इस पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के अंत में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों से जो कि अपने विकास करो में जाकर इस क्लब के उद्देश्यों का ज्ञान करेंगे से प्रशिक्षण के फीडबैक लेते हुए उनके सुझावों पर भी जिले में कार्य करने पर दिया गया।

## बिरहोर मतदाताओं ने मतदान में बढ़-चढ़ कर निभाई हिस्सेदारी

**रायगढ़, 4 जून।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित मतदाता जागरूकता संबंधी गतिविधियों अर्थात स्वीप कार्यक्रम का एक अत्यंत उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली परिणाम जिला-रायगढ़ में दृष्टिगोचर हुआ है। इस जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र धरमजयगढ़ तथा लैलूंगा में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर के मतदाताओं ने मतदान कार्यवाही में बढ़-चढ़कर भागीदारी प्रदर्शित की है जिसके परिणाम स्वरूप इस जनजाति के मतदाताओं के बहुलता वाले मतदान केन्द्रों में 90 प्रतिशत मतदान की स्थिति दृष्टिगोचर हुई है, जो कि संपूर्ण राज्य में मतदान प्रतिशत के अनुसार एक उत्कृष्ट प्रदर्शन है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विधानसभा क्षेत्र 19-धरमजयगढ़ के 17 मतदान केन्द्र बिरहोर जनजाति के मतदाताओं की बहुलता वाले हैं जिनमें कुल पंजीकृत 480 मतदाताओं में से 430 मतदाताओं ने मतदान प्रकिया में अपनी सहभागिता प्रदर्शित की है। इस विधानसभा क्षेत्र के मतदान केन्द्र क्रमांक 175-कोटरीमाल, 63-रायमेर में शत-प्रतिशत मतदाताओं ने मतदान कार्यवाही में भाग लेकर इतिहास रचा है। वहीं विधानसभा क्षेत्र 15 लैलूंगा के 09 मतदान केन्द्र बिरहोर जनजाति की बहुलता वाले हैं जिनमें कुल पंजीकृत 182 मतदाता में से 155 मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में भागीदारी की है। इस विधानसभा क्षेत्र में भी मतदान केन्द्र क्रमांक 108-झगरपुर, 137-हिंझर में शत-प्रतिशत मतदान की स्थिति देखने को प्राप्त हुई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल के मार्गदर्शन में किये गये विशेष प्रयासों तथा उत्कृष्ट रणनीति के फलस्वरूप जिला रायगढ़ इस मुकाम को प्राप्त करने में सक्षम हो पाया है। श्री गोयल द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के सामान्य पर्यवेक्षक श्री अंशज सिंह की उपस्थिति में उनके साथ बिरहोर बहुल बसाहटों का दौरा किया तथा मतदाताओं के बीच उनकी स्वयं की बोली तथा भाषा में मतदान कार्य के महत्व को प्रसारित किया। यही नहीं कलेक्टर श्री गोयल के नेतृत्व में जिला निर्वाचन के टीम द्वारा बिरहोर बहुल बसाहटों में मतदाताओं को मतदान केन्द्रों पर दी जाने वाली सुविधाओं की उपलब्धता की दिशा में पूरजोर प्रयास किया।

## दुर्ग में भाजपा के विजय बघेल 1 लाख 82 हजार वोटों से निर्णायक बढ़त ली

**भिलाई, 4 जून।** दुर्ग संसदीय क्षेत्र में भाजपा निर्णायक बढ़त लेते हुए विजय पथ पर बढ़ी जा रही है। भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के राजेंद्र साहू से मतगणना के प्रत्येक राउंड में काफी आगे निकल गए हैं।

पहले राउंड में ही भाजपा के प्रत्याशी विजय बघेल ने कांग्रेस के राजेंद्र साहू से 23 हजार 987 वोटों की बढ़त बना ली थी। पहले राउंड में विधानसभावार मतगणना देखें तो पाटन से भाजपा को 6881 एवं कांग्रेस को 3848 वोट। दुर्ग ग्रामीण से भाजपा को 5571 एवं कांग्रेस को 3344 वोट। दुर्ग शहर से भाजपा को 7049 एवं कांग्रेस को 2390 वोट । भिलाई नगर से भाजपा को 5081 एवं कांग्रेस को 2907 वोट। वैशाली नगर से भाजपा को 5901 एवं कांग्रेस को 2212 वोट। अहिवारा से भाजपा को 6947 एवं कांग्रेस को 2338 वोट। साजा से भाजपा को 4304 एवं कांग्रेस को 3391 वोट। बेमेतरा से भजपा को 4968 एवं कांग्रेस को 3872 वोट। नवागढ़ से भाजपा को 5358 एवं कांग्रेस को 3971 वोट। इस प्रकार पहले राउंड में भाजपा को कुल 52260 वोट मिले जबकि कांग्रेस को कुल 28273 मत हासिल हुए।

**दूसरे राउंड में** – पाटन से भाजपा को 7863 एवं कांग्रेस को 3277 वोट। दुर्ग ग्रामीण से भाजपा को 6584 एवं कांग्रेस को 3486 वोट। दुर्ग शहर से भाजपा को 6354 एवं कांग्रेस को 2604 वोट। भिलाई नगर से भाजपा को 4593 एवं कांग्रेस को 2755 वोट। वैशाली नगर से भाजपा को 6232 एवं कांग्रेस को 1563 वोट। अहिवारा से भाजपा को 4731 एवं कांग्रेस को 3155 वोट। साजा से भाजपा को 4660 एवं कांग्रेस को 3271 वोट। बेमेतरा से भजपा को 6618 एवं कांग्रेस को 2262 वोट। नवागढ़ से भाजपा को 5939 एवं कांग्रेस को 3336 वोट। इस प्रकार पहले राउंड में भाजपा को कुल 53574 वोट मिले जबकि कांग्रेस को कुल 25709 मत हासिल हुए।

**तीसरे राउंड में** – पाटन से भाजपा को 7425 एवं कांग्रेस को 3343 वोट। दुर्ग ग्रामीण से भाजपा को 6872 एवं कांग्रेस को 3599 वोट। दुर्ग शहर से भाजपा को 8272 एवं कांग्रेस को 2476 वोट। भिलाई नगर से भाजपा को 4742 एवं कांग्रेस को 2539 वोट। वैशाली नगर से भाजपा को 5572 एवं कांग्रेस को 2561 वोट। अहिवारा से भाजपा को 4289 एवं कांग्रेस को 4061 वोट। साजा से भाजपा को 6392 एवं कांग्रेस को 3102 वोट। बेमेतरा से भजपा को 5750 एवं कांग्रेस को 3106 वोट। नवागढ़ से भाजपा को 4712 एवं कांग्रेस को 3337 वोट। इस प्रकार तीसरे राउंड में भाजपा को कुल 54026 वोट मिले जबकि कांग्रेस को कुल 28124 मत हासिल हुए।

**चौथे राउंड में** – पाटन से भाजपा को 7008 एवं कांग्रेस को 4422 वोट। दुर्ग ग्रामीण से भाजपा को 5035 एवं कांग्रेस को 3983 वोट। दुर्ग शहर से भाजपा को 7126 एवं कांग्रेस को 2339 वोट। भिलाई नगर से भाजपा को 5446 एवं कांग्रेस को 2922 वोट। वैशाली नगर से भाजपा को 7185 एवं कांग्रेस को 2493 वोट। अहिवारा से भाजपा को 5241 एवं कांग्रेस को 4186 वोट। साजा से भाजपा को 4367 एवं कांग्रेस को 2831 वोट। बेमेतरा से भाजपा को 4819 एवं कांग्रेस को 4435 वोट। नवागढ़ से भाजपा को 5124 एवं कांग्रेस को 2973 वोट। इस प्रकार चौथे राउंड में भाजपा को कुल 51351 वोट मिले जबकि कांग्रेस को कुल 30584 मत हासिल हुए।

**पांचवें राउंड में** – पाटन से भाजपा को 5131 एवं कांग्रेस को 4049 वोट। दुर्ग ग्रामीण से भाजपा को 6620 एवं कांग्रेस को 3701 वोट। दुर्ग शहर से भाजपा को 7535 एवं कांग्रेस को 2054 वोट। भिलाई नगर से भाजपा को 5814 एवं कांग्रेस को 2663 वोट। वैशाली नगर से भाजपा को 6405 एवं कांग्रेस को 3218 वोट। अहिवारा से भाजपा को 5653 एवं कांग्रेस को 3784 वोट। साजा से भाजपा को 4595 एवं कांग्रेस को 2247 वोट। बेमेतरा से भाजपा को 6262 एवं कांग्रेस को 2950 वोट। नवागढ़ से भाजपा को 5646 एवं कांग्रेस को 2715 वोट। इस प्रकार पांचवें राउंड में भाजपा को कुल 53661 वोट मिले जबकि कांग्रेस को कुल 27351 मत हासिल हुए।

**छठवें राउंड में** – पाटन से भाजपा को 5331 एवं कांग्रेस को 3712 वोट। दुर्ग ग्रामीण से भाजपा को 6432 एवं कांग्रेस को 3591 वोट। दुर्ग शहर से भाजपा को 7740 एवं कांग्रेस को 2712 वोट। भिलाई नगर से भाजपा को 5022 एवं कांग्रेस को 2749 वोट। वैशाली नगर से भाजपा को 8102 एवं कांग्रेस को 2685 वोट। अहिवारा से भाजपा को 6527 एवं कांग्रेस को 4079 वोट। साजा से भाजपा को 5180 एवं कांग्रेस को 2812 वोट। बेमेतरा से भाजपा को 6646 एवं कांग्रेस को 3120 वोट। नवागढ़ से भाजपा को 5305 एवं कांग्रेस को 2501 वोट। इस प्रकार छठवें राउंड में भाजपा को कुल 56285 वोट मिले जबकि कांग्रेस को कुल 27961 मत हासिल हुए।

**सातवें राउंड में** – पाटन से भाजपा को 5137 एवं कांग्रेस को 4804 वोट। दुर्ग ग्रामीण से भाजपा को 6889 एवं कांग्रेस को 3166 वोट। दुर्ग शहर से भाजपा को 8539 एवं कांग्रेस को 2263 वोट। भिलाई नगर से भाजपा को 5867 एवं कांग्रेस को 3937 वोट। वैशाली नगर से भाजपा को 7999 एवं कांग्रेस को 2408 वोट। अहिवारा से भाजपा को 7171 एवं कांग्रेस को 2416 वोट। साजा से भाजपा को 5233 एवं कांग्रेस को 3653 वोट। बेमेतरा से भाजपा को 5421 एवं कांग्रेस को 3878 वोट। नवागढ़ से भाजपा को 4928 एवं कांग्रेस को 2953 वोट। इस प्रकार सातवें राउंड में भाजपा को कुल 57184 वोट मिले जबकि कांग्रेस को कुल 28478 मत हासिल हुए।

समाचार की इन पंक्तियों के लिखे जाने तक सातवें राउंड की गिनती तक भाजपा को कुल 378341 वोट तो कांग्रेस को कुल 196480 मत मिले हैं। इस प्रकार सातवें राउंड तक भाजपा कांग्रेस से 1 लाख 81 हजार 861 मतों से आगे चल रही है।




### चित्र से दिया पेड़ों को बचाने का संदेश

**भिलाई।** आज विश्व में खासकर भारत में जिस गति से पेड़ कट रहे हैं, वह बहुत चिन्ता का विषय है। इससे तापमान में वृद्धि होना स्वाभाविक है। पिछले कुछ सालों में हमने जंगल के जंगल साफ कर दिये। आने वाले समय के लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना होगा। अंतरराष्ट्रीय चित्रकार बृजेश तिवारी की यह पेंटिंग यही संदेश दे रही है कि हमें वृक्षों को कटने से रोकना होगा, नहीं तो हमें इसके भयंकर परिणाम भुगतने होंगे।

## गर्मी में श्रमिकों को राहत पहुंचाने जरूरी व्यवस्थाएं करने सभी उद्योग प्रबंधन को कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश



**रायगढ़, 4 जून।** जिले में संचालित उद्योगों में कार्यरत श्रमिकों के लिए भीषण गर्मी व राहत के लिए जरूरी व्यवस्थाएं मुहैय्या कराने को लेकर कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी उद्योग प्रबंधन को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। उद्योग कर्मियों व मजदूरों के साथ ट्रांसपोर्टिंग में लगे ट्रक ड्राइवर, खलासी, हमाल के लिए छायायुक्त बैठने की जगह, पीने का पानी, ओआरएस, कूलर इत्यादि की व्यवस्था करने के निर्देश उन्होंने दिए हैं। कलेक्टर श्री गोयल ने सभी एसडीएम के साथ इंडस्ट्रियल सेफ्टी ऑफिसर, खनिज और पर्यावरण अधिकारी को उद्योगों में इन सारी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के लिए कहा है। जहां लापरवाही मिले वहां कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही सुबह 11 बजे से 3 बजे तक जब तापमान अधिक होता है ऐसे में श्रमिकों के स्वास्थ्य को ध्यान रखते हुए कोल और फ्लाईऐश के लोडिंग, अनलोडिंग और परिवहन न करने के लिए विशेष रूप से निर्देशित किया गया है। उद्योगों से श्रमिकों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की लगातार रिपोर्टिंग ली जा रही है। इसके साथ ही अधिकारियों को भी निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर श्री गोयल के निर्देश के पश्चात जिले में संचालित उद्योगों द्वारा श्रमिकों के गर्मी से राहत के लिए जरूरी व्यवस्थाएं मुहैय्या कराई जा रही हैं। पीने के ठंडे पानी के साथ भोजन और विश्राम वाली जगहों पर टेंट और छाया की व्यवस्था की गई है। कूलर और वाटर कूलर लगाए गए हैं। मटके रखे गए हैं। श्रमिकों के क्वार्टर में भी कूलर की व्यवस्था की गई है। लगातार इसकी मॉनिटरिंग की जा रही है।

### भीषण गर्मी एवं लू को ध्यान में रखते हुए ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर स्थगित

**रायगढ़, 4 जून।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण द्वारा जारी आदेश के परिपालन में प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू को मद्देनजर रखते हुए जिले के रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर एवं स्पोर्ट्स क्लब, रायगढ़ में खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किये जा रहे।



### चित्र से दिया हरियाली ही खुशहाली का संदेश

**भिलाई।** प्रख्यात मॉडर्न आर्ट चित्रकार डी.एस.विद्यार्थी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के परिप्रेक्ष्य में बनाया गया चित्र दिर्शाता है कि हरियाली ही खुशहाली का अंजाम है। परन्तु उस परमसत्ता द्वारा बनाए गए सबसे बुद्धिमान प्राणी की मूर्खता पर वह अब सिर्फ आंसू बहा रही है। वहीं इंसान शैतान बनकर कोयला, पेट्रोल और अन्यान्य खनिज संसाधनों के लिए धरती को खोखला कर चुकी है। उसकी हरकत उसे पाताल से भी नीचे गिरा चुकी है। पेन्टिंग में ओजोन परत का क्षरण भी स्पष्ट परिलक्षित हो रहा है।

# निःशुल्क स्टील बैंक पर्यावरण संरक्षण की दिशा में देगा अहम योगदानः देवांगन

## गेवराबस्ती में कटघोरा विधायक और पार्षद नरेंद्र देवांगन की उपस्थिति में किया गया शुभारंभ



**कोरबा, 4 जून।** कोरबा-पश्चिम क्षेत्र के गेवरा बस्ती में सुनीता मिरी निशुल्क स्टील बैंक का शुभारंभ कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल और वार्ड क्रमांक 16 के पार्षद नरेंद्र देवांगन की उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन ने कहा की सरकारी स्तर पर लंबे समय से 'सिंगल यूज प्लास्टिक' और थर्मोकोल के उपयोग पर रोक लगाने की बात कही जाती है, लेकिन अब तक इस पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध नहीं लग सका है। इस कारण इनका प्रयोग धड़ल्ले से हो रहा है। दूसरी बात यह भी है कि लोगों के पास प्लास्टिक का कोई सरल और सस्ता विकल्प भी नहीं है। इस समस्या को देखते आज एक अनूठी पहल की शुरुआत हुई है। इस 'बर्तन बैंक' की विशेषता यह है कि किसी भी शादी-विवाह या अन्य कार्यक्रमों के लिए नगर परिषद की ओर से सिर्फ एक रुपए पर स्टील के चार बर्तन दिए जाएंगे। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में यह बड़ी पहल है। श्री देवांगन ने कहा की पहले ही प्लास्टिक और थर्मोकोल मुक्त बनाया जा चुका है। इसके बाद भी मुख्य समस्या यह थी कि शादी या अन्य समारोहों में लोग पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाले बर्तनों का उपयोग करते हैं। यह एक गंभीर समस्या है। इस अवसर पर देवी कौशिक, दुर्योधन नागपुरे, राजेश पटेल, संतोष राठौर, सालिकराम दूबे, मन्नू राठौर, रामकुमार राठौर, नरेन्द्र गोस्वामी, जनक राम पटेल, योगेश दास, महाजन सेठ आदि सहित समिति से सुनीता मिरी, सुमन पावर, साधन बाई, लक्ष्मीन पटेल, बबिता सोनवानी, रामेश्वरी लता साहू, संगीता दुबे आदि भी उपस्थित रहीं।

**समाचार संक्षेप**

## समाज सेवी युवाओं ने मृत जवान के परिजनों से की मुलाकात



**छुरा, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम भैंसामुड़ा के रहने वाले हैं जो रायपुर भनपुरी यातायात थाने में भागीरथ कंवर पदस्थ थे।उस समय ड्यूटी पर वह जवान तैनात था जिनका अचानक मृत्यु हो गई वहीं परिजनों और राजधानी के मीडिया के अनुसार भीषण गर्मी के कारण लू लगने के चलते उनकी मृत्यु होना बताया जा रहा है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव एवं अधिवक्ता आकाश दीक्षित, पुनितराम ठाकुर सामाजिक कार्यकर्ता, रेखराम ध्रुव समाजसेवी ने उनके घर पहुंचकर परिजनों से मुलाकात करते हुए स्वर्गवासी जवान के बेटे को श्रीफल भेंटकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित किया।मृत पुलिस जवान के घर पत्नी के अलावा सात वर्षीय पुत्र और चार साल की बिटियां हैं।उनके आकस्मिक निधन से परिवार के ऊपर भविष्य की विकराल समस्याओं का पहाड़ खड़ा हो गया।मासूमों के परवरिश और भविष्य की चिन्ता हैं।उनके परिजनों का मांग है कि ड्यूटी करते हुए उनकी मृत्यु हुई है तो उन्हें भी शहीद का दर्जा मिले।साथ ही कांग्रेस नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री से उनके परिजनों को पचास लाख तक सरकार से आर्थिक मदद और उनके परिवार के सदस्य को तत्काल अनुकम्पा नौकरी देने की मांग की गई है।

## नाराज ग्रामीणों ने बंद कराई गेवरा खदान में मिट्टी निकासी

**कोरबा, 4 जून।** ग्राम नरईबोध के निकट कोयला खदान के संचालित होने से ग्रामीणों की समस्या बढ़ गई है। खदान में की जा रही हैवी ब्लास्टिंग की वजह से ग्रामीणों के मकान में दरार आने लगी है। इसके अलावा ग्रामीणों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए खदान में मिट्टी निकासी का काम बंद करा दिया। साथ ही सड़क पर बैठ कर चक्काजाम कर दिया। साऊथ ईस्टर्न कोलफिल्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) की गेवरा खदान का विस्तार ग्राम नरईबोध तक पहुंच चुका है। खदान गांव के नजदीक तक पहुंच चुकी है। ऐसी स्थिति में खदान में चल रही हैवी ब्लास्टिंग की वजह से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रबंधन के समक्ष कई बार अपनी समस्याएं रखी, पर समस्या का समाधान नहीं हो सका। पूर्व में नरईबोध के ग्रामीण पानी, हैवी ब्लास्टिंग, रोजगार को लेकर खदान के काम को बंद कराए थे जिसमे एसईसीएल के अधिकारी गांव के स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराने, पाइप लाइन से खदान के पानी को नरईबोध के तालाब में पानी भरने, नए बोर खोदने, पानी टैंकर से पानी की व्यवस्था करने की बात कहे थे, कुछ दिन कुछ घरों में पानी टैंकर कभी कभार आता था तो कभी नहीं आता जिससे लोगों पानी की भारी समस्या होती थी, बार बार एसईसीएल के रवैए से क्षुब्ध हो रविवार को नरईबोध के ग्रामीण महिलाओं सहित सैकड़ों की संख्या में गेवरा खदान उतर कर खदान के मिट्टी खनन, कोयला खनन के काम दोपहर 12 बजे तक बंद करा दिए था। जानकारी मिलते ही एसईसीएल के अधिकारी स्थल पर पहुंचे और लोगों को फिर से आश्वासन दिया कि हैवी ब्लास्टिंग को कम करेंगे। साथ ही नरईबोध के पानी के लिए नए टेंडर जारी करने की बात कही गई। आठ जून को सीजीएम कार्यालय में बैठक कर स्थानीय लोगों को आउटसोर्सिंग में रोजगार मुहैया करने की बात जीएम माइनिंग अशोक सिंह व सुरेश चैधरी ने लिखित में दिया। ग्रामीणों ने कहा कि आठ जून को पहल नहीं होती है तो नौ जून को पुनः नरईबोध के ग्रामीण गेवरा खदान के काम को पूर्ण रूप से अनिश्चित कालीन तक बंद कराने की बात गांव वालों ने की है, जिसमें एसईसीएल के अधिकारियों ने अपनी सहमति भी दी हैं। धरना स्थल में राकेश पटेल, कोमल दास, रमेश दास, अघ्घन बाई, परमिला बाई, रमिला सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दोस्त को अस्पताल में कराया भर्ती, मकान का ताला तोड़कर पार किया 10 लाख, आरोपी जेल दाखिल

**कोरबा, 4 जून।** एक वन कर्मी के बंद मकान का ताला तोड़ कर 10 लाख रूपये नकद चोरी कर लिए जाने के मामले का पर्दाफाश पुलिस ने किया है। चोर कोई ओर नहीं, वन कर्मी का अपना दोस्त निकला है। दरअसल अस्वस्थ्य होने पर वन कर्मी ने अपने दोस्त को मदद के लिए बुलाया था और उसने उसे अस्पताल में दाखिल कराया। इसके बाद उसकी नीयत बिगड़ गई और बंद मकान का ताला तोड़ कर घटना को अंजाम दे दिया। यह घटना वन परिसर कालोनी कोसाबाड़ी की है। यहां रहने वाले कमलेश कुमार 35 वर्ष का स्वास्थ्य बिगड़ने पर उसे अपने दोस्त देवाशीष राय निवासी पोड़ीबाहर गणेश चैक को इससे अवगत कराया। वह घर पहुंचा और कमलेश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इस दौरान उसे यह जानकारी लग गई कि घर में 10 लाख रूपए नकद रखा हुआ है। जिसे उसने कमलेश को भर्ती कराया, उसी रात वह उसके सूने मकान में जा धमका और घर में लगा ताला तोड़ कर नकद राशि चोरी कर लिया। आसपास के लोगों ने अस्पताल में दाखिल कमलेश को इसकी सूचना दूसरे दिन दी। साथ ही इसकी शिकायत सिविल लाइन थाना रामपुर में घटना की जानकारी दी। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया। जांच पड़ताल में साइबर सेल टीम की मदद ली गई। अपने बयान के दौरान कमलेश ने पुलिस को बताया था कि उसके दोस्त देवाशीष उसे अस्पताल में भर्ती कराने घर आया था।

**एक नजर**

## दामिनी एप्प से मिलेगा आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान

**बलौदाबाजार, 4 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** आकाशीय बिजली घटित होने के कारण जन एवं पशु हानि की घटनाओं से निपटने हेतु भारत सरकार द्वारा दामिनी एप्प विकसित की गई है। इस एप्प से आकाशीय बिजली घटित होने की पूर्वानुमान(20 से 31 किलोमीटर का दायरा), आवश्यक तैयारी एवं उपाय की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। इसीप्रकार मेघदूत एप्प तापमान, वर्षा की स्थिति, हवा की गति एवं दिशा से सम्बंधित है जिससे किसान अपने क्षेत्र की मौसम से संबंधित पूर्वानुमान की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। दोनों एप्प को गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से किसी भी एंड्रॉइड मोबाईल पर डाउनलोड किया जा सकता है। कलेक्टर के. एल. चौहान ने दामिनी एप्प एवं मेघदूत एप्प के उपयोग के सम्बंध में जिला, तहसील एवं ग्राम पंचायत मुख्यालयों में निवासरत पटवारी, शासकीय शिक्षक एवं पंचायत सचिव के माध्यम से वृहद स्तर पर प्रचार- प्रसार कराने के साथ ही कोटवार द्वारा मुनादी करवाने तथा एप्प डाउनलोड करवाने के निर्देश दिए हैं।

## शार्ट सर्किट से घर में लगी आग, सामान जलकर राख



**कोरबा, 4 जून।** कटघोरा नगर पालिका के वार्ड नंबर चार मेला ग्राउंड के महिला बाल विभाग की कर्मचारी मरावी के घर में रविवार की दोपहर अचानक आग लग गई। इसकी सूचना आसपास के पड़ोसियों ने कटघोरा थाना व नगर पालिका के दमकल विभाग को दी। सूचना पर स्थल पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक घर में रखा काफी सामान कर राख हो गया।आग लगने का कारण शार्ट सर्किट का होना बताया जा रहा है। जिस वक्त आग लगी उस समय घर पर कोई नहीं था। आग पूरे घर पर इस कदर फैल गई थी कि घर के तीन कमरों में आग फैल गई। आग से कितना नुकसान हुआ, इसका अभी तक आकलन नहीं हो सका है। नगर पालिका की दमकल टीम से फराज खान,सलीम खान, ईश्वर सिंह, चित्रपाल सिंह की लगी आग पर काबू पाने पर उनकी अहम भूमिका रही।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत तीन गंभीर रूप से घायल

**कोरबा,4 जून।** लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला थम नहीं रहा। एक बार फिर हुए सड़क हादसे में दो की मौत हो गई है। वहीं तीन लोग घायल हो गए हैं। दो बाइक के आपस में टकराने से यह घटना हुई। ढेलवाडीह के रहने वाले दो लोग बाइक से झोराघाट की ओर जा रहे थे. इस दौरान विपरित दिशा से आ रही एक बाइक उनसे टकरा गई। आमने- सामने हुई सीधी टक्कर की वजह से एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं घायल हो गए लोगों को डायल 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में भेजा गया। बताया जा रहा है कि यहां गंभीर रूप से घायल व्यक्ति ने भी दम तोड़ दिया। घायल हो गए तीन लोगों का उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि मृतकों की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

## सिमगा पुलिस ने ग्राम चंदेरी में घर घुसकर मारपीट कर हत्या करने वालों पर की कार्रवाई

# 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

- आरोपियों ने लकड़ी के बत्ता, डंडा आदि से दो लोगों को गंभीर रूप से कर दिया घायल एवं एक आदमी की कर दी गई हत्या
- आरोपियों से घटना में प्रयुक्त दो कार, एक आटो एवं लाठी, डंडा आदि किया गया जब्त
- विवाह के बाद भी किसी अन्य पुरुष से संबंध रखते हुए अपने प्रेमी के घर चले जाना बना हत्याकांड का मुख्य कारण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 4 जून।** घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि वार्ड नंबर 14 मुंगेली थाना व जिला मुंगेली की सुकृति कुर्रे पति दिलीप कुर्रे, जो कि ग्राम चंदेरी थाना सिमगा निवासी अपने प्रेमी मृतक नंदकुमार पात्रे पिता आगरदास पात्रे के घर में आ गयी थी। सुकृति कुर्रे विवाहित महिला थी, जो कि नंद कुमार पात्रे से प्रेम करती थी, जिस कारण से वह अपना ससुराल मुंगेली को छोड़कर अपने प्रेमी मृतक नंद कुमार के घर रहने आ गई थी। यह बात चलने पर सुकृति कुर्रे का आरोपी पति, उसका साला मुकेश बांधे, दिनेश बांधे, ससुर तिलक बांधे, सास लक्ष्मी बांधे, दोस्त अंकुर सोनी वह 08-10 अन्य लोग सुकृति कुर्रे को वापस ले जाने के लिये दिनांक 02.06.2024 को रात्रि करीबन 11.30 बजे ग्राम चंदेरी आ गए। इस दौरान वापस ले जाने की बात पर आरोपी पक्ष एवं मृतक पक्ष में गंभीर विवाद होने लगा। इसी गुस्से एवं आवेश में आकर सभी आरोपियों द्वारा एक राय होकर मृतक के घर आंगन में रखे लकड़ी के बत्ता, लाठी, डण्डा से घर में रहने वाले नंदकुमार पात्रे, माता अनिता पात्रे एवं बडा भाई गोवर्धन पात्रे को जान से मार डालने की नियत से मकान के छत पर चढकर उन पर ताबड़तोड़ प्राणघातक हमला कर दिया गया।

अचानक हुए हमले से नंदकुमार पात्रे एवं अनिता पात्रे के सिर में गंभीर चोट आया। सांथ ही आरोपियों द्वारा बीज बचाव करने आए गोवर्धन पात्रे के साथ भी मारपीट करते हुए उसे घर के छत से नीचे फेंक दिया गया जिससे उसके पैर में गंभीर चोटें आई हैं। आरोपियों द्वारा घटना कारित करने के बाद मृतक परिवार के घर के सभी कमरों का दरवाजा, कूलर, फ्रिज आदि को तोड़ दिया गया तथा इसके पश्चात दो कार एवं एक ऑटो से सभी आरोपी वापस मुंगेली चले गए। कि सूचना मिलते ही निरीक्षक गोपाल ध्रुवे के नेतृत्व में थाना सिमगा का पुलिस बल तत्काल घटनास्थल ग्राम चंदेरी पहुंचा। सर्वप्रथम पुलिस बल द्वारा तत्परतापूर्वक हमले में गंभीर रूप से घायल नंदकुमार पात्रे, अनिता पात्रे व गोवर्धन पात्रे शासकीय अस्पताल सिमगा पहुंचाया गया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टर द्वारा चेक करने पर नंद कुमार पात्रे को सिर में आई गहरी एवं गंभीर चोंट के कारण अस्पताल में ही नंदकुमार का मृत्यु हो जाना बताया गया। उसके बाद अन्य दो घायलों को उचित उपचार हेतु रायपुर रिफर किया गया है।

कि रिपोर्ट पर आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में अपराध क्र. 184/2024 धारा 147, 149, 452, 294, 506, 323, 307, 427, 302 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अविनाश ठाकुर एवं एसडीओपी भाटापारा आशीष अरोरा के मार्गदर्शन में आरोपियों की धरपकड़ हेतु थाना सिमगा पुलिस टीम को मुंगेली रवाना किया गया, जहां पुलिस द्वारा आरोपी दिलीप कुर्रे उर्फ राहुल कुर्रे, मुकेश बांधे, दिनेश बांधे, तिलक बांधे, लक्ष्मी बांधे, एवं अंकुर सोनी को उसके घरों से पकड़ कर हिरासत में लिया गया। आरोपियों से पूछताछ किया गया, जिसमें पता चला कि- मृतक नंद कुमार पात्रे का सुकृति कुर्रे से अवैध संबंध होने से, वह अपने पति को छोड़कर ग्राम चंदेरी आ गई थी। आरोपी का पूरा परिवार इस बात से नाराज चल रहा था, इसलिए सभी सदस्य सुकृति कुर्रे को वापस मुंगेली ले जाने के लिए ग्राम चंदेरी पहुंचा। उनके आते ही मृतक नंद कुमार पात्रे द्वारा आरोपी पक्ष से गाली गलौज किया जाने लगा एवं विवाद किया जाने लगा। इसी बात को लेकर आरोपियों द्वारा आवेश में आकर लकड़ी के लाठी, डंडे आदि से मारपीट करते हुए दो लोगों को गंभीर रूप से चोट पहुंचाना एवं मृतक नंद कुमार की हत्या करना स्वीकार किया गया है।

प्रकरण में 06 आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर, माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करते हुए जेल भेजने की प्रक्रिया की जा रही है। घटना में प्रयुक्त वाहन लाठी, डंडा एवं लकड़ी का बत्ता जप्त किया गया है तथा प्रकरण में अभी 08-10 आरोपी अभी भी फरार है जिनकी पतातलाश जारी है। संपूर्ण कार्यवाही में थाना सिमगा से निरीक्षक गोपाल सिंह ध्रुर्वे के नेतृत्व में सउनि नरेन्द्र मारकंडेय, प्रआर संतोष वर्मा, महिला प्रआर जागेश्वरी वर्मा आरक्षक बिरेन्द्र सिन्हा, बब्बू साहू, राजेन्द्र सिंह ठाकुर, संजय ध्रुव, लोकेश डडसेना, पुंजराम ठाकुर व अन्य स्टाफका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### आरोपियों के नाम

» दिलीप उर्फ राहुल कुर्रे पिता श्यामलाल कुर्रे उम्र 37 साल निवासी वार्ड 14 मुंगेली थाना/जिला मुंगेली छ.ग.
» मुकेश कुमार बांधे पिता तिलकराम बांधे उम्र 25 साल निवासी वार्ड 14 मुंगेली थाना/जिला मुंगेली छ.ग.
» दिनेश बांधे पिता तिलकराम बांधे उम्र 23 साल निवासी वार्ड 14 मुंगेली थाना/जिला मुंगेली छ.ग.
» लक्ष्मी बांधे पति तिलकराम बांधे उम्र 49 साल निवासी वार्ड नंबर 14 मुंगेली थाना/जिला मुंगेली छ.ग.
» तिलक बांधे पिता स्व संतन बांधे उम्र 58 साल निवासी मुंगेली वार्ड नंबर 14 थाना/जिला मुंगेली छ.ग.
» अंकुर सोनी पिता स्व अरूण सोनी उम्र 32 साल निवासी वार्ड नंबर 11 मुंगेली थाना/जिला मुंगेली छ.ग.

## तुरतुरिया में अवैध शराब पर आबकारी विभाग कार्रवाई

# 15 लीटर महुआ शराब जब्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 4 जून।** कलेक्टर के.एल चौहान के निर्देश पर जिले में अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं परिवहन पर आबकारी विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिस तारतम्य में आज गस्त के दौरान कसडोल क्षेत्र के अन्तर्गत मातागढ़ तुरतुरिया से 60 पाउच (प्रत्येक 250 मि.ली. लगभग) कुल मात्रा 15 ब.ली.महुआ शराब आरोपिया से जब्त कर अपने कब्जे में लिया है। आरोपी दुखिया बाई, पति स्व. खोलू राम ग्राम बपरा थाना कसडोल के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 59 (क) का प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। उक्त कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक मोतिन बंजारे, आबकारी मुख्य आरक्षक सूर्यकांत वर्मा, नगर सैनिक दुर्गेशवरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी एल.के.गायकवाड़ के द्वारा दी गई है। उन्होंने साथ ही कहा की आगे भी अवैध मदिरा परिवहन, धारण चौर्यनयन के विरूद्ध सख्त जारी रहेगी।

# पुलिस ने की 334 लोगों के लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई

**कोरबा, 4 जून।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सखूत कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपित्रत अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही किया गया है।

लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करते हुए कुल 334 लोगों पर किया गया जिसमें शराब पीकर वाहन चलाना- 142, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना- 118, ओवर स्पीड वाहन चलाना- 55, धारा 304 भादवि के तहत- 16 और मालवाहक में सवारी बैठना- 3 शामिल है।

कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीडभाड वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया। लगातार हो रहे एक्सीडेंट में कमी लाने के लिए यह विशेष अभियान को चलाया गया, अभियान के तहत वाहनों को चेक किया गया और उन्हें समझाया गया कि ओवर स्पीड वाहन ना चलाएं, ना ही शराब पीकर वाहन चलाऐ और ना ही अपने करीबियों को नशे की हालत में वाहन चलाने दे उनको समझाया गया एवं हिदायत भी दिया गया। पुलिस के द्वारा कार्यवाही करते हुए लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई।आगे भी पुलिस की कार्यवाही जारी रहेगी।

## बीएससी के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**कोरबा, 4 जून।** पोड़ीबहार निवासी कालेज छात्र ने अपने घर में फांसी लगा कर जान दे दी। आत्महत्या की वजह स्पष्ट नहीं हो सका है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई की। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मृतक का नाम साहिल मेखले है, वह बीएससी की पढ़ाई कर रहा था। स्वजनों का कहना है कि वह पिछले कुछ दिनों से वह परेशान चल रहा था, किसी से कोई बातचीत नहीं करता था और गुमसुम रहा करता था। खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला जाता था।पिता चंद्रशेखर मेखले ने बताया कि उसकी पत्नी कुछ साल पहले कहीं चली गई। उसके ऊपर तीन बेटे की जवाबदारी बढ़ गई और वह रोजी मजदूरी कर बच्चों को पढ़ा-लिखा रहा था। बड़ा बेटा किसी निजी कंपनी में काम कर जीवन यापन करता है। वहीं साहिल दूसरे नंबर का बेटा था और बीएससी का स्टूडेंट था। उसने बताया कि शुक्रवार रात भी साहिल ने पहले खाना खाया और फिर अपने कमरे में सोने चला गया।


**न्यायालय तहसीलदार पलारी, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. .....अ/74 वर्ष 2022-23
पक्ष. देवचरण पिता बेनीराम नवरंगे
मौजा ग्राम अछोली प.ह.नं 24
रा.नि.मं. व तहसील पलारी,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवचरण पिता बेनीराम नवरंगे जाति सतनामी निवासी अछोली तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम अछेली प.ह.नं 24 स्थित भूमि ख.नं. 320/4, 779/13 रकबा 0.004, 0.202 हे. भूमि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का ऋण पुस्तिका गुम हो चुका है। जिससे आवेदक को असुविधा हो रहा है। इसलिए आवेदक द्वारा उक्त भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने हेतु आवेदन मय, शपथ पत्र, बी-1 खसरा, थाना रिपोर्ट एवं कर्ज नहीं प्रमाण पत्र की प्रति सहित प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है ।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो दिनांक 07.06.2024 तक मेरे न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। मियाद बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 17.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
पलारी


## पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाया गया विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान

# अग्नि सुरक्षा को लेकर पुलिस एवं अग्निशमन के जवानों ने की मॉक ड्रिल

**कोरबा, 4 जून।** पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा आग लगने की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए उनके निर्देश पर विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना/चौकी के द्वारा व्यापारियों और दुकानदारों की बैठक लेकर जागरूकता संबंधित पम्फलेट बाँटा जा रहा और अग्निशमन विभाग के साथ मॉक ड्रिल का आयोजन किया जा रहा है।

कोरबा पुलिस के द्वारा थाना कोतवाली के अन्तर्गत पाम मॉल, थाना दर्री और थाना कटघोरा क्षेत्र अंतर्गत दुकान संचालकों और आम नागरिक को बुला कर अग्नि सुरक्षा के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन अग्नि शमन विभाग की टीम के द्वारा किया गया।

कोरबा पुलिस के द्वारा सभी थानो में व्यापारियों, दुकानदारों और अग्निशमन विभाग के साथ बैठक का भी आयोजन किया गया है जिसमें पॉम्पलेट बाँट कर जागरूक किया गया है और घटना होने पर रिस्पांस टाइम कम करने के संबंध में चर्चा की गई है।

मॉक ड्रिल में आग लगने पर क्या सावधानी बरतनी है, कैसे बचाव करना है और क्या करना है क्या नहीं करना है बताया गया।मॉक ड्रिल में घर, रसोई, दुकान, कार्यालय, पैरावट, गैस सिलेंडर या बाहर कहीं भी आग लगने की स्थिति होने पर काबू पाने के लिये क्या करना है ये बताया गया।



ज्ञात हो कि बीती रात में बुधवारी बाज़ार में आग लगी थी जिसे आम जनता, पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी और अग्निशमन विभाग की तत्परता से 20 मिनट के अंदर ही क़ाबू में पा लिया गया जिससे इसका प्रभाव मात्र 3 दुकानों में हुआ। पुलिस के द्वारा चलाये जा रहे अभियान से कोरबा में सभी संबंधित विभागों के साथ साथ दुकानदार और आम जनता जागरूक हो गई है। दुकानदारों और आम जनता के द्वारा पुलिस और अग्निशमन विभाग को जागरूक करने के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया।

कोरबा पुलिस मीडिया कर्मियों की आभारी है कि वो ये अभियान जन-जन तक पहुँचा रहे है। कोरबा पुलिस लोगों से अपील करती है कि आग लगने पर कहाँ से निकलना है पूर्व निर्धारित करे, पुरानी बिजली की कटी वायरिंग को बदलवा दें, दुकानों में अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था रखे, एसी के आउटर को गर्म होने तक ना चलाये, एक ही प्लग से एक साथ कई विद्युत उपकरणों का प्रयोग ना करें, ओरवरलोड से बचे।

## एक नजर

### अस्पताल के पास से एक्टिवा पार

**रायपुर, 4 जून।** बुढ़ापारा स्थित बागड़ी नर्सिंग होम के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मकरंद किशोर 42 वर्ष बावली गली तात्यापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एम 7345 को बुढ़ापारा स्थित बागड़ी नर्सिंग होम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक को पीटा

**रायपुर, 4 जून।** कबीर चौक सब्जी बाजार में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी बादल बैरागी 22 वर्ष बैरागी मोहल्ला रामनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कबीर चौक सब्जी बाजार के पास खड़ा था, तभी आरोपी लक्खा आया और उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### युवक से मारपीट

**रायपुर, 4 जून।** बीएसयूपी कालोनी तेलीबांधा में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी किशन महानंद 29 वर्ष डायमंड गली एक्सप्रेस वे के पास सिविल लाइन का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल बीएसयूपी कालोनी तेलीबांधा गया था, तभी आरोपी आरोपी तुसार निहाल अपने दोस्त के साथ आया और पुरानी रंजिश को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर तेलीबांधा पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब बेचते दो कोचिए गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जून।** गुढ़ियारी एवं माना पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले दो कोचिया को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 36 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने मिनी चौक मैदान में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी ज्वाला मालेकर 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 20 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। वहीं माना पुलिस ने बनरसी नहर के पास से आरोपी दुलार टोडर 52 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 16 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### सरेआम शराब पीते 18 गिरफ्तार

**रायपुर, 4 जून ।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने मुर्रा भट्टी मैदान के पास सरेआम शराब पीते आरोपी प्रभाकर शर्मा 34 वर्ष, अखिलेश यादव 34 वर्ष, तेज प्रकाश पाण्डे 25 वर्ष व अक्षय सिंह 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी आकाश मसीह 31 वर्ष व पुष्पेंद्र भार्गव 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी प्रकार आमानाका पुलिस ने आरोपी आशीष सैनी 38 वर्ष, बुधचंद मनहरे 45 वर्ष व आसकरण खुटे 48 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं आरंग पुलिस ने आरोपी नरेश साहू 23 वर्ष, गोवर्धन साहू 23 वर्ष, भगवती बघेल 39 वर्ष व मंधीर साहू 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने आरोपी अरविंद बंजारे 20 वर्ष एवं गोबरानरवापारा पुलिस ने आरोपी ओमकार साहू 23 वर्ष व भुवन साहू 50 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह नेवरा पुलिस ने आरोपी हेमसिंह यदु 29 वर्ष व सतीश यादव 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

### आईपीएस जीपी सिंह की जल्द होगी पोस्टिंग

**रायपुर, 4 जून ।** छत्तीसगढ़ के चर्चित आईपीएस जीपी सिंह को एक बार राज्य सरकार पोस्टिंग देने जा रही है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने एडीजी रैंक के आईपीएस जीपी सिंह को फोर्सली रिटायर करने की सिफारिश भारत सरकार से की थी। सर्विस रिव्यू कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर केंद्र ने जीपी सिंह को रिटायर कर दिया था। जिसके बाद जीपी सिंह ने इस तर्क के साथ कैट की शरण ली थी कि, भाजपा नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज ना करने पर राज्य सरकार ने बदले की भावना के तहत कार्रवाई की थी। कैट ने इस पर जीपी सिंह को चार हफ्ते के भीतर उन्हें ज्वाईन कराने का आदेश दिया था। उन्हें राज्य रिव्यू कमेटी की अनुशंसा पर भारत सरकार ने रिटायर किया था। आईपीएस अफसरों की सर्विस मैटर केंद्रीय गृह मंत्रालय में आता है। इसलिए रिटायरमेंट की कार्रवाई गृह मंत्रालय ने किया और अब फिर से पोस्टिंग भी वहीं से होगी। कैट के फैसले के बाद छत्तीसगढ़ सरकार ने आईपीएस जीपी सिंह की बहाली की अपनी तरफसे हरी झंडी दे दी है। राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ के महाधिवक्ता से इस बारे में उनकी राय मांगी थी।

# भाजपा के बृजमोहन जीत की ओर अग्रसर

## राजधानी में चुनाव परिणाम को लेकर विभिन्न चैनलों पर नागरिकों की नजर

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 4 जून।** रायपुर लोकसभा के लिए आज सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में मतों की गणना का कार्य सुबह 8 बजे प्रारंभ हुआ। त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था होने के कारण यहां पर शांति व्यवस्था बनी रही। रायपुर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के विकास उपाध्याय से डेढ़ लाख मतों से आगे चल रहे थे। देश में अप्रत्याशित चुनाव परिणाम आने के कारण भाजपा कार्यकर्ता आज अपने घरों में ही टीवी देखते रहे। राजधानी में लोगों में चुनाव परिणाम को लेकर काफी उत्साह देखा गया। टीवी के विभिन्न चैनलों के पास लोग सुबह से ही परिणामों की जानकारी लेते रहे।

देश में 18वीं लोकसभा के मतदान होने के पश्चात आज एक साथ मतों की गणना प्रारंभ हुई। भारत निर्वाचन आयोग ने मतगणना पर्यवेक्षक एवं सामान्य प्रेक्षकों को तैनात किया है। पहले चरण में डाकमतपत्रों की गिनती हुई। रायपुर लोकसभा में 30 से अधिक प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे जिसके कारण प्रत्येक चक्र के परिणाम की घोषणा में



काफी विलंब हो रहा था। मतगणना केंद्र में कूलर के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाएं की गई है। मीडिया सेंटर में समय-समय पर अलग-अलग चक्र की जानकारी दी जा रही है। सेजबहार इंजीनियरिंग कालेज में रायपुर लोकसभा की सात विधानसभा क्षेत्रों एवं बलौदाबाजार में दो विधानसभा क्षेत्रों के मतों की गणना हो रही है जिसके कारण यहां काफी समय लग रहा है। बृजमोहन समर्थकों के अनुसार करीब तीन लाख से अधिक वोटों से बृजमोहन अग्रवाल की जीत होगी।

**आशा के विपरीत आ रहे परिणाम**

पूरे देश में इस समय भाजपा द्वारा जो हो हल्ला मचाया गया था उसके ठीक विपरीत चुनाव परिणाम आ रहे हैं जिसके कारण रायपुर जिले में भाजपा कार्यकर्ता शांत बैठे हुए हैं। इधर बृजमोहन समर्थकों ने जीत को लेकर जयस्तंभ चौक में पोस्टर लगा दिया है। ये पोस्टर भी राजधानी में चर्चा का विषय बने रहे। राजधानी के अनेक सार्वजनिक स्थानों पर एलईडी लगाए गए थे। भीषण गर्मी के कारण कार्यकर्ता भी अपने घरों में बैठकर परिणाम की जानकारी लेते रहे। प्रदेश में कुल 11 लोकसभा क्षेत्र हैं। इसमें कोरबा से कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत निरंतर लीड कर रहीं हैं। जबकि महासमुंद में छठवें चक्र की गिनती में भाजपा प्रत्याशी मात्र 1300 वोटों से आगे थीं। रायगढ़ में भाजपा के राधेश्याम राठिया कांग्रेस के निकटतम प्रतिद्वंद्वी डॉ. मेनका सिंह से डेढ़ लाख वोटों से आगे थे। सिर्फ रायगढ़ जिले में ही उन्हें 70 हजार वोटों की लीड मिल रही है। कांग्रेस से भाजपा में आए चिंतामणि महाराज कांग्रेस की शशि सिंह से 40 हजार वोट से आगे थे। बिलासपुर में तोखन साहू कांग्रेस के देवेन्द्र यादव से आगे चल रहे हैं। दुर्ग, राजनांदगांव में भाजपा प्रत्याशी आगे हैं।

# मानसून की दस्तक, खाद-बीज के उठाव में तेजी

- 6 लाख क्विंटल बीज बांटने का लक्ष्य
- रासायनिक खाद का भी पर्याप्त मात्रा में भण्डारण

मुख्य नगर संवाददाता

**रायपुर, 4 जून।** मानसून के शीघ्र दस्तक दिए जाने की सूचना पर अब किसान खाद-बीज लेने के लिए सक्रिय हो गए हैं। किसानों ने अभी तक दो लाख क्विंटल बीज का उठाव कर लिया है। जबकि खाद का भंडारण भी सहकारी समितियों से हो गया है।

राज्य बीज निगम के अधिकारियों के अनुसार इस वर्ष 6 लाख 53 हजार क्विंटल प्रमाणिक बीज बांटने का लक्ष्य रखा गया है। यह बीज सहकारी समितियों के माध्यम से बांटा जा रहा है। राज्य में धान का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष प्रमाणिक बीज का वितरण बीज विकास निगम द्वारा किया जाता है जिसके कारण धान का उत्पादन बढ़ रहा है। धान का सरकारी मूल्य एवं बोनस ज्यादा होने के कारण किसान धान बेच देते हैं व बीज बाजार से ले लेते हैं। अधिकारियों के अनुसार मानसून शीघ्र आने की सूचना मिलने के कारण अब प्रमाणिक बीज का उठाव तेजी से हो रहा है। अभी तक दो लाख क्विंटल बीज का उठाव हो गया है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सहकारी समितियों से प्रमाणिक बीज नहीं मिलने की शिकायत प्राप्त हो रही है। किसानों को सलाह दी गई है कि वे ग्रीष्मकालीन जोताई करें ताकि जमीन के अंदर की नमी खत्म हो सके। किसान नेता राजू शर्मा के अनुसार तिल्दा सहकारी समिति में बीज का भंडार समय पर नहीं हुआ है। इसके कारण यहां पर किसानों को खैरखूंट सहित आसपास के गांव में चक्कर काटना पड़ रहा है।



किसानों को फिलहाल पोटाश एवं यूरिया की जरूरत है। मार्कफेड द्वारा इस वर्ष सहकारी समितियों में खाद का भंडारण किया जा रहा है। मोदी सरकार ने किसानों को सब्सिडी प्रदान की है। मार्कफेड के अनुसार 11 लाख टन खाद के वितरण का लक्ष्य सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को कृषि के लिए लोन दिया जा रहा है। अभी तक 25 हजार करोड़ रुपए का ऋण बांटा गया है।

मौसम विभाग के अनुसार भारत में मानसून समय पूर्व आ गया है। छत्तीसगढ़ में अगले सप्ताह आने की सूचना है। राज्य में मानसून सबसे पहले बस्तर में आएगा। इसके पश्चात उत्तर दिशा की ओर जाएगा। राज्य में आपदा प्रबंधन द्वारा बरसात पूर्व शहरी क्षेत्रों में नालों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नदियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। नगर निगम रायपुर द्वारा जलभराव वाले क्षेत्रों में क्रॉस नाला बनाया जा रहा है। शहीद स्मारक के आसपास नाले का निर्माण शीघ्र करने के निर्देश दिए गए हैं। जब्बार नाला, समता कालोनी तथा एमएलए रेस्टहाउस के पास के नाले की भी सफाई की गई है।

### 10 दिनों के भीतर टीबी के आए 1,520 मरीज

**रायपुर, 4 जून ।** स्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2025 तक राज्य को पूरी तरह से टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा है, लेकिन तपेदिक (टीबी) के मरीजों की तेजी से बढ़ती संख्या ने चिंता बढ़ा दी है। 10 दिन में 1520 नए टीबी मरीज सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक साढ़े चार महीने में 14220 मरीज मिले हैं. पिछले साल करीब 38 हजार टीबी मरीज मिले थे। वहीं, अब तक 532 से ज्यादा एमडीआर (मल्टी ड्रग रेजिस्टेंट) मामले भी पहचाने जा चुके हैं। इसकी मृत्यु दर 60 प्रतिशत तक है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि कोरोना काल के बाद से टीबी के मरीजों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। इसके कारणों को जानने के लिए शोध की जरूरत है। टीबी रोग माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह एक ऐसी बीमारी है जो एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलती है। यह उन लोगों को जल्दी प्रभावित करता है जिनका इम्यून सिस्टम कमजोर होता है। टीबी की दवा बीच में बंद नहीं की जा सकती। मरीज के वजन के अनुसार छह माह से लेकर दो साल तक की विभिन्न श्रेणियों की दवाएं दी जाती हैं। अगर दवा में गैप हो तो मरीज को दवा प्रतिरोधी टीबी हो सकती है, जो बेहद खतरनाक हो सकती है। टीबी के मरीजों को खाली पेट दवा खानी पड़ती है।

## विद्युत दरों में वृद्धि के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

**रायपुर, 4 जून।** बढ़ी हुई विधुत दर के खिलाफ ज्ञापन देने महापौर ऐजाज़ ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे व वरिष्ठ कांग्रेसी पार्षदों के साथ ज्ञापन देने सी एस ई बी दफ्तर पहुंचे। ज्ञापन, मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव शुक्ला को सौंपा गया।

औद्योगिक व कृषि क्षेत्रों की विद्युत दरों में लगभग 8.35 फीसदी/क्रमशः 20 पैसा व 25 पैसा प्रति युनिट वृद्धि होने की सूचना प्रेषित हो रही है। चूंकि देश में महंगाई हर क्षेत्र में बढ़ी हुई है, ऐसे में यह वृद्धि दर सामान्य उपभोक्ताओं पर अत्यधिक भार डालेगी। छत्तीसगढ़ राज्य की पूर्व सरकार ने बिजली की दरों को सामान्य दर से आधा किया था जिससे राज्य के उपभोक्ताओं को अतिरिक्त भार नहीं पड़ा था। घरेलू बिजली की दर में प्रति यूनिट 20 पैसे की वृद्धि का अर्थ है गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले गरीब लोगों का भी घरेलू बजट बिगड़ना क्योंकि इससे उनका बिजली बिल भी बढ़ गया । याने भाजपा सरकार ने उन्हें तक कोई राहत से इंकार कर दिया । नई दर के अनुसार 0 से 100 यूनिट तक के खपत पर 3.90 रुपए, 101 से 200 यूनिट पर 4.10 रुपए 201 से 400 यूनिट 5.50 रुपए, 401 से 600 यूनिट 6.50 रुपए और 600 यूनिट से अधिक के उपभोक्ता को 8.10 रुपए प्रति यूनिट का भुगतान करना होगा । अर्थात भाजपा सरकार ने गरीब से लेकर मध्यम वर्ग सभी पर कहर बरपा दिया । पार्टी ने कहा यदि कोई गरीब अगर 100 से 1 यूनिट भी अधिक बिजली खर्च करेगा तो उसे 3.90 रुपए की दर पर बिल का भुगतान करना होगा ।

पार्टी ने कहा कि केवल यही नहीं सरकार ने स्थिर प्रभार की राशि में भी 5 से लेकर 10 किलो वाट के लिए 20 से लेकर 40 रुपए प्रति किलोवाट तक की वृद्धि कर दी है। उसने किसानो को भी नहीं बख्शा और कृषि पंपों पर 25 पैसे की प्रति यूनिट की बढ़ोतरी कर दी, इससे जहां किसानों की और हालत खराब होगी वही उपज की लगात भी बढ़ेगी जबकि उसकी उपज की एम एस पी पर सी टू फर्मूले पर खरीद की गारंटी, वादे के बाद भी मोदी सरकार ने लागू नहीं किया है । इस वृद्धि से नए टैरिफमें 20 से लेकर 70 पैसे तक की बिजली की प्रति यूनिट में वृद्धि हुई है।

ज्ञापन सौंपने के लिए महापौर ऐजाज़ ढेबर, सभापति प्रमोद दुबे, एम आई सी मेम्बर्स ज्ञानेश शर्मा, श्रीकुमार मेनन, सूंदर जोगी, वरिष्ठ कांग्रेस पार्षद राधे श्याम विभार, पार्षद उत्तम साहू व घनश्याम क्षत्री भी उपस्थित थे।

## ईवीएम पर सवाल उठाना कांग्रेस की पुरानी आदत : अरुण साव

**रायपुर, 4 जून ।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने लोकसभा चुनाव के सामने आ रहे परिणामों को लेकर कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन को संवैधानिक संस्थाओं पर विश्वास नहीं है. कांग्रेस के मुताबिक जब काम नहीं होता तो ये संवैधानिक संस्थाओं पर प्रश्न चिन्ह उठाते हैं. ये लोग न्यायालय के निर्णयों पर अविश्वास जताते हैं. चुनाव आयोग पर प्रश्न उठाते हैं. अब एग्जिट पोल को मैनेज करने की बात कर रहे हैं. साव ने कहा कि आखिर कांग्रेस किस पर विश्वास करेगी. इसी कारण जनता ने कांग्रेस को अपने से दूर कर दिया है। साव ने कहा कि कांग्रेस और ईडी गठबंधन चुनाव रिजल्ट पर भी सवाल उठाएंगे. हार के बाद ईवीएम को दोषी ठहराएंगे. कांग्रेस को जनता ने नकार दिया है, इनकी विश्वनीयता पूरी तरह खत्म हो चुकी है. उपमुख्यमंत्री ने कहा कि, लोकसभा चुनाव परिणाम के बाद ये लोग आपस में लड़ेंगे. एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप करेंगे. छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी सभी 11 की 11 सीटें जीतेगी. छत्तीसगढ़ सहित 15 प्रदेशों में कांग्रेस का खाता नहीं खुलने वाला है। कांग्रेस के दावे पर साव ने कहा कि कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में 75 पार का नारा दिया था, क्या हुआ, ये सब जानते हैं. ये लोग बुरी तरह से पराजित हुए थे. अब लोकसभा में भी इनकी बुरी हार होने वाली है. भाजपा छत्तीसगढ़ की सभी सीटें जीतने जा रही है।



### मुख्यमंत्री ने स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों से की मुलाकात

**रायपुर, 4 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज रविवार यहाँ उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री साय को शॉल एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग' के शुभारम्भ समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने पदाधिकारियों को आमंत्रण के लिए धन्यवाद दिया तथा आयोजन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएँ दी। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा राजधानी रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 7 जून से 16 जून तक छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर संघ के अध्यक्ष जुबीन शाह, संयुक्त सचिव जी. एस. मूर्ति, डायरेक्टर विजय शाह, राजेश दवे, विजय बजाज एवं तरुणेश परिहार भी उपस्थित थे।

### नवग्रह शनि मंदिर में उत्सव का आयोजन 6 को

**रायपुर, 4 जून।** श्री नवग्रह शनि देव मंदिर एसएमसी हास्पिटल के पास विधानसभा रोड में शंकर नगर में शनि शिंगनापुर से लाए गये विशेष पूजित श्रीचरण भक्तों के दर्शन के लिए रखे जाएंगे उक्त आयोजन प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शनि देव जयंती के अवसर पर 6 जून को शनि देव का जन्मोत्सव मंगल आरती के साथ सुबह 7 बजे, हवन सुबह 9 बजे विशेष पुष्प श्रृंगार तेल अभिषेक दिन भर प्रसादी भंडारी दोपहर 12 बजे से एवं महाआरती का आयोजन शाम 7 बजे श्रद्धालुओं द्वारा धूमधाम से विधि अनुसार संपन्न किया जाएगा। शनिदेव मंदिर के पुजारी विनोद द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार जिन जातकों की मकर कुंभ एवं मीन राशि में शनि देव की साढ़े साती एवं वृश्चिक एवं कर्क राशि में अढैया की दशा चल रही है उन जातकों को शनि देव का पूजन श्रद्धापूर्वक संपन्न करने से विशेष लाभ होगा।

## निजात अभियान के चलते नशे के विरुद्ध हुई लगातार कार्रवाई

**रायपुर, 4 जून।** निजात अभियान के तहत चार महीने में पिछले सालों की इसी अवधि की तुलना में आईपीसी के कुल अपराधों में 7 फीसदी की कमी देखने को मिली है। मारपीट में 5त्न, हत्या के प्रयास में 22 त्न, चाकूबाजी में 31त्न छेड़छाड़ में 23त्न और चोरी में 5त्न की कमी आई है।

इसके अलावा एनडीपीएस और आबकारी ने ताबड़तोड़ कार्यवाही में कुल 3,157 प्रकरणों में 3,241 व्यक्ति पर कार्रवाई की है। जिसमें गैर-जमानतीय प्रकरणों में 378 आरोपी जेल गए और 6,176 लीटर शराब जप्त कई गई है। नशे के विरुद्ध जन जागरुकता बढ़ाने के लिए 341 कार्यक्रम चलाए गए हैं। थानों में नशे के आदी लोगों की काउंसलिंग भी की जा रही है। इस साल फरवरी महीने से डीजीपी अशोक जुनेजा के निर्देशन में आईजी रायपुर अमरेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के मार्गदर्शन में अवैध नशा के विरुद्ध अभियान निजात चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह के निर्देशानुसार राजपत्रित अधिकारियों के पर्यवेक्षण में रायपुर के सभी थाना प्रभारियों द्वारा उनके क्षेत्र में अवैध नशा के कार्य में संलिप्त लोगों के विरुद्ध ताबड़तोड़ तरीके से कार्यवाही व व्यापक जागरूकता कार्यक्रम किए गए है।

एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि, कुल अपराधों में बढ़ोतरी हुई है। जो एनडीपीएस और आबकारी में बढ़ी कार्रवाई की जा रही है। निजात अभियान के दौरान शराब-विरोधी आबकारी एक्ट और ड्रग एनडीपीएस के 3,157 प्रकरणों में 3,241 व्यक्तियों पर कार्यवाहियां की गई है। जिसमें से गैर-जमानतीय प्रकरणों में 378 आरोपी जेल गए हुए हैं। 6,176 लीटर शराब, गांजा 949 किलो, एमएएमडी 4.5 ग्राम, हीरोइन 20 ग्राम, अफीम 161 ग्राम, टैबलेट 10,336 और अन्य नशीली वस्तुएं जप्त हुई है। आबकारी में गिरफ्तार लोगों में बड़ी संख्या सार्वजनिक स्थलों पर शराब सेवन कर हुडदंग करने वाले लोग हैं। इन कार्यवाहियों से अपराधियों में दहशत हुई हैं।

पिछले चार महीने में तंबाकू-विरोधी कोटपा एक्ट के तहत 1,141 लोगों पर कार्रवाई हुई है। नशा में गाड़ी चलाने वाले 983 लोगों पर एमवी एक्ट के कार्यवाही करते हुए प्रत्येक प्रकरण को कोर्ट भेजा गया, जहां हर एक ऐसे चालक पर दस-दस हजार रुपए का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। 2023 में पूरे वर्ष में कोटपा में 30 व्यक्ति और 185 एमवी एक्ट में 610 प्रकरण हुए थे।

## बाल कलाकारों ने लघु नाटकों के जरिए दिया पर्यावरण बचाने का संदेश

**रायपुर, 4 जून।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा विधानसभा रोड स्थित शान्ति सरोवर रिट्रीट सेन्टर में रविवार को विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर परिचर्चा आयोजित की गई।

कार्यक्रम में वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (वन्य जीवन) प्रेम कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन सरंक्षक (विकास योजना) अरूण कुमार पाण्डे और प्रधान मुख्य वन सरंक्षक अनिल कुमार साहू ने भाग लिया। अध्यक्षता ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने किया। चर्चा का विषय था -पर्यावरण सरंक्षण और हमारा दायित्व। इस अवसर पर बोलते हुए अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (वन्य जीवन) प्रेम कुमार ने कहा कि वर्तमान समय प्रदूषण इतना विकराल रूप ले चुका है कि हरेक को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। पर्यावरण को सरंक्षित और सर्वधिंत करने के लिए



जहाँपर भी खाली जगह मिले वहाँ पेड़ लगाकर प्रकृति से जुड़ें। उन्होंने कहा कि अगर जीवन में खुशी चाहते हैं तो अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और उनका संवर्धन करें। जब तक हम आत्म केन्द्रित रहेंगे तब तक अपना और प्रकृति का विनाश करते रहेंगे। हम मनुष्यों ने मिलकर विनाश की लीला रची है। इसलिए हमें ही इसे ठीक करना होगा। वर्तमान समय पर्यावरण की रक्षा के लिए आन्दोलन शुरू करने की आवश्यकता है। इसके लिए हमें मिल जुलकर कार्य करना होगा।

अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षण (विकास योजना) अरूण कुमार पाण्डे ने कहा कि कार्बन के उत्सर्जन को कम करना हमारे हाथ में नहीं है किन्तु हम पेड़ लगाकर उसके दुष्प्रभाव को कम कर सकते हैं। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि आगामी बरसात के समय हरेक व्यक्ति कम से कम एक पीपल का पेड़ लगाए तो वह पर्यावरण संरक्षण के कार्य में बहुत बड़ा योगदान कर सकता है। पीपल ऐसा अनोखा पेड़ है जो कि रात में भी आक्सीजन प्रदान करता है।

प्रधान मुख्य वन संरक्षण अनिल कुमार साहू ने छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा प्रस्तुत वृक्ष हमारे जीवन का आधार नामक नृत्य नाटिका की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में प्रकृति के सरंक्षण के प्रति जज्बात पैदा करना बहुत ही अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक सन्तुलन बिगडने् से मानव का अस्तित्व खतरे में पड़ गया है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हमें रिन्युएबल एनर्जी का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करना होगा। रायपुर केन्द्र की संचालिका ब्रह्माकुमारी सविता दीदी ने कहा कि हमारा शरीर पृथ्वी, जल, वायु, अग्नि और आकाश इन पांच तत्वों से मिलकर बना है। हम प्रकृति को प्रदूषित करके अपने ही शरीर को खराब कर रहे हैं






कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26